
अधिकतम 34 डिग्री से.
न्यूनतम 24 डिग्री से.
सूर्योदय 5.19
सूर्यास्त 7.25
सोना 24 कैरेट: 1,44,060.00
चांदी (प्रति किलो): 2,60,000
सेंसेक्स : 75,555.54
अमेरिका : 95.03
कैनेडियन : 68.04
आस्ट्रेलिया : 67.03

# दैनिक अर्थ प्रकाश

खबरों की विश्वसनीयता, हमारी पहचान

चंडीगढ़, हरियाणा, पंजाब, दिल्ली, हिमाचल एवं उत्तर प्रदेश से प्रकाशितः उत्तराखंड, बिहार, राजस्थान, छत्तीसगढ़ में भी प्रसारित



वर्ष 01 | करनाल, शनिवार, 13 जून, 2026 | ज्येष्ठ कृष्ण पक्षः त्रयोदशी, विक्रमी संवत-2083 | www.arthparkash.com | YouTube/Arth Parkash TV | अंक : 225 | मूल्य 2.00 रुपये | पृष्ठः 8


## न्यूज ब्रीफ

### शूटर जसपाल राणा का निधन, कॉमनवेल्थ गेम्स में 9 गोल्ड जीते



**नई दिल्ली।** भारत के दिग्गज शूटर जसपाल राणा का शुक्रवार को निधन हो गया। 1 जून को जर्मनी से लौटते समय फ्लाइट में 49 साल के राणा की तबीयत बिगड़ी थी। दिल्ली पहुंचने पर उन्हें एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां उनके हार्ट में स्टेंट डाला गया था। नेशनल राइफल एसोसिएशन ऑफ इंडिया के प्रेसिडेंट कालीकेश नारायण सिंह देव ने उनके निधन की पुष्टि की। जसपाल राणा ने कॉमनवेल्थ गेम्स में 9 बार गोल्ड मेडल जीते थे। इनमें लगातार 4 एडिशन के गोल्ड शामिल रहे। राणा पेरिस ओलिंपिक में डबल ओलिंपिक मेडल जीतने वाली शूटर मनु भाकर के कोच भी थे। उन्हें फरवरी 2025 में 25 मीटर पिस्टल के लिए भारतीय जूनियर टीम का हाई परफॉर्मेंस कोच बनाया गया था। जसपाल राणा ने कॉमनवेल्थ और एशियन गेम्स को मिलाकर कुल 23 मेडल अपने नाम किए थे। इनमें एशियन गेम्स में 4 गोल्ड, 2 सिल्वर और 2 ब्रॉन्ज मिलाकर कुल 8 मेडल थे। कॉमनवेल्थ गेम्स में उन्होंने 9 गोल्ड, 4 सिल्वर और 2 ब्रॉन्ज को मिलाकर कुल 15 मेडल जीते थे। उन्हें 18 साल की उम्र में अर्जुन अवॉर्ड से सम्मानित किया गया था।

### दिल्ली के तुगलकाबाद में बिल्डिंग में लगरआग, 3 की मौत, 6 घायल

**नई दिल्ली।** तुगलकाबाद इलाके में एक बिल्डिंग में आग लगने से तीन लोगों की मौत हो गई। इनमें एक युवक और दो महिलाएं हैं। 6 लोगों को बचाया गया है, सभी अस्पताल में भर्ती हैं। शुरुआती जानकारी के मुताबिक, आग पार्किंग में खड़ी गाड़ियों में लगी थी। धीरे-धीरे आग पांच मंजिला बिल्डिंग में फैल गई। फायर ब्रिगेड की टीम ने छत का ताला काटकर लोगों को बचाया। फायर डिपार्टमेंट के अनुसार, गुरुवार देर रात 2-35 बजे से 2-37 बजे के बीच इमरजेंसी कॉल मिलीं। आग तारा अपार्टमेंट के पास गली नंबर 1 में स्थित एक इमारत में लगी थी। इमारत के अंदर कई लोगों के फंसे होने की खबर मिलने के बाद फायर फाइटर्स ने रेस्क्यू शुरू किया। 3.45 बजे तक आग पर काबू पा लिया गया।




# जनता के लिए कार्यालय और आवास चौबीसों घंटे खुला : मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी

**राजपुरा में सैनी समाज वेलफेयर कमेटी की ओर से आयोजित सैनी महासम्मेलन को किया सम्बोधित**

अर्थ प्रकाश नेटवर्क

**चंडीगढ, 12 जून।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि जनता के लिए मुख्यमंत्री का कार्यालय और आवास चौबीसों घंटे खुला रहता है। समाज कल्याण व अधिकारों की रक्षा के लिए, नीतिगत या व्यक्तिगत रूप से कार्य करने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी जाएगी।



मुख्यमंत्री शुक्रवार को पंजाब के राजपुरा में सैनी समाज वेलफेयर कमेटी द्वारा आयोजित सैनी महासम्मेलन को सम्बोधित कर रहे थे। कमेटी द्वारा मुख्यमंत्री का भव्य स्वागत एवं अभिनन्दन किया गया। मुख्यमंत्री ने कई सामाजिक कार्यकर्ताओं को शॉल भेंट कर सम्मानित किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राजपुरा की इस वीर, पावन और ऐतिहासिक धरा पर सैनी समाज के इस विशाल महासम्मेलन में आकर अत्यंत गौरव की अनुभूति हो रही है। उन्होंने सम्मेलन के सफल आयोजन के लिए वेलफेयर कमेटी के पदाधिकारियों बधाई देते हुए कहा कि यहां आने पर उनका गला भरोसे नाल भर गया है जिस जागरूक और संगठित समाज ने एकजुटता का परिचय दिया है।

मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि समाज एवं राष्ट्र को मजबूत बनाने के लिए सभी मिलकर कार्य करें तभी पंजाब को भी समृद्ध एवं खुशहाल बनाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि समाज के हकों की रक्षा के लिए जोरदार पैरवी की जाएगी। सैनी समाज को अब मूक दर्शक या समर्थक बनकर नहीं रहना है, बल्कि राजनीतिक क्षेत्र में अग्रणी और निर्णायक भूमिका निभानी होगी। पंचायत से लेकर विधानसभा और संसद तक समाज की सशक्त और गूंजती हुई भागीदारी होनी चाहिए।

### प्रधानमंत्री ने गरीब व्यक्ति को विकास की धारा में लाने का किया काम

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने जब से देश की बागडोर सम्भाली है, तब से नई नीतियां बनाई और लागू की हैं जिनसे गरीब व्यक्ति को विकास की धारा में लाने का काम किया है। उन्होंने कहा कि हरियाणा में गुरू तेग बहादुर जी का 350वां प्रकाश पर्व ब?ी धूमधाम से मनाया गया और उनके नाम पर सिरसा विश्वविद्यालय में चेयर स्थापित की गई, फरीदाबाद में चौक, धमतान साहिब में रास्ता, यमुनानगर में वन व द्वार, अम्बाला में पोलटेक्निक का नामकरण किया है।

# एक ग्राहक को 200 लीटर से ज्यादा डीजल नहीं, रिटेल पेट्रोल पंप से ईंधन नहीं खरीद पाएंगे कॉमर्शियल यूजर

## पाबंदी : रिटेल पंपों पर अचानक बढ़ी असामान्य बिक्री के कारण नए नियम लागू

अर्थ प्रकाश नेटवर्क

**नई दिल्ली।** पेट्रोल और डीजल की सप्लाई को लेकर केंद्र सरकार ने बड़ा फैसला लिया है। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने पेट्रोल पंपों से ईंधन की खरीद पर कुछ पाबंदियां लगा दी हैं। नए आदेश के तहत अब फैक्ट्रियां और बड़ी कंपनियां पेट्रोल पंप से तेल नहीं खरीद पाएंगी और एक ग्राहक को एक दिन में 200 लीटर से ज्यादा डीजल नहीं दिया जाएगा और तुरंत प्रभाव से लागू हो गया है।

सरकार ने यह कदम देश के कुछ हिस्सों में रिटेल पंपों पर अचानक बढ़ी असामान्य बिक्री को देखते हुए उठाया है। यह पाबंदी शुरुआती तौर पर 90 दिनों के लिए लागू की गई है। सरकार का कहना है कि इस फैसले से आम उपभोक्ताओं के लिए ईंधन की किल्लत नहीं होगी।

**पेट्रोल पंप को लेकर नियम**

पेट्रोल पंप के लिए भी साफ नियम तय किए गए हैं। पेट्रोल पंप अब डीजल सिर्फ गाड़ी की टंकी में या पेसो से अप्रूव्ड कंटेनर में ही देंगे। एक ग्राहक या एक गाड़ी को एक दिन में 200 लीटर से




ज्यादा डीजल नहीं मिलेगा। इस डीजल को आगे बेचने की भी इजाजत नहीं होगी। तेल कंपनियों और पंप डीलरों को इन नियमों का पालन कराने की जिम्मेदारी दी गई है। यह पाबंदी अस्थायी है। आदेश के तहत जारी कोई भी निर्देश शुरुआत में ज्यादा से ज्यादा 90 दिन के लिए लागू रहेगा। जरूरत पड़ने पर सरकार इसे आगे बढ़ा सकती है।

इस फैसले के पीछे दो बड़ी वजहें हैं। पहली वजह दुनिया के हालात हैं। कुछ इलाकों में चल रहे भू-राजनीतिक तनाव की वजह से पेट्रोलियम की अंतरराष्ट्रीय सप्लाई चेन, शिपिंग और उपलब्धता पर बुरा असर पड़ रहा है। ऐसे में सरकार का मानना है कि जो सप्लाई मौजूद है उसका समझदारी से इस्तेमाल और बचाव जरूरी है, दूसरी वजह देश के अंदर की है। सरकार ने पाया कि कुछ इलाकों में पेट्रोल पंपों से पेट्रोल-डीजल की बिक्री में असामान्य बढ़ोतरी हो रही है। दरअसल रिटेल और बल्कि कीमत में अंतर होने की वजह से फैक्ट्रियां और बड़े कमर्शियल ग्राहक सीधे पेट्रोल पंपों से ईंधन खरीदने लगे थे। इससे आम आदमी के लिए रखा गया स्टॉक दूसरी तरफ जाने लगा और कुछ जगहों पर किल्लत का खतरा पैदा हो गया। सरकार को आशंका थी कि इससे जमाखोरी और कालाबाजारी भी बढ़ सकती है।

### नियम तोड़ने पर सजा का प्रावधान

आदेश का उल्लंघन करने पर आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 और दूसरे लागू कानूनों के तहत सजा का प्रावधान है। निगरानी के लिए केंद्र या राज्य सरकार के राजपत्रित अधिकारियों, डीएसपी रैंक या उससे ऊपर के पुलिस अधिकारियों और तेल कंपनियों के सेल्स ऑफिसर रैंक के अधिकारियों को तलाशी और जब्ती के अधिकार दिए गए हैं।

### आम आदमी पर क्या असर पड़ेगा

अगर आप अपनी कार या बाइक में तेल भरवाते हैं तो आपके लिए कुछ नहीं बदला है। आम ग्राहकों पर कोई रोक नहीं है। 200 लीटर की रोजाना सीमा सामान्य गाड़ी वालों के लिए कोई मायने नहीं रखती क्योंकि आम गाड़ियों की टंकी इससे काफी छोटी होती है। यह आदेश असल में उन बड़े खरीदारों पर लगाम लगाने के लिए है जो सस्ते रेट का फायदा उठाकर पंप से भारी मात्रा में ईंधन उठा रहे थे। सरकार का मकसद यही है कि पंप पर आम आदमी को तेल मिलता रहे और कहीं किल्लत न हो।

# नारी शक्ति के सम्मान और सशक्तीकरण का नया अध्याय लिख रही मोदी सरकार : शाह

अर्थ प्रकाश नेटवर्क

**नई दिल्ली, 12 जून।** पीएम नरेंद्र मोदी का प्रधानमंत्री के तौर पर कार्यकाल 12 साल पूरा हो गया है। इस मौके पर गृह मंत्री अमित शाह ने पीएम मोदी के नेतृत्व की सराहना की। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार का विमेन-लेड डेवलपमेंट मॉडल नारी शक्ति के सम्मान, सुरक्षा और सशक्तीकरण का नया अध्याय लिख रहा है।

गृह मंत्री अमित शाह ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, मोदी सरकार का विमेन-लेड डेवलपमेंट मॉडल नारी शक्ति के सम्मान, सुरक्षा और सशक्तीकरण का नया अध्याय लिख रहा है। बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान से लेकर उज्ज्वला योजना के तहत 10 करोड़ से अधिक गैस कनेक्शन और 12 करोड़ से अधिक शौचालयों के निर्माण तक महिलाओं के सम्मान और सुविधा को सर्वोच प्राथमिकता दी गई है।।

उन्होंने कहा कि मुद्रा योजना के तहत 70 प्रतिशत महिलाओं को बिना गारंटी ॠण देकर स्वरोजगार से जोड़ा गया है। वहीं, लखपति दीदी, करोड़पति दीदी और स्वयं सहायता समूहों जैसी योजनाओं ने महिलाओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। अमित शाह ने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम ने राजनीति में महिलाओं की 33 प्रतिशत भागीदारी का मार्ग भी प्रशस्त किया है।

गृह मंत्री ने कहा कि इन प्रयासों का परिणाम है कि आज महिलाएं सेना, अंतरिक्ष, खेल, अनुसंधान और उद्योग समेत हर क्षेत्र में



नेतृत्वकारी भूमिका निभा रही हैं।

वहीं, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भी एक्स पर पोस्ट कर कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पिछले 12 वर्षों में भारत की नारी शक्ति राष्ट्रीय विकास की प्रमुख प्रेरक शक्ति बनकर उभरी है। उन्होंने कहा कि सम्मान, आर्थिक सशक्तीकरण और विभिन्न महत्वपूर्ण क्षेत्रों में नेतृत्व की भूमिका के माध्यम से महिलाएं आत्मविश्वास और दृढ़ संकल्प के साथ भारत के भविष्य को आकार दे रही हैं।

राजनाथ सिंह ने विशेष रूप से रक्षा क्षेत्र में महिलाओं के योगदान का उल्लेख करते हुए कहा कि महिलाएं परिचालन, रणनीतिक और नेतृत्वकारी भूमिकाओं में अमूल्य योगदान दे रही हैं, जिससे सशस्त्र बलों और देश की सुरक्षा को मजबूती मिल रही है।

उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार महिला-नेतृत्व वाले विकास और महिलाओं के लिए अधिक अवसर सृजित करने की अपनी प्रतिबद्धता पर कायम है। इस दौरान राजनाथ सिंह ने महिलाओं के लिए सरकार की योजनाओं और उनके परिणामों को भी साझा किया। इसमें बताया गया कि सेना में 2014 में महज 3,000 महिलाएं थीं, जिनकी संख्या 2025 में 11,000 तक पहुंच गई है।

# कांग्रेस नेता मीनाक्षी नटराजन को सुप्रीम कोर्ट से लगा झटका, याचिका खारिज

अर्थ प्रकाश नेटवर्क

**नई दिल्ली, 12 जून।** मध्य प्रदेश से कांग्रेस की राज्यसभा उम्मीदवार मीनाक्षी नटराजन का नामांकन पत्र रद्द किए जाने के मामले पर सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस प्रशांत कुमार मिश्रा और जस्टिस अतुल एस चंदूरकर की बेंच में सुनवाई हुई। सुप्रीम कोर्ट से मीनाक्षी नटराजन को राहत नहीं मिली। सर्वोच्च न्यायालय ने उनकी याचिका खारिज कर दी है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि याचिकाकर्ता इलेक्शन पिटीशन हाईकोर्ट मे दाखिल कर सकते हैं।

मीनाक्षी नटराजन की तरफ से वकील अभिषेक मनु सिंघवी पेश



हुए। उन्होंने दलील देते हुए कहा कि एक प्राईवेट शिकायत पर नोटिस हुआ है। जस्टिस प्रशांत मिश्रा ने कहा कि मजिस्ट्रेट कोर्ट ने प्रथमदृष्टया शिकायत में कुछ वजन देखने के बाद ही समन किया होगा। अभिषेक मनु सिंघवी ने कहा कि ये एक निजी शिकायत है। जिसमें संज्ञान नहीं लिया गया है। आरपी एक्ट का कानून कहता है कि कम से कम आरोप तय होने चाहिए।

# यमुना बाजार को फिर से बेहतर व जलभराव वाले इलाकों में डीसिल्टिंग एक्शन प्लान 2026 पर मंथन

**उपराज्यपाल ने दिल्ली के पर्यावरण और बुनियादी ढांचे से जुड़ी परियोजनाओं की समीक्षा की**

अर्थ प्रकाश नेटवर्क

**नई दिल्ली, 12 जून।** दिल्ली के पर्यावरण और बुनियादी ढांचे से जुड़े प्रमुख प्रोजेक्ट्स की प्रगति की समीक्षा के लिए डीडीए की एक अहम बैठक आयोजित की गई। बैठक में उपराज्यपाल तरनजीत सिंह संधू ने यमुना रिवरफ्रंट डेवलपमेंट, जल निकायों के पुनरुद्धार, मानसून से पहले जलभराव रोकने की तैयारियों और राजधानी में चल रहे बड़े सामाजिक-आर्थिक इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स की स्थिति पर विस्तार से चर्चा की।



उपराज्यपाल तरनजीत सिंह ने एक्स पोस्ट के माध्यम से बताया कि दिल्लीभर में पर्यावरण और बुनियादी ढांचे से जुड़ी अहम परियोजनाओं पर एक्शन टेकन रिपोर्ट की समीक्षा के लिए यमुना स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) अधिकारियों संग की बैठक की अध्यक्षता की। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के एक सस्टेनेबल और वर्ल्ड-क्लास राजधानी के विजन के अनुरूप यमुना रिवरफ्रंट डेवलपमेंट और यमुना बाजार व उससे सटे घाटों को फिर से बेहतर बनाने की व्यापक योजना पर विस्तार से चर्चा की गई।

समीक्षा बैठक में फेज-1 के तहत 101 जल निकायों के तय समय में जीर्णोद्धार का भी जायजा लिया गया, जिसमें द्वारका और रोहिणी के प्रमुख प्रोजेक्ट्स शामिल हैं। इसके अलावा, दिल्ली भर में हॉस्पिटैलिटी, हेल्थकेयर, लक्जरी रिटेल और लॉजिस्टिक्स हब जैसे बड़े सामाजिक-आर्थिक इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स की प्रगति की भी बारीकी से समीक्षा की गई।

मानसून से पहले पूरी तैयारी सुनिश्चित करने के लिए अहम जोन और जलभराव वाले इलाकों में डीसिल्टिंग एक्शन प्लान 2026% की स्थिति की सघन निगरानी की गई। साथ ही 15 जून की समय-सीमा से पहले सेंट्रल फ्लड कंट्रोल रूम की तैयारियों का भी जायजा लिया गया। इससे पहले उपराज्यपाल ने यमुना स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में ऑन-साइट रेनवाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम का निरीक्षण किया था। इसके बाद उपराज्यपाल ने कहा कि यह सिस्टम दिल्ली के सिविक इंफ्रास्ट्रक्चर में सस्टेनेबल ग्राउंडवाटर रिचार्ज के लिए एक ऐसे मॉडल के तौर पर सामने आया है, जिसे दूसरी जगहों पर भी अपनाया जा सकता है। पर्यावरण की दृष्टि से मजबूत राजधानी बनाने और विकसित दिल्ली के हमारे साझा विजन की ओर बढ़ने के लिए पानी बचाने के ऐसे तरीकों को बेहतर बनाना और उनका दायरा बढ़ाना बहुत जरूरी है।

**दावे** ईरान के परमाणु हथियार न रखने और न बनाने की बातों पर अटकलें


# ट्रंप बोले-युद्ध खत्म, ईरान ने कहा-कोई डील नहीं हुई

अर्थ प्रकाश नेटवर्क

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने शुक्रवार को दावा किया कि अमेरिका ने ईरान के साथ युद्ध खत्म कर दिया है। एक वर्चुअल रैली में ट्रम्प ने अपने समर्थकों से यह बात कही। उन्होंने यह भी दावा किया कि ईरान कभी परमाणु हथियार नहीं बनाएगा। ईरान ने ट्रम्प के इस दावे को खारिज कर दिया है।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बघई ने कहा कि शांति समझौते पर अभी कोई आखिरी फैसला नहीं लिया गया है।

इससे पहले ट्रम्प ने व्हाइट हाउस में पत्रकारों से कहा था कि सुप्रीम लीडर मुजतबा खामेनेई ने नई डील को मंजूरी कर लिया है। उन्होंने यह



भी कहा कि ईरान के साथ शांति समझौते पर इसी सप्ताह यूरोप में साइन हो सकता है। अगर सब कुछ ठीक रहा तो उपराष्ट्रपति जेडी वेंस भी इसमें शामिल होंगे।

वहीं ईरान और अमेरिका के बीच प्रस्तावित समझौते के बावजूद दोनों देशों के बीच तीन बड़े विवादित मुद्दे अभी सुलझने बाकी हैं। ईरान की सरकारी समाचार एजेंसी ढ्ढक्रहृ के मुताबिक इन विषयों पर अगले 60 दिनों के दौरान अलग से बातचीत होगी।

IRNA की रिपोर्ट के अनुसार लंबित मुद्दों में ईरान के शांतिपूर्ण परमाणु कार्यक्रम को जारी रखना, अमेरिकी प्रतिबंधों को हटाना और युद्ध व संघर्ष से हुए नुकसान की भरपाई के लिए मुआवजा तंत्र तैयार करना शामिल है।

### शेयर बाजार में जोरदार तेजी

ईरान-अमेरिका के बीच संभावित शांति समझौते की खबरों से शुक्रवार को शेयर बाजार में तेजी रही। सेंसेक्स 1,695 अंक उछलकर 75,527 पर बंद हुआ, जबकि निफ्टी 461 अंक चढ़कर 23,622 के स्तर पर पहुंच गया। कारोबार के दौरान रियल्टी, प्राइवेट बैंक, सरकारी बैंक और फाइनेंशियल सर्विसेज सेक्टर के शेयरों में सबसे ज्यादा खरीदारी देखने को मिली। सुबह भी बाजार मजबूत शुरुआत के साथ खुला था। बाजार में तेजी की वजह अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प का बयान रहा। ट्रम्प ने दावा किया कि ईरान के सर्वोच्च नेता मुजतबा खामेनेई ने एक नए समझौते को मंजूरी दे दी है। उनके मुताबिक, इस समझौते के तहत ईरान परमाणु हथियार नहीं रखेगा और होर्मुज जलडमरूमध्य को भी खोल दिया जाएगा।




मंत्री हरजोत बैंस ने ट्राइसिटी से सटे कस्बों में शहरी बुनियादी ढांचे संबंधी विभिन्न परियोजनाओं की घोषणा की; विकास कार्यों की साप्ताहिक समीक्षा के निर्देश

# ट्राइसिटी से सटे कस्बों में 250 किलोमीटर से अधिक सड़कों का निर्माण जारी, 50 नए ट्यूबवेल लगाए जाएंगे: हरजोत सिंह बैंस

कहा-भगवंत मान सरकार द्वारा खरड़, जीरकपुर, डेराबस्सी, नयागांव, बनूड़, कुराली और घड़ूआं में बड़े शहरी बुनियादी ढांचा परियोजनाओं की शुरुआत



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 12 जून।** ट्राइसिटी से सटे कस्बों में शहरी बुनियादी ढांचे को उन्नत करने और जनहित सुविधाओं को बेहतर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए पंजाब के स्थानीय निकाय मंत्री स हरजोत सिंह बैंस ने आज नगर परिषद खरड़, डेराबस्सी, जीरकपुर, नयागांव, बनूड़, कुराली और घड़ूआं के लिए विभिन्न समयबद्ध परियोजनाओं की घोषणा की। यहां म्यूनिसिपल भवन में आज कार्यकारी अधिकारियों (ई.ओज़) के साथ चल रहे विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए स हरजोत सिंह बैंस ने अधिकारियों को समय-सीमाओं का सख्ती से पालन करने तथा सभी परियोजनाओं की साप्ताहिक समीक्षा करने के निर्देश दिए। समीक्षा बैठक के बाद स्थानीय निकाय मंत्री स हरजोत सिंह बैंस ने कहा कि सात कस्बों में इस समय 250 किलोमीटर से अधिक सड़कों का निर्माण कार्य चल रहा है और बुनियादी ढांचे के नवीनीकरण संबंधी अभियान के तहत कई प्रमुख सड़क कॉरिडोरों का सौंदर्यीकरण भी किया जाएगा। उन्होंने कहा, ÷खरड़, डेराबस्सी, जीरकपुर, नयागांव, बनूड़, कुराली और घड़ूआं में 250 किलोमीटर से अधिक सड़कों का निर्माण चल रहा है। सड़क बुनियादी ढांचे को मजबूत बनाने के साथ-साथ शहरों की सुंदरता बढ़ाने और निवासियों को बेहतर संपर्क सुविधा प्रदान करने के लिए प्रमुख सड़क कॉरिडोरों का सौंदर्यीकरण भी किया जाएगा।÷

स्थानीय निकाय मंत्री ने कहा कि सीवरेज की सफाई का कार्य बड़े स्तर पर किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पेयजल की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए इन शहरी स्थानीय निकायों में 50 नए ट्यूबवेल लगाए जाएंगे। इन ट्यूबवेलों में से खरड़ में 15, जीरकपुर और नयागांव में 10-10, डेराबस्सी में 5, लालड़ू में 4, बनूड़ में 3 तथा कुराली में 1 ट्यूबवेल लगाया जाएगा। उन्होंने कहा कि इसके अलावा सफाई सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए सीवरेज की सफाई का कार्य भी युद्ध स्तर पर चल रहा है। स हरजोत सिंह बैंस ने शहरी स्थानीय निकायों को लोगों की सुविधा और शहरी यातायात के लिए प्राथमिकता के आधार पर चिन्हित किए गए कई महत्वपूर्ण सड़क परियोजनाओं का कार्य अगले 15 दिनों के भीतर शुरू करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा, बनूड़ में अस्पताल से तेपला रोड; कुराली में रेलवे रोड, मुख्य बाजार रोड और बडाली रोड; जीरकपुर में सिंहपुरा की ओर अंबाला-चंडीगढ़ रोड और हाई ग्राउंड रोड; खरड़ में अस्पताल रोड और गोपाल स्वीट्स के निकट मुख्य एयरपोर्ट रोड; डेराबस्सी में हैबतपुर रोड; नयागांव में करोरां रोड और नाडा रोड तथा लालड़ू में बनूड़ से जलालपुर रोड और आई.टी.आई. से कौलिमाजरा रोड का कार्य अगले 15 दिनों के भीतर हर हाल में शुरू हो जाना चाहिए।

### परियोजनाओं में देरी नहीं होगी बर्दाश्त

जवाबदेही सुनिश्चित करने और कार्य को समय पर पूरा करने पर जोर देते हुए स्थानीय निकाय मंत्री ने अधिकारियों को चेतावनी दी कि परियोजनाओं में देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी और नियमित रूप से उच्च स्तरीय निगरानी की जाएगी। उन्होंने कहा, हम सड़क के हर किलोमीटर, हर ट्यूबवेल और हर समय-सीमा की निगरानी कर रहे हैं। पंजाब के लोग इस प्रगति के हकदार हैं। सभी चल रही परियोजनाओं की साप्ताहिक समीक्षा की जाएगी और अनावश्यक देरी के लिए जिम्मेदार अधिकारियों के विरुद्ध सख्त अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।

हरजोत सिंह बैंस की नगर निगम अधिकारियों को हिदायत

# लुधियाना शहर को 30 जून तक सड़कों के गड्ढों और मैनहोल से मुक्त बनाया जाए

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**लुधियाना, 12 जून।** पंजाब के स्थानीय निकाय मंत्री स. हरजोत सिंह बैंस ने लुधियाना शहर को 'मैनहोल और गड्ढा मुक्त' बनाने के लिए 30 जून की समय सीमा निर्धारित करते हुए सभी नगर निगम अधिकारियों को मुख्यमंत्री स. भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार द्वारा शुरू किए गए 'मिशन क्लीन पंजाब' के तहत प्रतिदिन सुबह 7 बजे से सुबह 8 बजे तक जमीनी स्तर पर रिपोर्ट करने के निर्देश दिए हैं। लुधियाना नगर निगम क्षेत्रों के सुबह-सुबह अचानक निरीक्षण के दौरान, स. हरजोत सिंह बैंस ने शहर से गुजरने वाली राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण की सड़कों पर जमा बारिश के पानी और कूड़े का गंभीर संज्ञान लिया।

तीन घंटे तक शहर का दौरा करने के बाद श्री बैंस ने कहा कि 'यदि राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण सड़कों की सफाई नहीं करता है, तो नगर निगम यह सफाई करेगा और उन्हें बिल भेजेगा। सफाई न करने और भुगतान न करने की स्थिति में जुर्माना भी लगाया जाएगा।'

नगर निगम अधिकारियों के साथ मानसून की तैयारियों की समीक्षा करते हुए स. हरजोत सिंह बैंस ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि इस महीने के अंत तक सभी सीवरेज लाइनों को साफ कर दिया जाए। नगर निगम के अधिकारियों ने स्थानीय निकाय मंत्री को अवगत करवाया कि 220 किलोमीटर सीवरेज लाइनों की सफाई की जा रही है, जिसमें से 49 किलोमीटर को प्राथमिकता से साफ किया जा रहा है। इसमें से 47 प्रतिशत सीवरेज लाइनों से कीचड़ पहले ही निकाला जा चुका है और बाकी काम 30 जून तक पूरा हो जाएगा।

लुधियाना में नागरिक बुनियादी ढांचे को बेहतर बनाने के लिए इस समय 172 करोड़ रुपये की सड़क परियोजनाएं चल रही हैं। स्थानीय निकाय मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि यह सुनिश्चित किया जाए कि लुधियाना में सभी गुम और खराब मैनहोल कवर बदल दिए जाएं और शहर भर में सड़कों की मरम्मत के कार्य 30 जून तक पूरे कर लिए जाएं। मानसून के दौरान नागरिक प्रतिक्रिया को मजबूत करने के लिए, उन्होंने नगर निगम को जलभराव, सीवरेज अवरोधों और बारिश से संबंधित शिकायतों की वास्तविक समय में निगरानी के लिए 24×7 'वार रूम' स्थापित करने के भी आदेश दिए। श्री बैंस ने नगर निगम को अपनी स्वयं की झाड़ियाँ काटने वाली मशीनें खरीदने, ट्रैफिक जंक्शनों को सुंदर बनाने, सड़कों के कोनों को पेंट करने, नए डस्टबिन लगाने, कचरा कॉम्पैक्टर्स के लिए नए स्थानों की पहचान करने और बंद ट्यूबवेल तथा स्ट्रीट लाइटों को पुनः कार्यशील बनाने के निर्देश दिए।

# 'ईज़ी जमाबंदी' पोर्टल भूमि संबंधी सेवाओं को सुचारू बनाता है और राजस्व कार्यालयों में भ्रष्टाचार को समाप्त करता है: संधवां

स्पीकर ने प्रदेशवासियों से बिना रिश्वत दिए भूमि रिकॉर्ड प्राप्त करने के लिए ऑनलाइन पोर्टल का उपयोग करने की अपील की



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 12 जून।** पंजाब विधानसभा के स्पीकर कुलतार सिंह संधवां ने कहा कि पंजाब सरकार ने नागरिकों को पारदर्शी और सुगम सेवाएं प्रदान करने के उद्देश्य से ऐतिहासिक 'ईज़ी रजिस्ट्री' और 'ईज़ी जमाबंदी पोर्टल' शुरू किए हैं। इन पहलों का मुख्य उद्देश्य तहसीलों में बिचौलियों की भूमिका समाप्त करना और लोगों तक सरकारी सेवाओं की सीधी पहुंच सुनिश्चित करना है। संधवां ने शिक्षित युवाओं, सरकारी कर्मचारियों, पंचायत प्रतिनिधियों, सरपंचों तथा अन्य जनप्रतिनिधियों से इन डिजिटल सेवाओं के प्रति जागरूकता फैलाने और लोगों को इनके उपयोग के लिए प्रेरित करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि इससे भ्रष्टाचार और लालफीताशाही पर प्रभावी रोक लगेगी। उन्होंने बताया कि पहले पंजाब के लगभग 40 लाख नागरिकों को अपनी फर्द (भूमि रिकॉर्ड की प्रति) प्राप्त करने के लिए पटवारखानों के चक्कर लगाने पड़ते थे या सेवा केंद्रों में लंबी कतारों में खड़ा होना पड़ता था। इस प्रक्रिया में लोगों को अक्सर अनावश्यक देरी और रिश्वतखोरी जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ता था। स्पीकर ने कहा कि ईज़ी जमाबंदी पोर्टल शुरू होने के बाद अब पटवारी कार्यालय जाने, कतारों में खड़े होने या किसी प्रकार की रिश्वत देने की आवश्यकता नहीं है। भूमि मालिक घर बैठे अपनी कानूनी रूप से मान्य और प्रमाणित जमाबंदी की प्रति डाउनलोड कर सकते हैं।

उन्होंने बताया कि सरकार ने पांच महत्वपूर्ण ऑनलाइन सेवाओं को भी नागरिकों के लिए उपलब्ध कराया है। इनमें व्हाट्सऐप के माध्यम से प्रमाणित जमाबंदी की प्राप्ति, ऑनलाइन इंतकाल, रपट प्रविष्टियां, फर्द बदर के जरिए रिकॉर्ड सुधार और लैंड अलर्ट सब्सक्रिप्शन सेवा शामिल हैं। यह विशेष सुविधा भूमि मालिकों और एनआरआई नागरिकों को उनकी संपत्ति में किसी भी बदलाव या छेड़छाड़ की स्थिति में व्हाट्सऐप या ईमेल के माध्यम से तत्काल सूचना प्रदान करती है। नागरिक इन सेवाओं का लाभ ऑनलाइन पोर्टल तथा राज्य हेल्पलाइन नंबर 1076 के माध्यम से प्राप्त कर सकते हैं।

# बिना किसी प्रीमियम भुगतान के स्वास्थ्य सुरक्षा प्रदान कर रही 'मुख्यमंत्री सेहत योजना'

## पांच महीनों में 2.26 लाख मरीजों का 632.50 करोड़ रुपये की लागत से इलाज

प्री-एक्जिस्टिंग बीमारियों पर पहले दिन से कवरेज, 850 अस्पतालों में 2,300 से अधिक उपचार पैकेज उपलब्ध



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 12 जून।** स्वास्थ्य सेवाओं की बढ़ती लागत के बीच पंजाब सरकार की 'मुख्यमंत्री सेहत योजना' आम लोगों के लिए एक प्रभावी और किफायती स्वास्थ्य सुरक्षा कवच के रूप में उभर रही है। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ. बलबीर सिंह ने बताया कि योजना लागू होने के मात्र पांच महीनों में '2,26,822 से अधिक मरीजों का 3,65,340 उपचार प्रक्रियाओं के माध्यम से 632.50 करोड़ रुपये की लागत से इलाज किया गया है।'

डॉ. बलबीर सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री सेहत योजना और निजी स्वास्थ्य बीमा के बीच सबसे बड़ा अंतर यह है कि योजना के लाभार्थियों को किसी प्रकार का प्रीमियम नहीं देना पड़ता। जहां निजी बीमा पॉलिसियों के लिए हर वर्ष हजारों रुपये का भुगतान करना पड़ता है और उम्र बढ़ने के साथ प्रीमियम भी बढ़ता है, वहीं मुख्यमंत्री सेहत योजना के तहत पात्र नागरिकों को स्वास्थ्य कवरेज पूरी तरह निःशुल्क उपलब्ध कराया जाता है।

उन्होंने बताया कि योजना के अंतर्गत कैंसर, हृदय रोग, डायलिसिस, इंटेंसिव केयर सेवाओं सहित 2,300 से अधिक उपचार पैकेज शामिल हैं। निजी बीमा में कवरेज पॉलिसी और प्रीमियम पर निर्भर करता है, जबकि मुख्यमंत्री सेहत योजना सभी पात्र लाभार्थियों को समान सुविधाएं प्रदान करती है।

स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि योजना की सबसे बड़ी विशेषताओं में से एक यह है कि प्री-एक्जिस्टिंग बीमारियों के लिए कोई प्रतीक्षा अवधि नहीं है। निजी बीमा कंपनियां आमतौर पर डायबिटीज, हाइपरटेंशन और हृदय रोग जैसी बीमारियों के लिए दो से चार वर्ष तक की प्रतीक्षा अवधि लागू करती हैं। इसके विपरीत, मुख्यमंत्री सेहत योजना के तहत पात्र लाभार्थी पहले दिन से ही उपचार का लाभ उठा सकते हैं।

डॉ. बलबीर सिंह ने कहा कि यह योजना वरिष्ठ नागरिकों के लिए भी बेहद लाभदायक साबित हुई है। निजी बीमा योजनाओं में जहां अधिक उम्र के लोगों को ऊंचे प्रीमियम और कई प्रकार की सीमाओं का सामना करना पड़ता है, वहीं मुख्यमंत्री सेहत योजना में उन्हें बिना किसी अतिरिक्त वित्तीय बोझ के समान स्वास्थ्य सुविधाएं मिलती हैं। योजना के तहत पंजाब भर में 850 सूचीबद्ध अस्पतालों का नेटवर्क उपलब्ध है, जिसमें सरकारी और निजी दोनों स्वास्थ्य संस्थान शामिल हैं। यह व्यवस्था लाभार्थियों को राज्यभर में गुणवत्तापूर्ण उपचार सेवाओं तक आसान पहुंच प्रदान करती है।

उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री सेहत योजना मुख्य रूप से कैशलेस और पेपरलेस उपचार प्रक्रिया पर आधारित है। इससे मरीजों को न्यूनतम दस्तावेजों के साथ उपचार प्राप्त करने में सुविधा होती है और प्रशासनिक देरी भी कम होती है।

स्वास्थ्य मंत्री के अनुसार, अब तक योजना के अंतर्गत 46.21 लाख से अधिक स्वास्थ्य कार्ड पंजीकृत किए जा चुके हैं, जिससे लगभग 22 लाख परिवारों को स्वास्थ्य सुरक्षा का लाभ मिला है। उन्होंने कहा कि योजना को मिल रहा व्यापक जनसमर्थन राज्य सरकार की उस प्रतिबद्धता को दर्शाता है, जिसके तहत हर पात्र नागरिक को आर्थिक बोझ के बिना गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं।

उन्होंने दोहराया कि पंजाब सरकार भविष्य में भी मुख्यमंत्री सेहत योजना का दायरा बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है, ताकि किसी भी परिवार को स्वास्थ्य और आर्थिक सुरक्षा के बीच चयन करने की मजबूरी न हो।

# अतिरिक्त उपायुक्त सुरिंदर सिंह ने पदभार संभाला

यदि किसी व्यक्ति को अपना काम करवाने में कोई कठिनाई आती है तो वह सीधे संपर्क करे: अतिरिक्त उपायुक्त



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**अमृतसर, 12 जून।** सुरिंदर सिंह ने अमृतसर में अतिरिक्त उपायुक्त (ग्रामीण विकास) का पदभार संभाल लिया है। इससे पहले वह तरनतारन में अतिरिक्त उपायुक्त (ग्रामीण विकास) के रूप में अपनी सेवाएं दे रहे थे। उल्लेखनीय है कि सुरिंदर सिंह अमृतसर में अतिरिक्त उपायुक्त (जनरल) के रूप में भी अपनी सेवाएं दे चुके हैं।

सुरिंदर सिंह ने कहा कि सभी लोगों के कार्यों का निपटारा बिना किसी देरी के निष्पक्षता के साथ किया जाएगा और किसी को भी किसी प्रकार की परेशानी नहीं होने दी जाएगी। उन्होंने कहा कि यदि किसी व्यक्ति को अपना कार्य करवाने में कोई कठिनाई या समस्या आती है, तो वह बिना किसी झिझक के उनसे सीधे संपर्क कर सकता है।

अतिरिक्त उपायुक्त ने यह भी कहा कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रत्येक जरूरतमंद एवं पात्र व्यक्ति तक समय पर और बिना किसी भेदभाव के पहुंचाया जाएगा। उन्होंने बताया कि सभी कार्य पूरी पारदर्शिता के साथ किए जाएंगे। उन्होंने लोगों से प्रशासन को सहयोग देने की अपील की।

# एसटीसी ने दिया वीवीआईपी के साथ तैनात ड्राइवरों को वैज्ञानिक ड्राइविंग प्रशिक्षण

आधुनिक सुरक्षा और जोखिम प्रबंधन के तहत लगभग 200 ड्राइवरों को दिया गया प्रशिक्षण



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 12 जून।** स्टेट ट्रांसपोर्ट कमिश्नर (एस.टी.सी.), पंजाब के कार्यालय द्वारा मुख्यमंत्री, कैबिनेट मंत्रियों और अन्य वी.आई.पी. के साथ तैनात परिवहन विभाग के लगभग 200 ड्राइवरों के लिए एक विशेष प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया।

सेक्टर-17 स्थित मुख्यालय में आयोजित इस पहल का उद्देश्य पारंपरिक ड्राइविंग आदतों को वैज्ञानिक आधार वाली, रक्षात्मक सड़क सुरक्षा कौशलों में परिवर्तित करना था। 'कौशल-आधारित ड्राइविंग से वैज्ञानिक ज्ञान तक और आत्मविश्वास से सतर्कता एवं दक्षता तक' विषय के अंतर्गत आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य ड्राइवरों को अत्यधिक दबाव और आपातकालीन परिस्थितियों के लिए तैयार करना था। इस प्रशिक्षण के दौरान डिफेंसिव ड्राइविंग पर विशेष जोर दिया गया ताकि ड्राइवरों की सोच को पहले से ही जोखिम प्रबंधन, सड़क पर मौजूद खतरों की त्वरित पहचान तथा तत्काल आपातकालीन प्रतिक्रिया प्रोटोकॉल की ओर विकसित किया जा सके। इसके अलावा, मानवीय त्रुटियों के कारण होने वाली दुर्घटनाओं को बड़े स्तर पर कम करने के लिए ड्राइवरों के मनोविज्ञान और व्यवहारगत बदलावों पर विशेष सत्र आयोजित किए गए।

इस कार्यक्रम के महत्व पर प्रकाश डालते हुए राज्य परिवहन आयुक्त परनीत शेरगिल ने कहा, ÷यह प्रशिक्षण हमारे ड्राइवरों को न केवल तकनीकी रूप से सशक्त बनाने, बल्कि मानसिक रूप से सजग और अचानक उत्पन्न होने वाली परिस्थितियों का सामना करने में सक्षम बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

यह कार्यक्रम परिवहन विभाग के सचिव वरुण रूजम के नेतृत्व में आयोजित किया गया, जिसका प्रबंधन आर टी ए सचिव रणप्रीत सिंह द्वारा किया गया। कार्यक्रम में जीरो एक्सीडेंट के राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता विशेषज्ञ हरप्रीत सिंह द्वारा प्रशिक्षण सत्र लिए गए।

# गैंगस्टरों के खिलाफ अभियान का 143वां दिन: पंजाब पुलिस द्वारा 571 स्थानों पर छापेमारी, 358 गिरफ्तार

पुलिस टीमों ने 119 व्यक्तियों के खिलाफ एहतियाती कार्रवाई की, 7 को पूछताछ के बाद रिहा किया गया

लोग एंटी-गैंगस्टर हेल्पलाइन नंबर 93946-93946 के माध्यम से गैंगस्टरों के बारे में गोपनीय रूप से रिपोर्ट कर सकते हैं

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 12 जून।** राज्य में चल रहे निर्णायक अभियान 'गैंगस्टरों ते वार' के 143वें दिन पंजाब पुलिस ने आज पूरे राज्य में गैंगस्टरों के सहयोगियों के चिन्हित और मैप किए गए 571 ठिकानों पर छापेमारी की।

उल्लेखनीय है कि 'गैंगस्टरों ते वार' पंजाब को गैंगस्टर-मुक्त राज्य बनाने के लिए छेड़ा गया एक निर्णायक अभियान है, जिसकी शुरुआत 20 जनवरी, 2026 को पंजाब पुलिस के महानिदेशक (डीजीपी) गौरव यादव द्वारा की गई थी। एंटी-गैंगस्टर टास्क फोर्स (एजीटीएफ) पंजाब के समन्वय से सभी जिलों की पुलिस टीमें पूरे राज्य में विशेष अभियान चला रही हैं।

143वें दिन पुलिस टीमों ने छह हथियारों सहित 358 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया, जिससे इस अभियान की शुरुआत के बाद कुल गिरफ्तारियों की संख्या 36,381 हो गई है। इसके अलावा 119 व्यक्तियों के खिलाफ एहतियाती कार्रवाई की गई, जबकि 7 व्यक्तियों को पूछताछ के बाद छोड़ दिया गया। कार्रवाई के दौरान पुलिस टीमों ने 3 भगोड़े अपराधियों (पीओ) को भी गिरफ्तार किया।

लोग एंटी-गैंगस्टर हेल्पलाइन नंबर 93946-93946 के माध्यम से वांछित अपराधियों और गैंगस्टरों के बारे में गोपनीय रूप से जानकारी दे सकते हैं तथा अपराध और आपराधिक गतिविधियों संबंधी सूचनाएं भी साझा कर सकते हैं।

इस दौरान पुलिस टीमों ने नशों के खिलाफ अपनी मुहिम 'युद्ध नशों विरुद्ध' को 468वें दिन भी जारी रखते हुए आज 90 नशा तस्करों को गिरफ्तार किया तथा उनके कब्जे से 208 ग्राम हेरोइन, 150 किलोग्राम भुक्की, 1119 नशीली गोलियां और 2.62 लाख रुपये की ड्रग मनी बरामद की।

इसके साथ ही केवल 468 दिनों में गिरफ्तार किए गए कुल नशा तस्करों की संख्या 67,933 हो गई है। नशा मुक्ति अभियान के तहत पंजाब पुलिस ने आज सात व्यक्तियों को नशा छुड़ाने और पुनर्वास उपचार के लिए भी प्रेरित किया।

# रेस्टोरेंट की पार्किंग में धक्का लगने से आईटी इंजीनियर गंभीर घायल, अज्ञात कार सवारों पर मामला दर्ज

अर्थ प्रकाश/संदीप सिंह बावा




**जीरकपुर, 12 जून।** जीरकपुर के पटियाला रोड स्थित एक रेस्टोरेंट की पार्किंग में हुए विवाद के दौरान एक आईटी इंजीनियर को कथित तौर पर धक्का देने से वह गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने पीड़ित की पत्नी की शिकायत पर अज्ञात कार सवार दो व्यक्तियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस को दी शिकायत में ट्रिब्यून परिवार सोसायटी निवासी मनु कुमारी ने बताया कि उनके पति कुमार सनंद, जो घर से ही आईटी इंजीनियर के रूप में कार्य करते हैं, 5 जून को अपने दोस्तों के साथ एक क्लाइंट मीटिंग के सिलसिले में घर से निकले थे। देर रात घर न लौटने पर उन्होंने पति के दोस्तों से संपर्क किया। अगले दिन सुबह कुमार सनंद घर पहुंचे, लेकिन उनकी हालत सामान्य नहीं थी और वह किसी से बात नहीं कर रहे थे।

शिकायत के अनुसार बाद में दोस्तों ने बताया कि 5 जून की शाम पटियाला रोड स्थित रेस्टोरेंट में भोजन के दौरान कुमार सनंद बाहर पार्किंग क्षेत्र में गए थे। वहां खड़ी एक काले रंग की क्रेटा कार में बैठे व्यक्तियों में से एक ने कथित तौर पर उन्हें धक्का दे दिया। धक्का लगने से वह पीछे की ओर गिर गए और उनके सिर में गंभीर चोट लगी, जिससे वह बेहोश हो गए।

बताया गया कि घटना के बाद कार सवार मौके से फरार हो गए। कुछ समय बाद होश आने पर उन्हें मित्र अपने साथ ले गए। तबीयत बिगड़ने पर पहले उन्हें जीरकपुर के एक निजी अस्पताल, फिर जीएमसीएच-32 चंडीगढ़ और बाद में फोर्टिस अस्पताल मोहाली में भर्ती करवाया गया, जहां उनकी हालत अभी भी गंभीर बताई जा रही है।

पुलिस ने शिकायत के आधार पर कार नंबर पीबी-70के-1707 में सवार दो अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है। थाना जीरकपुर पुलिस मामले की जांच कर रही है तथा आरोपियों की पहचान के लिए आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं।

# बलटाना में भी पुलिस का नाका, नियम तोड़ने वालों पर कार्रवाई

ट्रिपल राइडिंग और तेज आवाज वाले हॉर्न लगाने वाले बाइक चालकों के काटे चालान; पुलिस ने दी सख्त चेतावनी



अर्थ प्रकाश/संदीप सिंह बावा

**जीरकपुर, 12 जून।** वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के दिशा-निर्देशों के अनुसार जीरकपुर पुलिस की ओर से सुरक्षा और यातायात नियमों की पालना सुनिश्चित करने के लिए विशेष चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी के तहत बलटाना मार्केट में मोबाइल शिफ्टिंग नाका लगाकर वाहनों की जांच की गई।

नाके के दौरान पुलिस ने ट्रिपल राइडिंग करने वाले और मोटरसाइकिलों पर तेज आवाज वाले हॉर्न लगाने वाले चालकों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए चालान काटे। इसके अलावा जिन वाहन चालकों के पास पूरे दस्तावेज नहीं पाए गए, उनके भी चालान किए गए। बलटाना पुलिस चौकी प्रभारी हरजिंदर सिंह ने शरारती तत्वों को चेतावनी देते हुए कहा कि कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। पुलिस द्वारा क्षेत्र में लगातार निगरानी रखी जा रही है।

मौके पर मौजूद पवन कुमार ने बताया कि नाके पर आने-जाने वाले प्रत्येक वाहन की गहन जांच की जा रही है। उन्होंने बताया कि देर शाम करीब 8 बजे तक 15 वाहन चालकों के चालान किए जा चुके थे।

पुलिस अधिकारियों ने लोगों से अपील की है कि वे यातायात नियमों का पालन करें, वाहन चलाते समय जरूरी दस्तावेज साथ रखें और क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस का सहयोग करें।

# भबात में 15 वर्षीय नाबालिग ने फंदा लगाकर की आत्महत्या

कमरे का दरवाजा नहीं खोला तो पड़ोसियों ने रोशनदान से देखा, जांच में जुटी पुलिस



अर्थ प्रकाश/संदीप सिंह बावा

**जीरकपुर, 12 जून।** जीरकपुर के गांव भबात में एक 15 वर्षीय नाबालिग द्वारा फंदा लगाकर आत्महत्या करने का मामला सामने आया है। घटना के कारणों का अभी तक पता नहीं चल पाया है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए डेराबस्सी अस्पताल की मोर्चरी में रखवा दिया है। जानकारी के अनुसार मृतक की पहचान सोनू उर्फ मोनू (15) पुत्र राम दयाल निवासी हरदोई, उत्तर प्रदेश के रूप में हुई है। वह करीब ढाई महीने पहले ही भबात गांव में आया था और यहां किराये के मकान में रह रहा था। उसके कुछ रिश्तेदार भी आसपास रहते हैं। परिजनों के अनुसार बीती रात जब पड़ोसी सोनू को बुलाने के लिए उसके कमरे पर पहुंचे तो काफी देर तक दरवाजा खटखटाने के बाद भी अंदर से कोई जवाब नहीं मिला। शक होने पर पड़ोसियों ने रोशनदान से अंदर झांककर देखा तो सोनू फंदे से लटका हुआ था। इसके बाद लोगों ने कमरे का दरवाजा खोलकर उसे नीचे उतारा, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। घटना की सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए डेराबस्सी अस्पताल भेज दिया। पुलिस अधिकारियों के अनुसार आत्महत्या के कारणों का अभी खुलासा नहीं हो पाया है। मामले की जांच की जा रही है और परिजनों व आसपास के लोगों से पूछताछ की जा रही है।

# जनता के लिए कार्यालय और आवास चौबीसों घंटे खुला : नायब सैनी

समाज एवं राष्ट्र को मजबूत बनाने के लिए मिलकर कार्य करें

आप पार्टी ने लोगों को झूठ बोलकर बरगलाने का किया कार्य : मुख्यमंत्री

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 12 जून।** हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि जनता के लिए मुख्यमंत्री का कार्यालय और आवास चौबीसों घंटे खुला रहता है। समाज कल्याण व अधिकारों की रक्षा के लिए, नीतिगत या व्यक्तिगत रूप से कार्य करने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी जाएगी।

मुख्यमंत्री शुक्रवार को पंजाब के राजपुरा में सैनी समाज वेलफेयर कमेटी द्वारा आयोजित सैनी महासम्मेलन को सम्बोधित कर रहे थे। कमेटी द्वारा मुख्यमंत्री का भव्य स्वागत एवं अभिनन्दन किया गया। मुख्यमंत्री ने कई सामाजिक कार्यकर्ताओं को शॉल भेंट कर सम्मानित किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राजपुरा की इस वीर, पावन और ऐतिहासिक धरा पर सैनी समाज के इस विशाल महासम्मेलन में आकर अत्यंत गौरव की अनुभूति हो रही है। उन्होंने सम्मेलन के सफल आयोजन के लिए वेलफेयर कमेटी के पदाधिकारियों बधाई देते हुए कहा कि यहां आने पर उनका गला भरोसे नाल भर गया है जिस जागरूक और संगठित समाज ने एकजुटता का परिचय दिया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले चुनाव में आप पार्टी ने अनेक वादे करके पंजाब के लोगों को झूठ बोलकर बरगलाने का कार्य किया। आज जनता स्वयं को ठगा सा महसूस कर रही है। उन्होंने कहा कि बाढ़ के दौरान पंजाब के मुख्यमंत्री ने किसानों को 20 हजार रुपए देने की बात कही जबकि आप पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अरविंद केजरीवाल ने गुजरात में 50 हजार रूपए देने की कही। यह भ्रष्टाचारी सरकार केवल शोषण करने का कार्य कर रही है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि किसानों की सभी फसलें न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीदी जा रही हैं तथा सब्जियां, आलू आदि को भावांतर भरपाई योजना में शामिल किया गया है ताकि किसानों को उचित दाम मिल सके। महिलाओं को 500 रुपए में सिलेंडर, फसल विविधीकरण अपनाने वाले किसानों को 8 हजार रुपए की सब्सिडी, महिलाओं को 2100 रुपए की राशि देने का कार्य किया जा रहा है। बुजुर्गों, दिव्यांगों, विधवा महिलाओं को पेंशन, दीनदयाल लाडो लक्ष्मी जैसी योजनाओं का लाभ हर माह 10 तारीख को बटन दबाकर दिया जा रहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राजपुरा की ऐतिहासिक धरा का महत्व है। यह समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और आध्यात्मिक चेतना का जागृत केंद्र है। पूरा क्षेत्र पंजाब, हरियाणा और पूरे देश की प्रगति को आपस में जोडने वाला मजबूत प्रवेश द्वार है। इस माटी ने देश को एक से बढ़कर एक मेहनतकश किसान, जांबाज सैनिक और निस्वार्थ समाजसेवी दिए हैं। सामाजिक क्रांति के अग्रदूत ज्योतिबा फुले, देश की पहली शिक्षिका माता सावित्री बाई फुले जैसे देश के बहुमूल्य रत्न समाज ने दिए हैं। जिन्होंने विशेष रूप से महिला शिक्षा और कमजोर वर्गों के उत्थान के लिए क्रांतिकारी कार्य किए। उन्हीं की बदौलत समाज सम्मान के साथ सिर उठाकर जी रहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सामाजिक न्याय और अध्यात्मिक राह दिखाने वाले संत लिखमीदास, बल्लभगढ़ रियासत के सेनापति गुलाब सैनी तथा खेल की दुनिया में भारत का डंका बजाने वाले जादूगर मेजर ध्यानचंद के अलावा चण्डीगढ के रॉक गार्डन निर्माता पद्मश्री नेकचंद सैनी जैसी विभूतियां समाज का गौरव हैं जिन्होंने देश दुनिया में समाज का नाम रोशन किया।

श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में ही ओ.बी.सी. आयोग को संवैधानिक दर्जा दिया गया, जो कि एक ऐतिहासिक और युगांतकारी कदम था। मेडिकल और उच्च शिक्षा में ओ.बी.सी. वर्ग को 27 प्रतिशत आरक्षण देकर शिक्षा के बंद द्वारों को हमेशा के लिए खोल दिया गया। इसी का परिणाम है कि आज देश के विश्वविद्यालयों, इंजीनियरिंग और मेडिकल संस्थानों में पिछड़े वर्ग के युवाओं की संख्या लगातार बढ़ रही है।

उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के इतिहास में पहली बार पंजाब से ओ.बी.सी. समाज के वरिष्ठ नेता सरदार इकबाल सिंह लालपुरा को पार्टी के सर्वोच्च नीति-निर्धारक संसदीय बोर्ड में शामिल किया गया है। यही नहीं, केंद्र सरकार और जहां-जहां भी भाजपा की सरकारें हैं, वहां ओ.बी.सी. समाज को उनका पूरा प्रतिनिधित्व और मान-सम्मान दिया जा रहा है।

सम्मेलन में सैनी समाज कल्याण समिति के सर्कल चेयरमैन जैलदार जसविंदर सिंह सैनी, महिन्दर सैनी, प्रधान जतिन्दर सैनी, चेयरमैन गुरनाम, अंगद सैनी, गुरदर्शन सैनी, रणबीर सिंह, सर्वजीत कौर, एमसी लक्की, दविन्दर सैनी सहित भारी संख्या में समाज के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

### समाज के हकों की रक्षा के लिए की जाएगी जोरदार पैरवी

मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि समाज एवं राष्ट्र को मजबूत बनाने के लिए सभी मिलकर कार्य करें तभी पंजाब को भी समृद्ध एवं खुशहाल बनाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि समाज के हकों की रक्षा के लिए जोरदार पैरवी की जाएगी। सैनी समाज को अब मूक दर्शक या समर्थक बनकर नहीं रहना है, बल्कि राजनीतिक क्षेत्र में अग्रणी और निर्णायक भूमिका निभानी होगी। पंचायत से लेकर विधानसभा और संसद तक समाज की सशक्त और गूंजती हुई भागीदारी होनी चाहिए।

### प्रधानमंत्री ने गरीब व्यक्ति को विकास की धारा में लाने का किया काम

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने जब से देश की बागडोर सम्भाली है, तब से नई नीतियां बनाई और लागू की हैं जिनसे गरीब व्यक्ति को विकास की धारा में लाने का काम किया है। उन्होंने कहा कि हरियाणा में गुरू तेग बहादुर जी का 350वां प्रकाश पर्व बड़ी धूमधाम से मनाया गया और उनके नाम पर सिरसा विश्वविद्यालय में चेयर स्थापित की गई, फरीदाबाद में चौक, धमतान साहिब में रास्ता, यमुनानगर में वन व द्वार, अम्बाला में पोलटेक्निक का नामकरण किया है।

### 84 के दंगों के पीड़ित परिवारों को दी सरकारी नौकरी

श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि गुरू जी के नाम पर छछरौली में कृषि महाविद्यालय बनाया जा रहा है जिसका कार्य जल्द ही आरम्भ किया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने कुरूक्षेत्र में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह में गुरू जी की शिक्षाओं को आगे बढाने के लिए डाक टिकट एवं सिक्का जारी किया। हरियाणा में 84 के दंगों में पीड़ित परिवारों को सरकारी नौकरी देने के अलावा डायलिसेस रोगियों का राज्य के सभी अस्पताल में निशुल्क ईलाज किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने चुनाव के दौरान किए गए 217 संकल्पों में से 63 पूरे कर दिए हैं और 157 पर तेजी से कार्य चल रहा है।

### प्रधानमंत्री ने मोहाली राजपुरा रेल बाईपास निर्माण को दी मंजूरी

श्री नायब सिंह सेनी ने कहा कि पंजाब में हरियाणा की तर्ज पर जनकल्याणकारी नीतियां लागू की जाएगीं। पंजाब में प्रधानमंत्री ने 7500 करोड़ रुपए की लागत से नए रास्ते खोलने का कार्य किया है। इससे 64 हजार से अधिक युवाओं के लिए रोजगार सृजन होगा। इसके अलावा 1387 करोड़ रुपए की लागत से आधुनिक सुविधाएं मुहैया करवाई जाएंगी। लगभग 1400 करोड़ रुपए की लागत से मोहाली राजपुरा रेल बाईपास निर्माण को मंजूरी दी गई है। इसके अलावा नशे को खत्म कर युवाओं के लिए रोजगार के अवसर जुटाए जाएंगे।

## न्यूज ब्रीफ

### अग्रवाल समाज ने भाजपा प्रदेशाध्यक्ष अर्चना गुप्ता का किया अभिनंदन



**कैथल (अप्रस/ओम प्रकाश)।** अग्रवाल युवा सभा कैथल के प्रधान, भाजपा नेता रामप्रताप गुप्ता ने भाजपा की नवनियुक्त प्रदेशाध्यक्ष अर्चना गुप्ता से उनके पानीपत स्थित निवास पर शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर उन्होंने पुष्प भेंट कर तथा महाराजा अग्रसेन की प्रतिमा स्वरूप स्मृति चिन्ह प्रदान कर उनका सम्मान किया। इस अवसर पर अग्रवाल युवा सभा कैथल के महासचिव मोहनलाल गुप्ता भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। रामप्रताप गुप्ता ने समस्त अग्रवाल समाज एवं कैथल जिले की ओर से अर्चना गुप्ता को हरियाणा भाजपा प्रदेशाध्यक्ष का दायित्व मिलने पर शुभकामनाएं दीं तथा विश्वास व्यक्त किया कि उनके नेतृत्व में संगठन प्रदेश में और अधिक सशक्त एवं जनहितकारी कार्य करेगा। रामप्रताप गुप्ता ने कहा कि भाजपा आज विश्व का सबसे बड़ा राजनीतिक संगठन है और इसकी शक्ति कार्यकर्ताओं की निष्ठा, सेवा भावना एवं राष्ट्रहित के प्रति समर्पण में निहित है। उन्होंने कहा कि अर्चना गुप्ता के नेतृत्व में हरियाणा भाजपा संगठनात्मक दृष्टि से नई ऊंचाइयों को प्राप्त करेगा तथा समाज के प्रत्येक वर्ग को साथ लेकर आगे बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि मोदी की जनकल्याणकारी नीतियों और दूरदर्शी नेतृत्व से करोड़ों देशवासियों का जीवन सकारात्मक रूप से प्रभावित हुआ है। अंत में रामप्रताप गुप्ता ने विश्वास व्यक्त किया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व एवं अर्चना गुप्ता के संगठनात्मक मार्गदर्शन में भाजपा हरियाणा में जनसेवा, विकास और संगठन विस्तार के नए कीर्तिमान स्थापित करेगी।

### कार्यकर्ता ही भाजपा की सफलता का आधार: अशोक गुर्जर

**कैथल (अप्रस/ओम प्रकाश)।** ढांड मंडल में शक्ति केंद्र प्रमुखों की मासिक बैठक का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता भाजपा ढांड मंडल अध्यक्ष एवं मार्कीट कमेटी चेयरमैन विजेंद्र मैहला जडौला ने की। बैठक में संगठनात्मक गतिविधियों की समीक्षा के साथ–साथ आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में मुख्यातिथि के रूप में भाजपा पानीपत प्रभारी एवं पूर्व जिलाध्यक्ष अशोक गुर्जर ढांड ने शिरकत की, जबकि बैठक में विशेष रूप से मंडल प्रभारी एवं जिला सचिव हर्ष सेठी, मंडल पदाधिकारीगण तथा सभी शक्ति केंद्र प्रमुख उपस्थित रहे। बैठक में भाजपा पानीपत प्रभारी अशोक गुर्जर ने इस अवसर पर संगठन को जमीनी स्तर पर और अधिक मजबूत बनाने तथा बूथ स्तर तक कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया। बैठक के दौरान बूथ सशक्तिकरण, संगठन विस्तार और आगामी कार्यक्रमों के सफल संचालन को लेकर विस्तृत विचार–विमर्श किया गया। अशोक गुर्जर ने कहा कि संगठन की मजबूती कार्यकर्ताओं की सक्रियता और समर्पण पर आधारित है, इसलिए प्रत्येक कार्यकर्ता को संगठन के लक्ष्यों और योजनाओं को जन–जन तक पहुंचाने के लिए पूरी निष्ठा के साथ कार्य करना चाहिए। भाजपा की सफलता का आधार कार्यकर्ताओं की मेहनत और समर्पण है और कार्यकर्ताओं की मेहनत और समर्पण से भाजपा संगठन दिनोंदिन मजबूत व सशक्त हो रहा है।

## ठेकेदारों की 15 जून से सड़क निर्माण रोकने की चेतावनी

पुराने रेटों पर काम करने में जताई असमर्थता

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**कैथल, 12 जून।** आने वाले समय में हरियाणा में सडक़ निर्माण और मरम्मत कार्यों पर बड़ा असर पड़ सकता है। आज हरियाणा पीडब्ल्यूडी गवर्नमेंट कॉन्ट्रैक्टर एसोसिएशन के सदस्य और पदाधिकारी कैथल पीडब्ल्यूडी विभाग में इकट्ठा हुए और अधीक्षक अभियंता जगबीर सिंह को मांगों का ज्ञापन सौंपा। ठेकेदारों ने चेतावनी दी है कि यदि सरकार ने उनकी मांगों पर शीघ्र सकारात्मक निर्णय नहीं लिया तो 15 जून से प्रदेशभर में सडक़ निर्माण कार्य रोककर हड़ताल शुरू की जाएगी। इसका प्रभाव कैथल जिले सहित पूरे हरियाणा में देखने को मिल सकता है। एसोसिएशन के सीनियर वाइस प्रेजीडेंट मनोज चहल कोटड़ा ने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में सडक़ निर्माण में इस्तेमाल होने वाले तारकोल, बजरी, पत्थर, डीजल तथा अन्य निर्माण सामग्री के दाम दोगुने से लेकर अढ़ाई गुना तक बढ़ चुके हैं। इसके बावजूद पुराने रेटों पर ही कार्य करवाए जा रहे हैं, जिससे ठेकेदारों को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। ठेकेदारों ने सरकार से मांग की है कि निर्माण लागत में हुई भारी वृद्धि और लंबित भुगतानों के मुद्दे पर तत्काल निर्णय लिया जाए, ताकि विकास कार्यों की रफ्तार प्रभावित न हो और जनता को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।

ठेकेदारों की मांग है कि उनकी 1500 करोड़ रुपए की बकाया राशि की अदायगी करवाई जाए। उन्होंने सरकार से मांग की है कि सड़क निमार्ण कार्यों के लिए सरकार को चाहिए कि अतिरिञ्चत बजट का प्रावधान करें। ठेकेदारों का कहना है कि यदि उनकी जायज मांगों पर शीघ्र निर्णय नहीं लिया गया तो प्रदेश भर में सडक़ निर्माण कार्य पूरी तरह प्रभावित हो सकते हैं, जिससे विकास परियोजनाओं पर भी व्यापक असर पड़ेगा।

इस मौके पर अमित भार्गव ठेकेदार, बलबीर मोहना, अनूप लोहान, गुरदेव नैन, रोहित आनंद, गुरविंदर ढुल, विक्रम ठेकेदार सोंगल, श्याम सिंह राजौंद आदि उपस्थित रहे।

## भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ अर्चना गुप्ता के दौरे को लेकर कार्यकर्ताओं में उत्साह

**यमुनानगर (अप्रस/वीरेंद्र त्यागी)।** भारतीय जनता पार्टी की नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष डॉ अर्चना गुप्ता के सबसे पहले यमुनानगर के दौरे को लेकर कार्यकर्ताओं में काफी उत्साह देखा जा रहा है। भारतीय जनता पार्टी व्यवसायिक प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक सीताराम मित्तल का कहना है कि शनिवार को गुप्ता पैलेस में डॉक्टर अर्चना गुप्ता का भव्य अभिनंदन किया जाएगा और उनके दिशा निर्देश में पार्टी आगे रणनीति बनाएगी। सीताराम मित्तल ने बताया कि डॉक्टर अर्चना गुप्ता के दौरे को लेकर कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह देखा जा रहा है क्योंकि यह उनका यमुनानगर में पहला दौरा है। उन्होंने यह भी बताया कि पार्टी कार्यकर्ताओं के अलावा विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधि भी अलग–अलग स्थान पर डॉ अर्चना गुप्ता का स्वागत करने वाले हैं। पूरे शहर को होर्डिंग और झंडों से सजाया गया है। स्वागत द्वार लगाए गए हैं तथा पार्टी के पदाधिकारी जनसंपर्क अभियान चलाए हुए हैं और कार्यक्रम में पहुंचने का निमंत्रण कार्यकर्ताओं के साथ–साथ आम लोगों को भी दे रहे हैं।

## तूफान में घर पर गिरा सफेदे का भारी–भरकम पेड़, बाल–बाल बचा दंपति

अर्थ प्रकाश/जयबीर राणा थंबड

**बराड़ा, 12 जून।** बृहस्पतिवार रात आए तेज तूफान के दौरान बराड़ा में एक मकान पर भारी-भरकम सफेदे का पेड़ गिर गया। इससे मकान की दीवार ढह गई और अन्य संपत्ति को भी नुकसान पहुंचा। गनीमत रही कि आंगन में टहल रहे दंपति ने समय रहते पेड़ गिरते देख अंदर भागकर अपनी जान बचा ली, जिससे बड़ा हादसा टल गया।

दोसड़का रोड पर बंसल पैलेस के सामने स्थित मकान के मालिक कृष्ण कुमार जैन ने बताया कि उनकी चारदीवारी के साथ खड़ा सफेदे का पेड़ कई महीनों से टेढ़ा हो चुका था और उसके गिरने का खतरा लगातार बना हुआ था। इस संबंध में उन्होंने वन विभाग को लिखित शिकायत भी दी थी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई।

उन्होंने बताया कि बृहस्पतिवार रात करीब सवा नौ बजे तेज तूफान और बारिश शुरू हो गई। उस समय वह अपनी पत्नी के साथ आंगन में टहल रहे थे। अचानक पेड़ उनकी दीवार को तोड़ते हुए आंगन में आ गिरा। दोनों ने तुरंत घर के अंदर भागकर अपनी जान बचाई।

पेड़ के मोटे तने घर के अंदर तक फैल गए, जबकि कुछ हिस्से पड़ोसी की छत तक पहुंच गए, जिससे वहां लगे एसी और अन्य सामान को भी नुकसान पहुंचा। पेड़ गिरने से मकान की दीवार, लोहे की ग्रिल और आंगन में लगी टाइलें भी क्षतिग्रस्त हो गईं। इतना ही नहीं, पेड़ के कारण घर का मुख्य रास्ता भी बंद हो गया था। घटना की सूचना मिलने पर शुक्रवार सुबह वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और पेड़ को काटकर हटाया। इस संबंध में फॉरेस्ट गार्ड फूल सिंह ने बताया कि सूचना मिलते ही विभाग की टीम मौके पर पहुंची।

## बच्चे को मजदूरी में न लगा कर शिक्षित बनाएं : भीमसेन

### बाल श्रम अधिकारों तथा संबंधित कानूनी प्रावधानों की दी जानकारी

अर्थ प्रकाश/ओम प्रकाश



**कैथल, 12 जून।** विश्व बाल श्रम निषेध दिवस के अवसर पर एमडीडी ऑफ इंडिया कैथल द्वारा जन-जागरूकता बढ़ाने हेतु विशेष अभियान चलाया गया। यह अभियान राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग के पैन-इंडिया रेस्क्यू एंड रिहैबिलिटेशन अभियान 4.0 के अंतर्गत बाल कल्याण समिति, कैथल के अध्यक्ष भीम सेन अग्रवाल के नेतृत्व में आयोजित किया गया। अभियान के दौरान भीम सेन अग्रवाल स्वयं विभिन्न दुकानों एवं प्रतिष्ठानों पर पहुंचे और दुकानदारों तथा आम नागरिकों को बाल श्रम के दुष्प्रभावों, बाल अधिकारों तथा संबंधित कानूनी प्रावधानों की जानकारी दी। उन्होंने लोगों से अपील की कि किसी भी बच्चे को मजदूरी में न लगाएं तथा बच्चों को शिक्षा एवं सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराने में सहयोग करें। इस अवसर पर श्रम निरीक्षक अजीत, एएचटीयू से एसआई रमेश एवं एसआई मदन लाल, बाल कल्याण समिति की सदस्य रितु सिंगला, अधिवक्ता हर्ष बागड़ी तथा एमडीडी ऑफ इंडिया का स्टाफ उपस्थित रहे। अभियान के दौरान टीम ने सराहनीय कार्य करते हुए दो गुमशुदा बच्चों को उनके माता-पिता से पुनः मिलवाया। इसके अतिरिक्त तीन बाल श्रमिक बच्चों को कार्यस्थलों से मुक्त करवाकर मुख्यधारा से जोड़ने की प्रक्रिया शुरू की गई, ताकि उन्हें शिक्षा, संरक्षण एवं पुनर्वास की सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकें। एमडीडी ऑफ इंडिया एवं जिला प्रशासन ने आमजन से अपील की है कि यदि कहीं भी बाल श्रम, बाल भिक्षावृत्ति, बाल तस्करी अथवा किसी बच्चे के शोषण की सूचना मिले तो तुरंत संबंधित विभागों अथवा चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 पर सूचना दें, ताकि बच्चों के अधिकारों की रक्षा सुनिश्चित की जा सके।

## हुकटा ने अनुबंधित शिक्षकों के सेवा–सुरक्षा विधेयक को शीघ्र मंजूरी देने की मांग की

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**गोहाना, 12 जून।** हरियाणा यूनिवर्सिटीज कॉन्ट्रैक्चुअल टीचर्स एसोसिएशन (हुकटा) ने प्रदेश के विश्वविद्यालयों में कार्यरत अनुबंधित शिक्षकों को सेवा-सुरक्षा प्रदान करने के लिए प्रस्तावित ÷हरियाणा विश्वविद्यालय अनुबंधित शिक्षक सेवा-सुरक्षा (जॉब सिक्योरिटी) विधेयक÷ को जल्द मंजूरी देकर विधानसभा से पारित कराने की मांग की है।

भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय, खानपुर कलां में आयोजित योग प्रशिक्षण के 12वें अंतर्राष्ट्रीय कार्यक्रम के दौरान हुकटा के प्रतिनिधिमंडल ने हरियाणा के पंचायत एवं विकास मंत्री कृष्ण लाल पंवार को ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधिमंडल ने मांग की कि विधेयक के मसौदे को शीघ्र कैबिनेट की स्वीकृति दिलाकर विधानसभा में प्रस्तुत किया जाए ताकि इसे कानून का रूप दिया जा सके।

ज्ञापन प्राप्त करने के बाद मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने कहा कि लंबे समय से सेवाएं दे रहे अनुबंधित शिक्षकों की मांग पूरी तरह न्यायसंगत है। उन्होंने आश्वासन दिया कि वे मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और संबंधित अधिकारियों से इस विषय पर चर्चा करेंगे तथा जॉब सिक्योरिटी से जुड़ी फाइल को जल्द स्वीकृति दिलाने का प्रयास करेंगे।

हुकटा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. विजय कुमार मलिक ने बताया कि उच्चतर शिक्षा विभाग द्वारा विधेयक का प्रारूप तैयार करने की प्रक्रिया अंतिम चरण में है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के लगभग 1400 अनुबंधित शिक्षक उच्च शिक्षा व्यवस्था की महत्वपूर्ण कड़ी हैं और सेवा-सुरक्षा मिलने से उनका मनोबल बढ़ेगा तथा शिक्षा की गुणवत्ता को भी मजबूती मिलेगी।

## मतदाता सूची के प्रहरी बनकर 15 जून से घर–घर पर पहुंचेंगे बीएलओ

निर्वाचक पंजीयन अधिकारी एवं कलायत एसडीएम अजय हुड्डा की निगरानी में सूची का शुद्धिकरण अभियान होगा शुरू

अर्थ प्रकाश/कपिल देव रोहिल्ला



**कलायत, 12 जून।** देश की सीमाओं पर तैनात जवान राष्ट्र की सुरक्षा का दायित्व निभाते हैं। उसी प्रकार बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) मतदाताओं का सजग प्रहरी बनकर मतदाता सूची को अधिक शुद्ध, पारदर्शी एवं विश्वसनीय बनाता है। इसी सोच के साथ कलायत विधानसभा क्षेत्र में विशेष मतदाता सूची शुद्धिकरण अभियान (एसआइआर) का आगाज होने जा रहा है। निर्वाचक पंजीयन अधिकारी एवं कलायत एसडीएम अजय हुड्डा इसकी देखरेख का जिम्मा संभाले हैं। उनके दिशा निर्देश में 9 एइआरओ, 23 सुपरवाइजर व 209 बीएलओ गतिशील रहेंगे। एसडीएम ने नागरिकों से अपील की है कि वे बीएलओ और सर्वे टीमों का सम्मान करते हुए उन्हें पूरा सहयोग दें। ताकि लोकतंत्र की नींव और मजबूत हो सके। चुनावी प्रक्रिया की पारदर्शिता और निष्पक्षता के लिए मतदाता सूची का त्रुटिहीन होना बेहद जरूरी है। इसी उद्देश्य से 15 जून से 14 जुलाई 2026 तक विशेष घर-घर सर्वेक्षण अभियान चलाया जाएगा। इस दौरान क्षेत्र के 209 बीएलओ प्रत्येक घर तक पहुंचकर परिवारों से गणना प्रपत्र भरवाएंगे। नागरिकों को अपने परिवार से संबंधित जानकारी सही और पूर्ण रूप से दर्ज करानी होगी। एसडीएम ने काह कि इस प्रक्रिया से कोई भी पात्र नागरिक मताधिकार से वंचित नहीं रहेगा और चुनावी व्यवस्था अधिक सुदृढ़ बनेगी। अभियान का प्रमुख उद्देश्य मतदाता सूची में मौजूद त्रुटियों को दूर करना है। इसके तहत ऐसे लोगों के नाम हटाए जाएंगे जो क्षेत्र छोड़ चुके हैं, जिनका निधन हो चुका है या जो किसी अन्य कारण से मतदाता बनने के पात्र नहीं हैं। साथ ही नए पात्र मतदाताओं के नाम भी सूची में जोड़े जाएंगे। यह पूरी प्रक्रिया 22 सितंबर 2026 को मतदाता सूची के अंतिम प्रकाशन से पहले पूरी कर ली जाएगी। कलायत विधानसभा क्षेत्र में कुल 2 लाख 14 हजार 657 मतदाता दर्ज हैं। इनमें से 1 लाख 87 हजार 148 मतदाताओं का सत्यापन और मैपिंग हो चुकी है।

## प्रदर्शन, रैली और जनआंदोलनों पर प्रदेश सरकार का प्रतिबंध लोकतांत्रिक अधिकारों पर प्रहार : राव नरेंद्र

### जिला कमेटी की बिना अनुमति के किसी भी कार्यक्रम को अनुशासनहीनता माना जाएगा

हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी की मासिक समीक्षा बैठक में हुआ मंथन

अर्थ प्रकाश/शैलेंद्र जैन



**करनाल, 12 जून।** प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह ने हरियाणा सरकार द्वारा 30 सितंबर तक धरना-प्रदर्शन, रैली और जनआंदोलनों पर लगाए गए प्रतिबंध को लोकतांत्रिक अधिकारों पर सीधा प्रहार बताया। उन्होंने कहा कि जनता को अपनी पीड़ा, समस्याएं और मांगें रखने का संवैधानिक अधिकार है, लेकिन सरकार प्रतिबंधों के माध्यम से जनता की आवाज दबाने का प्रयास कर रही है। लोकतंत्र में जनता की आवाज को सुनना सरकार की जिम्मेदारी होती है, उसे दबाना नहीं। कांग्रेस पार्टी लोकतंत्र और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर किसी भी प्रकार के हमले का पुरजोर विरोध करती रहेगी। संगठनात्मक विषयों पर चर्चा करते हुए राव नरेंद्र सिंह ने स्पष्ट निर्देश दिए कि जिले में कांग्रेस संगठन के नाम पर आयोजित होने वाला कोई भी कार्यक्रम, बैठक, धरना, प्रदर्शन अथवा अन्य गतिविधि संबंधित जिला अध्यक्ष की पूर्व अनुमति और जानकारी के बिना आयोजित नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि जिला अध्यक्ष संगठन का अधिकृत नेतृत्व होता है और संगठनात्मक अनुशासन कांग्रेस की सबसे बड़ी ताकत है। बिना अनुमति आयोजित किसी भी कार्यक्रम को अनुशासनहीनता माना जाएगा तथा पार्टी की निर्धारित व्यवस्था का पालन सभी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के लिए अनिवार्य होगा। वह हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी की मासिक समीक्षा बैठक में बोल रहे थे। आज करनाल स्थित जाट धर्मशाला में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष पराग गाबा, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता भपेंद्र यिंह लाठर, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता रामशरण भोला, कांग्रेस के पूर्व प्रदेश महासचिव रमेश सैनी, कांग्रस पिछड़ा वर्ब प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष सुरजीत सिंह सैनी,कांग्रेस सेवादल के वलजीत चौहान, अनिल शर्मा कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष जतरुण चौहान सहित सभी जिलों के ग्रामीण शहरी जिलाध्यक्ष प्राकेष्ठों के चेअर्मैन पवूर्व विधायक भी मौजूद थे। बैठक की शुरुआत अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय सचिव सूरज हेगड़े जी के आकस्मिक निधन पर शोक प्रस्ताव के साथ हुई। प्रदेशभर से आए जिला अध्यक्षों एवं वरिष्ठ नेताओं ने दो मिनट का मौन रखकर सूरज हेगड़े जी को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। शोक प्रस्ताव में कहा गया कि उनका असामयिक निधन कांग्रेस परिवार के लिए एक अपूरणीय क्षति है। उनका संघर्ष, समर्पण और संगठन के प्रति निष्ठा सदैव कार्यकर्ताओं को प्रेरित करती रहेगी। श्रद्धांजलि के उपरांत बैठक की कार्यवाही प्रारंभ हुई। बैठक के दौरान प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह ने सभी जिला अध्यक्षों से उनके जिलों में पिछले एक माह के दौरान किए गए संगठनात्मक, राजनीतिक एवं जनसंपर्क कार्यक्रमों की विस्तृत समीक्षा की। जिला अध्यक्षों ने अपने-अपने क्षेत्रों में आयोजित बैठकों, जनसंपर्क अभियानों, संगठन विस्तार गतिविधियों, जनहित के मुद्दों पर किए गए आंदोलनों तथा कार्यकर्ताओं के साथ किए गए संवाद की रिपोर्ट प्रस्तुत की। प्रदेश अध्यक्ष ने सभी जिलाध्यक्षों को संगठन को बूथ स्तर तक और अधिक मजबूत करने, जनता के बीच लगातार सक्रिय रहने तथा कांग्रेस की नीतियों और जनहित के मुद्दों को प्रभावी ढंग से उठाने के निर्देश दिए। बैठक में आगामी महीनों की रणनीति पर भी व्यापक मंथन किया गया। संगठन विस्तार, बूथ प्रबंधन, जनसंपर्क अभियान, जनसमस्याओं को लेकर संघर्ष कार्यक्रमों तथा पार्टी द्वारा तय किए जाने वाले आगामी कार्यक्रमों को सफल बनाने के लिए विस्तृत कार्ययोजना तैयार की गई। प्रदेश नेतृत्व ने स्पष्ट किया कि कांग्रेस का प्रत्येक कार्यकर्ता जनता के बीच जाकर उनकी आवाज को मजबूती से उठाएगा और संगठन को जमीनी स्तर पर और अधिक सशक्त बनाया जाएगा। बैठक को संबोधित करते हुए राव नरेंद्र सिंह ने कहा कि बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर देश के संविधान, सामाजिक न्याय और समानता के सबसे बड़े प्रतीक हैं। उनके नाम पर स्थापित लाइब्रेरी का नाम बदलना करोड़ों लोगों की भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाला निर्णय है।

सम्पादकीय

## गृहिणियों को राष्ट्र निर्माता बताकर सर्वोच्च अदालत ने बढ़ाया मान

सर्वोच्च न्यायालय का यह फैसला सर्वथा उचित और सर्वग्राही है कि गृहिणियां राष्ट्र निर्माता हैं और उनके घर में कामकाज संभालने की भी कीमत है। घर संभालने का मतलब यही समझता जाता है कि यह जैसे महिलाओं की ही जिम्मेदारी है। समाज में घर से बाहर जाकर कामकाज और नौकरी न करने पर महिलाओं को हाउस वाइफ या फिर कुछ सम्मानजनक शब्दों में होम मेकर की संज्ञा दी जाती है। वरना गृहिणी होने का तगमा तो उनके साथ जुड़ा ही है। सर्वोच्च न्यायालय का फैसला उन सभी महिलाओं के हक में पुरजोर आवाज बुलंद करता है, जोकि घरों में रहकर न केवल घर संभालती हैं अपितु अपने परिवार की भी संभाल करती हैं। जाहिर है, इस कार्य के लिए उन्हें कोई मेहनताना नहीं दिया जाता। यहां तक की जो महिलाएं दूसरों के घर में जाकर काम करके अपनी आजीविका चलाती हैं, उन्हें भी इसके लिए एक तय पगार दी जाती है। दरअसल, एक महिला के अपने घर और परिवार को दिए योगदान का आकलन संभव है, कभी नहीं हो पाता। महिलाएं वधु बनकर अपने पति के घर आती हैं और फिर पूरा जीवन वहीं रहते हुए घर-परिवार को संभालते हुए गुजार देती हैं। वे घर-परिवार का अहम हिस्सा होती हैं, लेकिन बहुत बार उन्हें इसका श्रेय तक नहीं मिलता। क्योंकि सामाजिक व्यवस्था ऐसी है, जिसके अंदर महिलाओं को न केवल अपने पैर ससुराल की ड्योढ़ी तक सीमित रखने होते हैं, अपितु कई मायनों में अपने सांसों तक पर पहरा लगा लेना पड़ता है। बेशक, यह विमर्श का एक अलग विषय है।

**माननीय सर्वोच्च न्यायालय का यह कथन सर्वथा उचित है कि महिलाओं का योगदान सिर्फ बच्चों को जन्म देने तक सीमित नहीं है। मानव पूंजी निर्माण में उनकी बड़ी भूमिका है। अदालत ने गृहिणियों के घर के अंदर किए गए कार्यों का मूल्य तीस हजार रुपये आंका है। बेशक, वास्तविक अर्थों में एक गृहिणी का अपने परिवार के प्रति योगदान इस मूल्य से कहीं बहुत ज्यादा है या फिर यह भी कह सकते हैं कि यह अनमोल है। क्योंकि एक बच्चे को जन्म देना और फिर उसे उसके पैरों पर चलने में सक्षम बनाते हुए इसके साथ तमाम दायित्वों का निर्वाह करना मूल्यहीन है। लेकिन दुनिया आंकड़ों से चलती है और अदालतों को भी तथ्य एवं आंकड़ों के जरिए ही किसी नतीजे पर पहुंचना होता है तो इसलिए एक गृहिणी के कार्य की जो कीमत तय की गई है।**

अदालत ने कहा है कि शादी का मतलब नौकरानी रखना नहीं है। दरअसल, यह ऐसा विचार है, जिसे न्याय के सबसे बड़े मंदिर यानी सर्वोच्च न्यायालय से बहुत पहले आ जाना चाहिए था। भारतीय समाज आज बदल चुका है और उसकी सोच का प्रतिबिंब सुप्रीम कोर्ट भी बन रहा है। यह कथन महज महिलाओं की भूमिका को रेखांकित नहीं करता, अपितु उनके बारे में कायम की जा चुकी धारणाओं को भी खंडित करता है। शादी का अभिप्राय दो परिवारों और दो विपरीत लिंग के लोगों का मिलन होता है, जो कि अपना परिवार बसाते हैं। समाज में आम धारणा है कि पति-पत्नी एक रथ के दो पहियों के समान हैं, जिनके साथ-साथ चलते हुए जीवन की मंजिल हासिल करनी होती है। इनमें से एक भी पहिया अगर ढीला पड़ा या फिर उसमें कोई रुकावट आई तो परिवार का वह रथ आगे नहीं बढ़ पाएगा। जाहिर है, पति अगर बाहर की दुनिया देखता है तो पत्नी घर पर रहकर आंतरिक दुनिया को संभालती है। सामान्य संदर्भों में पति को कमाऊ और घर चलाने वाले शख्स के रूप में देखा जाता है और इस दौरान पत्नी की भूमिका अनदेखी ही रह जाती है। यही वजह है कि एक गृहिणी की जब सड़क दुर्घटना में मौत हुई तो सिस्टम ने उसे सिर्फ गृहिणी ही माना यानी उसकी अपने घर-परिवार के प्रति भूमिका को कोई मूल्य ही नहीं दिया।

माननीय सर्वोच्च न्यायालय का यह कथन सर्वथा उचित है कि महिलाओं का योगदान सिर्फ बच्चों को जन्म देने तक सीमित नहीं है। मानव पूंजी निर्माण में उनकी बड़ी भूमिका है। अदालत ने गृहिणियों के घर के अंदर किए गए कार्यों का मूल्य तीस हजार रुपये आंका है। बेशक, वास्तविक अर्थों में एक गृहिणी का अपने परिवार के प्रति योगदान इस मूल्य से कहीं बहुत ज्यादा है या फिर यह भी कह सकते हैं कि यह अनमोल है। क्योंकि एक बच्चे को जन्म देना और फिर उसे उसके पैरों पर चलने में सक्षम बनाते हुए इसके साथ तमाम दायित्वों का निर्वाह करना मूल्यहीन है। लेकिन दुनिया आंकड़ों से चलती है और अदालतों को भी तथ्य एवं आंकड़ों के जरिए ही किसी नतीजे पर पहुंचना होता है तो इसलिए एक गृहिणी के कार्य की जो कीमत तय की गई है, उसे स्वीकार किया जाना चाहिए। अदालत में यह तथ्य भी रखे गए हैं कि महिलाओं के घरेलू कार्यों का जीडीपी में 15 से 17 फीसदी तक योगदान आंका जाता है।

निश्चित रूप से यह फैसला सड़क हादसों में जान गंवाने वाली घर संभालने वाली महिलाओं के परिजनों के लिए मशाल का काम करेगा। सामने आया है कि अदालतों में और ट्रिब्यूनल में ऐसे मामले कई साल तक लंबित रहते हैं। सर्वोच्च अदालत ने अब स्पष्ट कहा है कि मोटर दुर्घटना मुआवजों के केस अब एक साल में निपटाए जाने चाहिए। यह फैसला उन सभी महिलाओं और पुरुषों के अधिकार की रखवाली करता है, जो कि घर संभालते हैं। गृहिणियां भी राष्ट्र निर्माता हैं और इससे कोई इनकार नहीं कर सकता। उनका योगदान उस परिवार की नींव बनता है जोकि अपनी शिक्षा, संस्कारों और संकल्पों से समाज एवं देश की दिशा तय करता है।

# प्रदेश की सत्ता के समीकरणों को कैसे प्रभावित करता रहा है नरवाना विधानसभा क्षेत्र!

### विभिन्न दलों की सियासत के केंद्र बिंदु रहे नरवाना में विकास की गौरव गाथा लिखने में वर्तमान सरकार भी अग्रिम पंक्ति में

दैनिक अर्थ प्रकाश



धर्मवीर सिंह




#### निर्वाण शब्द से कैसे हुई नरवाना शब्द की उत्पत्ति

विधानसभा क्षेत्र नरवाना का एक समृद्ध राजनीतिक इतिहास रहा है। यहां से बड़े बड़े राजनीतिक दलों के दिग्गजों ने अपनी उपस्थिति का अहसास कराया। तत्कालीन समय के हिसाब से जनसेवा के नए आयाम भी स्थापित किए। यह क्षेत्र सिरसा संसदीय क्षेत्र में पड़ता है। कभी हिसार संसदीय क्षेत्र का भाग हुआ करता था। नरवाना सामान्य सीट हुआ करती थी जो अब 2009 से अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित है और जींद जिले का हिस्सा है। साल 1966 में हरियाणा गठन के बाद से ही यह क्षेत्र इनेलो, कांग्रेस जैसी पार्टियों के वर्चस्व वाला रहा है। यहां मुख्य रूप से जाट और दलित मतदाताओं का दबदबा माना जाता है। सादगी और स्पष्टवादिता इस क्षेत्र की शानदार पहचान है। नरवाना विधानसभा का ऐतिहासिक व राजनीतिक सफर बहुत ही रोचक रहा है! प्राप्त जानकारी के अनुसार राजनितिक पृष्ठभूमि की बात करें तो 1966 में पंजाब के पुनर्गठन के बाद नरवाना को जींद जिले में शामिल किया गया था,जो पहले संगरूर का हिस्सा था। लंबे समय तक नरवाना सामान्य सीट रही! साल 2009 में परिसीमन के बाद यह सीट अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित हो गई। वर्ष 2005 में यहां से कांग्रेस ने जीत दर्ज की थी। साल 2009 इनेलो ने जीत हासिल की 2014 में इनेलो ने फिर से जीत दर्ज की। साल 2019 जननायक जनता पार्टी ने भाजपा को हराकर जीत हासिल की। साल 2024 में हुए विधानसभा चुनाव में इसी क्षेत्र के गांव कलोदा खुर्द निवासी ऐसे व्यक्तित्व की एंट्री हुई। जो साफगोई से बात करना पसंद करता है। वैसे भी स्पष्टवादिता तो यहां के लोगों का गहना कहा जाता है। वो है बीजेपी के कृष्ण कुमार बेदी। भाजपा के कृष्ण बेदी ने वर्ष 2024 में नरवाना सीट पर जीत हासिल की। राजनीतिक परिदृश्य की बात करें तो 2024 के अनुसार नरवाना विधानसभा में लगभग 2 लाख से अधिक मतदाता हैं। यह सीट हमेशा से हरियाणा की राजनीति में महत्वपूर्ण मानी जाती है क्योंकि यहां का परिणाम अक्सर राज्य की सत्ता के समीकरणों को प्रभावित करता रहा है!

यह निर्वाचन क्षेत्र हरियाणा के जींद जिले के अंतर्गत आता है और अनुसूचित जाति के उम्मीदवारों के लिए आरक्षित है। विधानसभा क्षेत्र में 61 गांव है। विधायक एवं कैबिनेट मंत्री बेदी का पैतृक गांव कलौदा खुर्द भी इसी क्षेत्र में पड़ता है।

इस सरकार में विकास कार्यो के सफर की बात करें तो नरवाना विधानसभा क्षेत्र में नरवाना से दबलेन रेलवे फाटक पुल का निर्माण कार्य पूरा करवाया गया। इस फाटक पुल के बन जाने से दर्जनों गांव के लोगों को यातायात की सुविधा मिलेगी। लंबे समय से लोगों की मांग थी कि फाटक पुल को बनाया जाए। स्थानीय विधायक और सरकार में कैबिनेट मंत्री कृष्ण कुमार बेदी के प्रयासों से चिर लंबित मांग को पूरा करवाने के चलते लोगों के चेहरे पर मुस्कान नजर आई। लोक निर्माण विभाग के विश्राम गृह का निर्माण कार्य शुरू कर दिया गया है। इसके बन जाने से क्षेत्र के लोगों को सीधा लाभ मिलेगा। आधुनिक सुविधाओं से लेस विश्राम ग्रह में सभी बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध होंगी। बस स्टैंड की नई बिल्डिंग बनाने के कार्य को मंजूरी मिलना क्षेत्र के लोगों के लिए किसी बड़ी सौगात है। विधायक बेदी द्वारा नागरिक अस्पताल 50 से 100 बेड मंजूर करवाया गया है इसके साथ ही नया भवन मंजुर करवा दिया गया है। बेलरखा से धनौरी ड्रेन में पानी निकासी का काम पूरा करवाने का श्रेय बेदी को देते हुए लोगों का कहना है कि यहां काफी कार्य लंबित पड़े थे जो धीरे धीरे पूरे करवाए जा रहे है। इस क्षेत्र में अब विकास कार्यो की झड़ी सी लग गई है। केंद्र और राज्य में डबल इंजन की सरकार होने के चलते विकास आए दिन जोर पकड़ रहे है। लोगों का कहना है विकास कार्यो को लेकर स्वीकृति हेतु जो फाइल चंडीगढ़ भेजी जाती है यदि उसमें कोई तकनीकी रुकावट नही तो हमारे मंत्री बेदी हाथो हाथ पास करवा देते है! प्राप्त जानकारी के तहत

गैबी साहिब मंदिर के नवीनीकरण का कार्य शुरू होने से आध्यात्मिक आस्था का ध्यान रखना हमारी सभ्यता, संस्कृति, सामाजिक और नैतिक मूल्यों के संवर्धन और संरक्षण को प्रदर्शित और परिभाषित करता है। शिक्षा के क्षेत्र में नई नींव की बात करें तो के. एम. कॉलेज में ई-लाइब्रेरी भवन निर्माण मंजूर करवा दिया गया है। इसके निर्माण कार्य पर करोडों रुपये खर्च होने की बात कही जा रही है। यदि यह समयवद्ध तरीके से पूरी होती है तो विद्यार्थियों को अपेक्षाकृत अधिक क्षैणिक लाभ होने वाला है।, प्रदेश की चार बड़ी लाइब्रेरी में से एक होने की बात कही जा रही है। नगर परिषद कार्यालय के नये भवन का निर्माण,भगत सिंह चौक से रेलवे स्टेशन मुख्य सड़क का निर्माण मंजूर होने से बन जाने पर तथा धमतान साहिब रेलवे फाटक पर निर्माण शुरू से प्रगति के नए अध्यायों का सुत्रपात होगा। उपरोक्त के अलावा विश्राम ग्रह से हिसार रोड़ तक डबल लाइन सड़क का निर्माण कार्य,उझाना कलां तथा दनौदा में सीएचसी भवन का निर्माण कार्य,रेलवे स्टेशन के सामने वाली सड़क का पूर्ननिर्माण, पटियाला सड़क मार्ग से टोहाना रोड़ तक करीब दस किलोमीटर चौडी सड़क का निर्माण ,बाबा गैबी साहिब तथा हुडा सेक्टर का सौंदर्यकरण, नवदीप स्टेडियम में मरम्मत इत्यादी ऐसे प्रसाशनिक और सामाजिक कार्य है जिनके पुरी तरह से कार्य रूप में परिणत होते ही विकास के नए अध्याय का उदय होने जा रहा है। मंत्री कृष्ण बेदी की कार्यशैली पर क्षेत्र के लोगों का कहना है कि जिस काम का शिलान्यास करते है। उसको उद्घाटन तक पहुंचाने तक समय समय पर जानकारी भी लेते रहते है। जनता के हितों को सर्वोपरि रखना तो उनकी आदत में शामिल है। बीजेपी सरकार में कैबिनेट मंत्री ने भी विकास कार्यो की झड़ी लगा रखी है। ऐसा क्षेत्र के कई लोगों का कहना है

भाईचारे की भावना में बसे क्षेत्र में हंसी मखौल, किलकी वाली हंसी के ठहाके, दुध दही का खाना, सीधे साधे लेकिन साफ सुथरी बात करने के माहिर लोग लेकिन वक्त आने पर देश सेवा का जज्बा अपने जेहन में रखने वाले बहादूर व्यक्तित्व यहां बसते है। यह क्षेत्र बणैन खाप के 52 गांवों की पावन धरा भी मानी जाती है। प्राप्त जानकारी के अनुसार नरवाना शब्द की उत्पति निर्वाण शब्द से हुई बताई गई!

### अर्थ प्रकाश में **34 साल पहले** आज का दिन

## बर्खास्त पुलिस कर्मियों की पुलिस महानिदेशक से भेंट

चंडीगढ़। हरियाणा पुलिस के गत दिनों बर्खास्त पुलिस कर्मियों के एक प्रतिनिधित्व मंडल ने पुलिस महानिदेशक से भेंट की तथा उन्हें अपनी मांगों के समर्थन में एक ज्ञापन भी दिया। इसके अलावा इन बर्खास्त कर्मियों ने सेक्टर 10 चौक के निकट एक रैली भी की। ज्ञात रहे इन कर्मियों को पिछले दिनों अपनी मांगों के लिए आंदोलन करने के आरोप में बर्खास्त कर दिया गया था।

## हिमाचल सरकार की नई शुरुआत


हिमाचल प्रदेश सरकार ने राज्य के गैर जिम्मेदार तथा निकम्मे अफसरों को उनके पदों से जबरन हटाने के लिए कमेटी गठित करके एक बहुत ही सराहनीय कदम उठाया है। यह कमेटी राज्य सरकार के अफसरों के कार्यों की जांच करके राज्य सरकार को अपनी सिफारिशें देगी। इन्हीं सिफारिशों के आधार पर अपने कर्तव्य के प्रति निष्ठा न रखने वाले अधिकारियों की छुट्टी की जाएगी। राज्य सरकार की आर्थिक मुसीबत को देखते हुए यह एक अपरिहार्य कदम है इसके अलावा यह कदम इसलिए भी अच्छा है क्योंकि अकसर देखा जाता है आम आदमी एक बार सरकारी नौकरी मिल जाने के बाद अपना कार्य ईमानदारी से तथा गंभीरता पूर्वक नहीं करता जिस कारण सरकारी खजाने पर अनावश्यक बोझ पड़ता है। अधिकांश सरकारी कर्मियों की यह धारणा होती है कि सरकारी नौकरी तो मिल ही गई अब उन्हें इससे कौन निकाल सकता है। इसलिए ऐसे कर्मियों के मन से यह अवधारणा निकाल फैकने तथा सरकारी कार्यालयों में कार्य कुशलता बढ़ाने के उद्देश्य से सरकार का कमेटी गठित करने का निर्णय स्वागत योग्य है।

## ज्ञान सागर : देखें आज के दिन क्या घटा

| | |
|---|---|
| 1290 | खिलजी प्रमुख जलालुद्दीन फिरोजशाह दिल्ली की गद्दी पर बैठा और इसके साथ ही गुलाम वंश के शासन का अंत हुआ। |
| 1731 | स्वीडिश ईस्ट इंडिया कंपनी की स्थापना। |
| 1757 | बंगाल, बिहार और उड़ीसा के नवाब सिराजुद्दौला से युद्ध करने के लिए ईस्ट इंडिया कंपनी के रॉबर्ट क्लाइव ने मुर्शिदाबाद की तरफ कूच किया। |
| 1888 | अमेरिकी कांग्रेस ने श्रम विभाग का गठन किया। |
| 1909 | केरल के पालाघाट में ई एम एस नंबूदरिपाद का जन्म। |
| 1932 | ब्रिटेन ने 72 वर्षों तक स्वेज नहर का नियंत्रण अपने कब्जे में रखने के बाद उसे मिस्र को सौंपा। |
| 1940 | देश के महान क्रांतिकारी ऊधम सिंह को लंदन में फांसी दी गई। उन्हें जनरल ओ डायर की हत्या का दोषी ठहराया गया। |
| 1943 | नेताजी सुभाष चंद्र बोस जर्मनी से तोक्यो पहुंचे। |
| 1944 | बान की मून का जन्म। संयुक्त राष्ट्र संघ के आठवें महासचिव थे। |
| 1997 | राजधानी दिल्ली के उपहार सिनेमा में शो के दौरान आग लगने से 59 लोगों की मौत। |
| 2002 | अमेरिका ने ऐंटी-बालिस्टिक मिसाइल संधि से खुद को अलग किया। |
| 2005 | पॉपस्टार माइकल जैक्सन 13 साल के बच्चे के यौन उत्पीड़न मामले में बरी। |
| 2006 | नाइजीरिया और कैमरून ने सीमा विवाद पर समझौता किया। |
| 2012 | पाकिस्तान के प्रसिद्ध गजल गायक मेंहदी हसन का निधन। |
| 2016 | मुद्राराक्षस का निधन। भारत के प्रसिद्ध लेखक, उपन्यासकार, नाटककार, आलोचक तथा व्यंग्यकार थे। |

### बोल ब्यूटीफुल

**हृदयेश जोशी:** ममता बनर्जी के अब तक 19 सांसद और 58 से अधिक विधायक टूट चुके है। इस बर्बादी से तो लगता है कि भाजपा अगले एक साल में ही लोकसभा में अपना पूर्ण बहुमत और दोनों सदनों को मिलाकर दो-तिहाई बहुमत हासिल करना चाहती है, ताकि अगले लोकसभा चुनाव से पहले परिसीमन बिल भी पास हो जाए।



**मिलिंद खांडेकर:** युद्ध से पहले भारत का आधे से ज्यादा क्रुड आयल और एलपीजी होर्मुज जलमार्ग से आता था। यह बंद होने से आप और हम महंगा पेट्रोल-डीजल और एलपीजी खरीद रहे है। जब तक युद्ध खत्म नहीं होगा, तब तक रास्ता नहीं खुलेगा।

# ऐतिहासिक कार्यकाल, परिवर्तनकारी नेतृत्व

दैनिक अर्थ प्रकाश

भारत ने 10 जून, 2026 को अपने लोकतांत्रिक इतिहास में एक नया अध्याय दर्ज किया। इस रोज नरेंद्र मोदी ने प्रधानमंत्री के रूप में निर्बाध सेवा के 4,399 दिन पूरे कर लिए। इसके साथ ही वह भारत के लगातार सबसे लंबे समय तक पद पर रहने वाले निर्वाचित प्रधानमंत्री बन गए। यह ऐतिहासिक उपलब्धि सिर्फ राष्ट्र निर्माण के लिए उनकी दृढ़ प्रतिबद्धता को ही नहीं दिखाती। यह उनके दूरदर्शी नेतृत्व में भारत के लोगों के अडिग विश्वास और आस्था को भी प्रतिबिंबित करती है। यह उनके दूरदर्शी नेतृत्व, राष्ट्रीय विकास के लिए अथक प्रतिबद्धता तथा भारत की अवाम के कल्याण और आकांक्षाओं प्रति अटूट निष्ठा को प्रतिबिंबित करती है।

**परिवर्तनकारी नेतृत्व: 4,366 दिन और आगे:** नरेंद्र मोदीजी ने राष्ट्र के प्रधान सेवक के रूप में भारत में सुशासन और राष्ट्र प्रथम के सिद्धांतों पर आधारित अभूतपूर्व परिवर्तन के युग की शुरुआत की है। इतिहास अब्राहम लिंकन को मानव दासता का अभिशाप खत्म कर लाखों लोगों की गरिमा बहाल करने में उनके अडिग नेतृत्व के लिए उनका आदर करता है। इसी तरह, आने वाली पीढ़ियां 25 करोढ़ से ज्यादा गरीबों को पूर्ण निर्धनता से बाहर निकालने के लिए नरेंद्र मोदीजी को याद करेंगी। उनकी दृष्टि, अथक प्रयासों और परिवर्तनकारी शासन ने अनगिनत परिवारों को अवसर, गरिमा और उम्मीद देकर सशक्त बनाया है तथा वे आर्थिक स्वतंत्रता और बेहतर भविष्य के आश्वासन को अपनाने में समर्थ बने हैं। उनका योगदान मानवता की सेवा में एक युगांतरकारी उपलब्धि के रूप में इतिहास में दर्ज रहेगा।

इतना ही नहीं, उनकी परिवर्तनकारी पहलकदमियों ने शिक्षा, आवासन, स्वच्छता, स्वास्थ्यसेवा और खाद्य निश्चितता के माध्यम से करोड़ों लोगों की गरिमा और सामाजिक सुरक्षा को सुनिश्चित किया है। विश्व के सबसे बड़े सार्वजनिक स्वास्थ्य कार्यक्रमों में से एक, आयुष्मान भारत योजना के जरिए 44 करोड़ से ज्यादा नागरिकों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्यसेवा प्रदान की गई है। जल जीवन मिशन ने 12 करोड़ से ज्यादा ग्रामीण घरों में सुरक्षित और विश्वसनीय पेयजल पहुंचा कर अनगिनत परिवारों को गरिमा प्रदान की और उनके जीवन की गुणवत्ता में सुधार किया है। निःशुल्क खाद्यान्न के 2020 से जारी प्रावधान से लगभग 80 करो? लोगों की खाद्य सुरक्षा की रक्षा होने के अलावा यह सुनिश्चित हुआ है कि कोई भी कमजोर नागरिक पीछे नहीं छूटने पाए। इसके अतिरिक्त, 4 करोड़ से ज्यादा परिवारों का सुरक्षित और स्थाई घर का मालिक बनने का सपना पूरा हुआ जिससे उनमें सुरक्षा, गरिमा और भविष्य के लिए उम्मीद की भावना मजबूत हुई है। कुल मिला कर, ये पहलकदमियां एक सहृदय शासन और प्रत्येक भारतीय के कल्याण के लिए अटूट प्रतिबद्धता के स्थाई प्रतीक हैं।

प्रधानमंत्री मोदी के दृष्टिकोण ने समाज के हर वर्ग को सशक्त बनाया है—चाहे वे महिलाएं हों, युवा हों, किसान हों या वंचित वर्ग के लोग। 3 करोड़ से ज़्यादा 'लखपति दीदियों' का सामने आना महिला नेतृत्व में विकास के उनके दृष्टिकोण का एक सशक्त प्रमाण है, जबकि 'नारी शक्ति' के तहत शुरू की गई पहलों ने महिलाओं को देश के निर्माण में और भी अहम भूमिका निभाने में सक्षम बनाया है। नए आईआईटी, एम्स, मेडिकल कॉलेजों और उच्च शिक्षा संस्थानों की स्थापना से भारत में शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं का दायरा तेज़ी से बढ़ा है, जिससे देश के युवाओं के लिए अभूतपूर्व अवसर पैदा हुए हैं।

साथ ही, भारत ने इंफ्रास्ट्रक्चर के क्षेत्र में एक अभूतपूर्व क्रांति देखी है। वंदे भारत ट्रेनों, हवाई अड्डों, राजमार्गों और रेलवे स्टेशनों के तेज़ी से विस्तार से लेकर दूर-दराज़ के इलाकों तक कनेक्टिविटी को बेहतर बनाने वाली परियोजनाओं तक, उनके नेतृत्व में एक आधुनिक, आपस में जुड़े हुए और महत्वाकांक्षी भारत की नींव रखी है। इन उपलब्धियों ने न केवल आर्थिक विकास को गति दी है, बल्कि देश भर के लाखों नागरिकों के जीवन स्तर को भी बेहतर बनाया है।

भारत डिजिटल नवाचार, सेमी-कंडक्टर, अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी, वैक्सीन बनाने और मोबाइल मैन्युफैक्चरिंग के क्षेत्र में एक वैश्विक नेता के रूप में उभरा है, जिससे उभरती हुई नई प्रौद्योगिकियों के क्षेत्र में विश्व में हमारे देश की स्थिति और मजबूत हुई है।



**विकास भी, विरासत भी- तमिल विरासत का सम्मान, तमिलनाडु का विकास:** समकालीन नेताओं में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी को जो बात सबसे अलग और अनूठी बनाती है, वह है उनका यह दृढ़ विश्वास कि विकास और परंपरा कोई परस्पर विरोधी विचार नहीं, बल्कि एक-दूसरे के पूरक हैं। 'विकास भी, विरासत भी' की अपनी दूरदर्शी सोच के ज़रिए उन्होंने यह दिखाया है कि कोई देश अपनी सभ्यतागत विरासत से जुड़े रहते हुए भी तेज़ी से आधुनिकीकरण की राह पर आगे बढ़ सकता है।

उनके नेतृत्व में, भारत ने इन्फ्रास्ट्रक्चर, प्रौद्योगिकी, मैन्युफैक्चरिंग और समाज कल्याण के क्षेत्र में परिवर्तनकारी विकास किया है और इसके साथ ही अपनी प्राचीन संस्कृति, भाषाओं, आध्यात्मिक परंपराओं और ऐतिहासिक विरासत के प्रति एक नए गौरव का अनुभव किया है। चाहे पवित्र स्थलों का जीर्णोद्धार हो, सांस्कृतिक प्रतीकों का पुनरुत्थान हो, शास्त्रीय भाषाओं को बढ़ावा देना या अमूल्य कलाकृतियों का संरक्षण हो- उनके शासन में आधुनिक आकांक्षाओं और शाश्वत मूल्यों का दुर्लभ समन्वय देखने को मिलता है।

प्रधानमंत्री मोदी के नज़रिए ने राष्ट्र-निर्माण की परिभाषा को नए सिरे से गढ़ा है। उन्होंने यह साबित किया है कि असली विकास का पैमाना सिर्फ़ आर्थिक तरक्की नहीं है, बल्कि इसे इस बात से भी मापा जाता है कि एक राष्ट्र अपनी विरासत को भावी पीढ़ियों के लिए संरक्षित करने, संजोने और सौंपने में कितना सक्षम है। उनकी 'विकास भी, विरासत भी' की सोच एक ऐसे आत्मविश्वास से भरे और नई ऊर्जा के साथ आगे बढ़ते भारत के लिए मार्गदर्शक सिद्धांत बन गई है, जो अपने गौरवशाली अतीत से मज़बूती से जुडेक रहते हुए भविष्य की ओर निडरता से कदम बढ़ा रहा है।

इस सोच का सबसे ज़्यादा फ़ायदा तमिलनाडु और दुनिया भर में फैले तमिल समुदाय को मिला है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में उनकी समृद्ध भाषाई, सांस्कृतिक और सभ्यतागत विरासत को अभूतपूर्व पहचान, सम्मान और समर्थन मिला है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में चलाई जा रही परिवर्तनकारी पहलों से तमिलनाडु को बहुत लाभ हुआ है, जिनमें चेन्नई मेट्रो रेल का विस्तार, चेन्नई-बेंगलुरु एक्सप्रेसवे, तमिलनाडु रक्षा औद्योगिक गलियारा, बंदरगाहों और हवाई अड्डों का आधुनिकीकरण, राष्टीय राजमार्गों का विस्तार, रेलवे स्टेशनों का पुनर्विकास और नया पाम्बन रेल पुल शामिल हैं।भारत के पहले वर्टिकल-लिफ्ट सी-ब्रिज, नए पाम्बन रेल पुल का उद्घाटन एक ऐतिहासिक उपलब्धि है, जो रामेश्वरम के लिए कनेक्टिविटी को बेहतर बनाता है और भारत की इंजीनियरिंग उत्कृष्टता का प्रतीक है। आत्मनिर्भर भारत के दृष्टिकोण के निरंतर और दृढ़ प्रयास के कारण, तमिलनाडु इलेक्ट्रॉनिक्स, मोबाइल फोन और आईफोन मैन्युफैक्चरिंग के लिए एक प्रमुख केंद्र के तौर पर भी उभरा है।

पूर्व के किसी भी प्रधानमंत्री ने तमिल भाषा, संस्कृति और विरासत को उस निरंतरता, प्रमुखता और वैश्विक स्तर पर बढ़ावा नहीं दिया जैसा श्रीमान नरेंद्र मोदी जी ने दिया है, उन्होंने तमिल सभ्यता को एक नई राष्टीय और अंतर्राष्टीय पहचान दिलाई है। भारत और विदेशों में तमिल की प्राचीनता और साहित्यिक समृद्धि का उनके द्वारा लगातार किया गया गौरवगान दुनिया भर के तमिलों के दिलों को गहराई से छू गया है।इस गहरे संदेश को वैश्विक मंच पर लाकर, उन्होंने दुनिया को तमिल संस्कृति में निहित शाश्वत मानवीय मूल्यों और उसकी समृद्ध सभ्यतागत विरासत से परिचित कराया। मानवता को यह एहसास हुआ कि कार्ल मार्क्स से सदियों पहले ही तमिलों ने 'एक मानवता' के नेक विचार को अपनाया था। 'वसुधैव कुटुंबकम' की पहल भी इसी दर्शन पर आधारित है।

'काशी-तमिल संगमम' और 'सौराष्ट्र-तमिल संगमम' जैसी पहलों ने सांस्कृतिक संबंधों को मज़बूत किया है और उन स्थायी सभ्यतागत रिश्तों को उजागर किया है जो हमारे देश को एकजुट करते हैं। हमारे नए संसद भवन में 'सेंगोल' की स्थापना, भारत की लोकतांत्रिक और सभ्यतागत विरासत में तमिलनाडु के योगदान की एक सटीक पहचान है। प्रधानमंत्री मोदी की गंगईकोंडा चोलपुरम की यात्रा चोल वंश की विरासत को उजागर करती है। साथ ही, विदेशों से बेशकीमती कलाकृतियों और प्राचीन वस्तुओं को वापस लाने की व्यापक रूप से सराहना की गई है, इनमें हाल ही में अनाईमंगलम से मिली चोल-युगीन तांबे के ताम्रपत्र भी शामिल हैं। मंदिरों, धरोहर स्थलों, शास्त्रीय साहित्य और सांस्कृतिक परंपराओं के संरक्षण के लिए उनके समर्थन के साथ-साथ, इन प्रयासों ने विश्व में तमिल सभ्यता की प्रतिष्ठा को बढ़ाया है और तमिल भाषा व संस्कृति के प्रति उनके गहरे सम्मान को भी दर्शाया है।

**निष्कर्ष:** हर दौर में इतिहास ऐसे नेताओं के उदय का गवाह रहा है, जिनकी सोच और काम उनके समय की सीमाओं से कहीं आगे होते हैं। ऐसे लोगों को 'युग पुरुष' के तौर पर याद किया जाता है क्योंकि वे देश की नियति बदलते हैं और आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करते हैं। अपने परिवर्तनकारी नेतृत्व, राष्ट्रीय विकास के प्रति प्रतिबद्धता और जनता की अथक सेवा के माध्यम से, वह समकालीन भारत के एक सच्चे 'युग पुरुष' के रूप में उभरे हैं।

मुझे पूरा विश्वास है कि उनका कुशल नेतृत्व राष्ट्र को 'विकसित भारत @ 2047' की ओर ले जाएगा।

**–श्री सीपी राधाकृष्णन**
(लेखक भारत के उपराष्ट्रपति हैं)

# रैंप कार्यक्रम के तहत हिमाचल प्रदेश की उल्लेखनीय प्रगति, केंद्र ने सराहे प्रयास

अर्थ प्रकाश/अनिल कुमार शर्मा



**शिमला।** हिमाचल प्रदेश में राइजिंग एंड एक्सेलेरेटिंग एमएसएमई परफॉर्मेंस (रैंप) कार्यक्रम के क्रियान्वयन की व्यापक समीक्षा बैठक उद्योग निदेशालय में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता भारत सरकार के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय के अतिरिक्त सचिव एवं विकास आयुक्त डॉ. रजनीश ने की। बैठक में आयुक्त उद्योग डॉ. यूनुस और अशोक गौतम, सहायक निदेशक, एमएसएमई विकास एवं सुविधा कार्यालय, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय (एमओएमएसएमई), सोलन, संयुक्त निदेशक, उद्योग विभाग उद्योग विभाग, अनिल ठाकुर, तथा संयुक्त निदेशक उद्योग विभाग उद्योग विभाग रमेश वर्मा, सहित विभाग के अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक में मंत्रालय द्वारा स्वीकृत विभिन्न हस्तक्षेपों के तहत राज्य में हुई प्रगति की समीक्षा की गई। उद्योग आयुक्त ने बताया कि रैंप कार्यक्रम के अंतर्गत राज्य ने विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं। एमएसएमई स्मार्ट पहल के तहत 1,080 सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों का डिजिटल तत्परता आकलन पूरा किया गया है। वहीं एमएसएमई ग्रीनिंग पहल के अंतर्गत 890 इकाइयों में संसाधन दक्षता एवं स्वच्छ उत्पादन अध्ययन कर पर्यावरण अनुकूल औद्योगिक गतिविधियों को बढ़ावा दिया गया है।

उद्यमिता पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करने के लिए राज्य में 48 प्री-इन्क्यूबेशन केंद्र स्थापित किए गए हैं, जिनसे औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों और पॉलिटेक्निक संस्थानों के लगभग 19 हजार युवा जुड़े हैं। यह पहल नवाचार को बढ़ावा देने और भावी उद्यमियों को तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।

एमएसएमई इकाइयों की वित्तीय पहुंच को बेहतर बनाने के लिए इनवॉइस मार्ट और आरएक्सआईएल के साथ समझौता ज्ञापन हस्ताक्षरित किए गए हैं। इसके माध्यम से एमएसएमई, राज्य सार्वजनिक उपक्रमों, बोर्डों एवं निगमों को व्यापार देयक छूट प्रणाली मंच से जोड़ा जा रहा है, जिससे भुगतान में देरी की समस्या का समाधान होगा। बैठक में बताया गया कि सामाजिक समावेशन रैंप कार्यक्रम का प्रमुख आधार है, जिसके तहत महिला एवं वंचित वर्गों द्वारा संचालित उद्यमों को वित्तीय और व्यावसायिक अवसरों से जोड़ने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

बैठक के दौरान प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना की प्रगति पर भी विस्तृत चर्चा हुई। डॉ. रजनीश ने योजना के विभिन्न घटकों की समीक्षा करते हुए इसके प्रभावी क्रियान्वयन के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने वित्तीय संस्थानों से योजना के सभी पात्र कारीगरों को ऋण सुविधा उपलब्ध कराने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने बताया कि देशभर में लाभार्थियों को टूलकिट उपलब्ध कराने की प्रक्रिया में तेजी लाई जा रही है तथा शेष पात्र कारीगरों को भी शीघ्र टूलकिट उपलब्ध करा दिए जाएंगे। समीक्षा के दौरान योजना के प्रति जागरूकता बढ़ाने और अधिक से अधिक पारंपरिक कारीगरों की भागीदारी सुनिश्चित करने पर भी बल दिया गया।

### 1,325 ग्रामीण महिला उद्यमियों को कौशल प्रशिक्षण प्रदान

सामाजिक समावेशन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 1,325 ग्रामीण महिला उद्यमियों को हिमाचल प्रदेश राज्य हस्तशिल्प एवं हथकरघा निगम तथा हिमाचल प्रदेश कौशल विकास निगम के माध्यम से कौशल प्रशिक्षण प्रदान किया गया है। कार्यक्रम के तहत 60 महिला उद्यमियों की पहचान कर उनमें से 20 के लिए विशेष कार्यशाला आयोजित की गई। इसके अतिरिक्त 16 वित्तीय एवं नेटवर्किंग बैठकों के माध्यम से 257 महिला उद्यमियों को लाभ पहुंचाया गया। प्रशासनिक दक्षता बढ़ाने की दिशा में भी महत्वपूर्ण कार्य किया गया है। जिला उद्योग केंद्रों, एकल खिड़की स्वीकृति प्राधिकरणों तथा उद्योग निदेशालय में 7,492 पुराने अभिलेखों का डिजिटलीकरण किया गया है।

## समाधान समारोह के तहत विशेष अदालत की जा रही आयोजित : प्रशांत सिंह

**सोलन (यशपाल कपूर)।** जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण सोलन के सचिव प्रशांत सिंह नेगी ने कहा कि आम जन के लिए न्याय सुलभ बनाने के उद्देश्य से सर्वोच्च न्यायालय में गत 21 अप्रैल से सर्वोच्च न्यायालय के परिसर में समाधान समारोह-2026 का शुभारम्भ किया गया।

उन्होंने कहा कि इस विशेष अभियान के तहत विभिन्न मामलों का निपटारा आपसी सहमति, संवाद और मध्यस्थता से किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि 21, 22 व 23 अगस्त, 2026 को सर्वोच्च न्यायालय के परिसर में विशेष लोक अदालतों के आयोजन का समापन होगा। सचिव ने कहा कि इस समाधान समारोह के तहत 21 अप्रैल, 2026 से सुलह एवं मध्यस्थता बैठकों का आयोजन आरम्भ हो चुका है।

उन्होंने कहा कि यह बैठकें उच्च न्यायालय, राज्य, जिला एवं तालुका स्तर पर विधिक सेवा प्राधिकरणों एवं समितियों के अंतर्गत स्थापित मध्यस्थता केन्द्रों में आयोजित की जा रही हैं। उन्होंने कहा कि इन बैठकों में प्रशिक्षित मध्यस्थ एवं विधिक सेवा प्राधिकरण के अधिकारी पक्षकारों के बीच सहमति बनाने में सहयोग प्रदान कर रहे हैं।



## तकनीकी शिक्षा मंत्री ने किया अदानी स्किल डेवलपमेंट सेंटर 'सक्षम' बरमाणा का दौरा

अर्थ प्रकाश /अजय मल्होत्रा

**बिलासपुर, 12 जून।** नगर व ग्राम नियोजन, आवास, तकनीकी शिक्षा, व्यावसायिक एवं औद्योगिक प्रशिक्षण मंत्री राजेश धर्माणी ने आज अदानी स्किल डेवलपमेंट सेंटर सक्षम, बरमाणा का दौरा किया तथा उपलब्ध प्रशिक्षण संबधी विभिन्न सुविधाओं की जानकारी प्राप्त की। इस दौरान उन्होंने रिटेल, ड्रोन, एआई तथा इलेक्ट्रीशियन ट्रेड के प्रशिक्षुओं से बातचीत की और उज्ज्वल भविष्य के लिए महत्वपूर्ण सुझाव भी दिए।

इस मौके पर तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी ने कहा कि रिटेल, ड्रोन, एआई तथा इलेक्ट्रिशियन ट्रेड में सफलता के लिए प्रभावी संचार कौशल तथा नवीनतम तकनीकी ज्ञान का होना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने प्रतिस्पर्धा के इस दौर में ज्ञान और कौशल को निरंतर अपग्रेड करने तथा बदलती तकनीकों और उद्योगों की आवश्यकताओं के अनुरूप स्वयं को तैयार करने पर भी जोर दिया। साथ ही प्रशिक्षणार्थियों से स्वास्थ्य का ध्यान रखने, नियमित दिनचर्या अपनाने तथा शारीरिक एवं मानसिक रूप से स्वस्थ रहने का भी आह्वान किया। इस दौरान प्रशिक्षुओं ने भी अपने अनुभव साझा किए तथा मंत्री राजेश धर्माणी से विभिन्न विषयों पर मार्गदर्शन प्राप्त किया।

इस मौके पर संस्थान के प्रबंधक तथा प्रशिक्षणार्थी मौजूद रहे।

## झोर-ब्रालनु-गुरुकोठा बस सेवा की सौगात पूर्व मंत्री प्रकाश चौधरी ने दिखाई हरी झंडी

अर्थ प्रकाश/ आदर्श यादव



**सुंदर नगर( मंडी )12 जून।** बल्ह विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत लुहाखर और कोठी के लोगों को लंबे इंतजार के बाद परिवहन सुविधा की बड़ी सौगात मिली है। पूर्व मंत्री प्रकाश चौधरी के प्रयासों से सुंदरनगर-झोर बस सेवा का विस्तार ब्रालनु गलू से आगे गुरुकोठा तक कर दिया गया है। शुक्रवार को पूर्व मंत्री प्रकाश चौधरी ने विधिवत पूजा-अर्चना एवं नारियल फोड़कर नई विस्तारित बस सेवा का शुभारंभ किया और हरी झंडी दिखाकर बस को रवाना किया। क्षेत्रवासियों की यह मांग कई वर्षों से लंबित थी। ग्रामीणों का कहना था कि बस सेवा गुरुकोठा तक पहुंचने से विद्यार्थियों, कर्मचारियों, महिलाओं, बुजुर्गों और आम लोगों को आवागमन में बड़ी सुविधा मिलेगी। मांग पूरी होने पर दोनों पंचायतों में खुशी की लहर दौड़ गई है।

बस सेवा के शुभारंभ अवसर पर ब्रालनु गलू में स्थानीय लोगों ने पूर्व मंत्री प्रकाश चौधरी का ढोल-नगाड़ों, फूलमालाओं और पारंपरिक स्वागत के साथ जोरदार अभिनंदन किया। वहीं गुरुकोठा पहुंचने पर कोठी पंचायत की जनता ने भी उनका भव्य स्वागत किया। महिला मंडलों एवं ग्रामीणों ने उन्हें शॉल और हिमाचली टोपी पहनाकर सम्मानित किया।

कार्यक्रम के दौरान महिला मंडलों द्वारा प्रस्तुत रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने सभी का मन मोह लिया। प्रस्तुतियों से प्रभावित होकर प्रकाश चौधरी ने महिला मंडल को अपनी ओर से 11 हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि देने की घोषणा की।

प्रकाश चौधरी ने कहा कि क्षेत्र की जनता की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए बस सेवा का विस्तार कराया गया है। उन्होंने कहा कि जनहित के कार्यों को प्राथमिकता देना हमेशा उनकी राजनीति और जनसेवा का मूल उद्देश्य रहा है तथा भविष्य में भी क्षेत्र के विकास के लिए निरंतर प्रयास जारी रहेंगे। उन्होंने भाजपा सरकार और स्थानीय विधायक इंद्र सिंह गांधी पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि उनके कार्यकाल में स्वीकृत एवं शुरू किए गए विकास कार्यों का श्रेय लेने की कोशिश की जा रही है।

## सीपीआर का ज्ञान हर नागरिक के लिए जरूरी : सुंदर सिंह ठाकुर

अर्थ प्रकाश/अशेष शर्मा

**कुल्लू, 12 जून।** नर्सिंग स्कॉलर सोसायटी (हिमाचल प्रदेश) के तत्वावधान क्रिश्चियन नर्सिंग कॉलेज द्वारा नर्सिंग एवं मेडिकल विद्यार्थियों तथा स्वास्थ्य पेशेवरों के लिए कार्डियोपल्मोनरी रिससिटेशन (सीपीआर) विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का शुभारंभ विधायक सुंदर सिंह ठाकुर ने किया।

कार्यशाला में विशेषज्ञों ने कार्डियक अरेस्ट जैसी आपातकालीन स्थितियों में त्वरित प्रतिक्रिया, सीपीआर की नवीनतम तकनीकों और जीवन रक्षक उपायों पर विस्तृत जानकारी दी। वैज्ञानिक चर्चा सत्रों, व्याख्यानों तथा व्यावहारिक प्रशिक्षण के माध्यम से प्रतिभागियों को आधुनिक सीपीआर प्रोटोकॉल का प्रशिक्षण प्रदान किया गया। विधायक सुंदर सिंह ठाकुर ने कहा कि सीपीआर



का ज्ञान केवल स्वास्थ्य कर्मियों के लिए ही नहीं, बल्कि आम नागरिकों के लिए भी अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि सही समय पर दिया गया सीपीआर किसी व्यक्ति के जीवन और मृत्यु के बीच का अंतर साबित हो सकता है तथा ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रम समाज में जागरूकता और जीवन बचाने की क्षमता विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

आयोजकों ने बताया कि कार्यशाला नर्सिंग एवं मेडिकल क्षेत्र से जुड़े विद्यार्थियों और पेशेवरों के लिए शैक्षणिक समृद्धि, कौशल विकास और पेशेवर संवाद का प्रभावी मंच साबित हुई।

## 15 जून को होगी मेगा मॉक एक्सरसाइज, पांच स्थानों पर होगा राहत व बचाव कार्यों का अभ्यास

अर्थ प्रकाश/रोहित शर्मा

**ऊना, 12 जून।** प्रदेशव्यापी मेगा मॉक एक्सरसाइज के तहत 15 जून को जिला ऊना के पांच स्थानों पर राहत एवं बचाव कार्यों का अभ्यास किया जाएगा। इस दौरान भूकंप, भूस्खलन, आगजनी और भवन गिरने जैसी काल्पनिक आपदा परिस्थितियों में विभिन्न विभागों की त्वरित प्रतिक्रिया, समन्वय और संसाधनों की उपलब्धता का परीक्षण किया जाएगा।

मेगा मॉक एक्सरसाइज की तैयारियों की समीक्षा के लिए शुक्रवार को राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के वरिष्ठ अधिकारियों ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक आयोजित की। बैठक में जिला प्रशासन ऊना की ओर से अतिरिक्त उपायुक्त महेंद्र पाल गुर्जर ने विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ भाग लिया।

**भूकंप, भूस्खलन और आगजनी जैसी आपदाओं से निपटने की तैयारियों की होगी परख**

अतिरिक्त उपायुक्त ने बताया कि जिले के सभी पांच उपमंडलों में अलग-अलग आपदा परिदृश्य निर्धारित किए गए हैं। इन परिदृश्यों के आधार पर राहत एवं बचाव कार्यों का अभ्यास कर आपदा प्रबंधन तंत्र की तैयारियों और क्षमता का आकलन किया जाएगा।

बैठक में मौसम पूर्वानुमान, अर्ली वार्निंग सिस्टम, उपग्रह आधारित मौसम निगरानी, आपदा के दौरान संचार एवं समन्वय व्यवस्था, सड़कों के रखरखाव, यातायात प्रबंधन तथा आगजनी की घटनाओं से निपटने की तैयारियों की समीक्षा की गई। अधिकारियों को संभावित जोखिम वाले क्षेत्रों की पहचान, जन-जागरूकता बढ़ाने तथा पूर्व तैयारियों को और सुदृढ़ करने के निर्देश भी दिए गए। मेगा मॉक एक्सरसाइज के तहत ऊना उपमंडल के इंडियन ऑयल बॉटलिंग प्लांट मैहतपुर में आग लगने, बंगाणा उपमंडल के तूतड़ू क्षेत्र में जंगल की आग, अंब उपमंडल के पिंडी दास आश्रम एवं नेत्र चिकित्सालय क्षेत्र में भूस्खलन, गगरेट उपमंडल के पिंडी फिलिंग स्टेशन में आग लगने तथा हरोली उपमंडल के बेला बाथड़ी स्थित न्यासा मल्टीप्लास्ट में भवन गिरने की काल्पनिक परिस्थितियों में राहत एवं बचाव कार्यों का अभ्यास किया जाएगा। बैठक में नगर निगम ऊना के आयुक्त पृथिपाल सिंह, एसडीएम अंब पारस अग्रवाल, तहसीलदार ऊना विपन ठाकुर, स्वास्थ्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुखदीप सिंह सिद्धू, अधिशाषी अभियंता लोक निर्माण विभाग कुलदीप सिंह, रेंज ऑफिसर बंगाणा अंकुश आनंद सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### शिक्षा मंत्री कल मलोग एवं पुजारली नंबर-4 के प्रवास पर

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश के शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर 14 जून, 2026 को जुब्बल-कोटखाई के विभिन्न क्षेत्रों के एक दिवसीय प्रवास पर रहेंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार रोहित ठाकुर दोपहर 12:00 बजे मलोग (नंदपुर) पहुंचेंगे और युवा स्पोर्ट्स क्लब द्वारा आयोजित वॉलीबॉल प्रतियोगिता के समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे। इस अवसर पर वे खिलाड़ियों को सम्मानित करेंगे। इसके उपरांत वह स्थानीय लोगों एवं पार्टी कार्यकर्ताओं से भेंट कर उनकी समस्याएं भी सुनेंगे। इसके पश्चात शिक्षा मंत्री सायं 4:00 बजे पुजारली नंबर-4 पहुंचेंगे और नवयुवक मंडल टिक्करी द्वारा आयोजित अमन मेमोरियल वॉलीबॉल टूर्नामेंट के पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में भाग लेंगे। कार्यक्रम के दौरान वे विजेता एवं उपविजेता टीमों को पुरस्कार प्रदान करेंगे। इसके अतिरिक्त वह स्थानीय पार्टी कार्यकर्ताओं एवं क्षेत्रवासियों से मुलाकात कर उनकी जन समस्याएं भी सुनेंगे।

### स्वास्थ्य मंत्री 15 जून को सोलन के प्रवास पर

**सोलन।** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता तथा सैनिक कल्याण मंत्री कर्नल डॉ. धनीराम शांडिल 15 जून, 2026 को सोलन जिला के प्रवास पर रहेंगे। डॉ. शांडिल को 15 जून, 2026 को प्रातः 11.00 बजे कोठों स्थित ?िला भाषा एवं संस्कृति विभाग सोलन के ऑडिटोरियम में नवनिर्वाचित प्रधान व उप-प्रधानों को शपथ दिलवाएं। स्वास्थ्य मंत्री तदोपरांत दोपहर 02.00 बजे सायरीघाट में विश्व वृद्धजन दुर्व्यवहार जागरूकता दिवस के अवसर पर आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे।

### तकनीकी शिक्षा मंत्री ने अदानी स्किल डेवलपमेंट सेंटर 'सक्षम' बरमाणा का किया दौरा

**बिलासपुर, 12 जून (अजय मल्होत्रा)।** नगर व ग्राम नियोजन, आवास, तकनीकी शिक्षा, व्यावसायिक एवं औद्योगिक प्रशिक्षण मंत्री राजेश धर्माणी ने आज अदानी स्किल डेवलपमेंट सेंटर सक्षम, बरमाणा का दौरा किया तथा उपलब्ध प्रशिक्षण संबंधी विभिन्न सुविधाओं की जानकारी प्राप्त की। इस दौरान उन्होंने रिटेल, ड्रोन, एआई तथा इलेक्ट्रीशियन ट्रेड के प्रशिक्षुओं से बातचीत की और उज्ज्वल भविष्य के लिए महत्वपूर्ण सुझाव भी दिए। इस मौके पर तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी ने कहा कि रिटेल, ड्रोन, एआई तथा इलेक्ट्रिशियन ट्रेड में सफलता के लिए प्रभावी संचार कौशल तथा नवीनतम तकनीकी ज्ञान का होना अत्यंत आवश्यक है।

### डडौर से खड़ी स्कूटी गायब, चोरों के हौसले बुलंद

**सुंदर नगर( मंडी ) 12जून (आदर्श यादव)।** बल्ह उपमंडल में चोरी की घटनाएं लगातार लोगों की चिंता बढ़ा रही हैं। ताजा मामले में डडौर स्थित पुराने तहसील भवन के समीप पार्क की गई एक स्कूटी रहस्यमय परिस्थितियों में गायब हो गई। पीड़िता कुम्मी निवासी लैब तकनीशियन ज्योतिका ने इस संबंध में बल्ह पुलिस थाना में शिकायत दर्ज करवाई है। ज्योतिका ने बताया कि वह प्रतिदिन सुंदरनगर अस्पताल में अपनी ड्यूटी के लिए जाती हैं। रोजाना की तरह 10 जून को भी उन्होंने डडौर में अपनी स्कूटी (एचपी-33ई-1106) पुराने तहसील भवन के समीप खड़ी की और बस के माध्यम से सुंदरनगर रवाना हो गईं। उस दिन उनकी रात्रि ड्यूटी थी, इसलिए उन्होंने शाम करीब साढ़े सात बजे स्कूटी पार्क की थी। अगली सुबह ड्यूटी समाप्त होने के बाद जब वह वापस डडौर पहुंचीं तो उनकी स्कूटी निर्धारित स्थान पर नहीं मिली। उन्होंने आसपास काफी खोजबीन की, लेकिन स्कूटी का कोई पता नहीं चला। इसके बाद उन्होंने तुरंत पुलिस थाना बल्ह में शिकायत दर्ज करवाई। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## रामपुर जलविद्युत परियोजना के संवेदनशील क्षेत्रों में ड्रोन उड़ाने पर तत्काल प्रभाव से प्रतिबंध

अर्थ प्रकाश/अशेष शर्मा

**कुल्लू, 12 जून।** जिला दण्डाधिकारी कुल्लू अनुराग चन्द्र शर्मा ने राष्ट्रीय महत्व की महत्वपूर्ण आधारभूत संरचना रामपुर हाइड्रो पावर स्टेशन (आरएचपीएस) की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए परियोजना के संवेदनशील क्षेत्रों में किसी भी प्रकार के ड्रोन अथवा मानव रहित हवाई वाहन (यूएवी) के संचालन एवं उड़ान पर तत्काल प्रभाव से प्रतिबंध लगाने के आदेश जारी किए हैं।

जारी आदेशों में कहा गया है कि पावर हाउस, स्विचयार्ड, सुरंगों, ट्रांसमिशन सुविधाओं तथा अन्य संबद्ध प्रतिष्ठानों के ऊपर अथवा आसपास ड्रोन का अनधिकृत संचालन सार्वजनिक सुरक्षा, कानून व्यवस्था और परियोजना की सुरक्षा के लिए संभावित खतरा उत्पन्न कर सकता है। इस संबंध में आरएचपीएस प्रबंधन, पुलिस विभाग तथा संबंधित उपमंडल अधिकारी (नागरिक) द्वारा भी सुरक्षा कारणों से प्रतिबंध लगाने की अनुशंसा की गई थी। जिला दण्डाधिकारी ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा 163 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए आदेश जारी किए हैं कि रामपुर हाइड्रो पावर स्टेशन के संवेदनशील क्षेत्रों में किसी भी आकार अथवा प्रकार के ड्रोन का उड़ाना, संचालन या उपयोग पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। यह आदेश आगामी आदेशों तक प्रभावी रहेगा।

हालांकि, कानून प्रवर्तन एजेंसियों, सशस्त्र बलों तथा अपने आधिकारिक दायित्वों के निर्वहन के दौरान अन्य सरकारी एजेंसियों द्वारा संचालित ड्रोन इस प्रतिबंध से मुक्त रहेंगे। इसके अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी अथवा जिला प्रशासन द्वारा अधिकृत अधिकारी से पूर्व लिखित अनुमति प्राप्त करने वाले ड्रोन संचालन की भी अनुमति होगी। आदेशों का उल्लंघन करने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 तथा अन्य लागू कानूनी प्रावधानों के तहत दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।

## 28वीं सीनियर/वैटरन नेशनल टेनिस बॉलीवॉल प्रतियोगिता नेरवा में शुरू

**हिमाचल में पहली बार इस प्रतियोगिता का आयोजन**

**22 राज्यों के 300 से अधिक खिलाड़ी ले रहे हैं हिस्सा**

अर्थ प्रकाश/यशपाल कपूर



**सोलन।** चौपाल क्षेत्र के नेरवा में 28वीं सीनियर/ वैटरन नेशनल टेनिस बॉलीवॉल प्रतियोगिता शुक्रवार को शुरू हुई। प्रतियोगिता में देशभर के 22 राज्यों के 300 से अधिक खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं। प्रतियोगिता के शुभारंभ के लिए पूर्व केंद्रीय मंत्री व सांसद अनुराग ठाकुर व चौपाल के विधायक बलवीर वर्मा ने आना था, लेकिन किन्ही कारणों से वह इस प्रतियोगिता में नहीं पहुंच पाए। अनुराग ठाकुर ने इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता के सफल आयोजन के लिए बधाई दी और एक संदेश भी भेजा। प्रतियोगिता का शुभारंभ नवनिर्वाचित जिला परिषद सदस्य भूपेंद्र सिसोदिया ने किया। इस मौके पर पूर्व प्रधान योगेश अस्ता, पूर्व सैन्य अधिकारी कैप्टन गोपाल मेहता, देश में टेनिस बॉलीवॉल के फाउंडर सदस्य वैंकटेश बाडवाड़, गुजरात के डीएस जडेजा,टेनिस बॉलीवॉल एसोसिएशन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मणिपुर पॉल के अलावा 22 राज्यों के सचिव भी मौजूद रहे। हिमाचल में शुक्रवार को हुई तेज बारिश के कारण दिल्ली और गुजरात के मध्य उद्घाटन मैच हुआ। अन्य मुकाबले देर रात होंगे।

**14 तक चलेगी प्रतियोगिता :** हिमाचल प्रदेश टेनिस बॉलीवॉल एसोसिएशन के प्रधान यदुवीर सिंह चौहान, महासचिव गोबिंद सिंह चांइक ने बताया कि यह नेशनल टेनिस बॉलीवॉल प्रतियोगिता 14 जून तक चलेगी। 13 जून की प्रतियोगिता में जुब्बल राजपरिवार से दिव्या कुमारी मुख्यातिथि होंगी। इसके अलावा अंतरराष्ट्रीय बॉलीवॉल खिलाड़ी बलवीर सूरी, राम सिंगपुरी, रिटायर तहसीलदार एचएच घेजटा विशेष अतिथि के तौर पर शिरकत करेंगे। उन्होंने बताया कि 14 जून को समापन अवसर पर हिमाचल में मुख्यमंत्री के प्रधान मीडिया सलाहकार नरेश चौहान विजेताओं को पुरस्कृत करेंगे।

इस मौके पर टेनिस बॉलीवॉल एसोसिएशन हिमाचल के आयोजक सचिव रविंद्र दुर्गाइक, तकनीकी समिति के चेयरमैन ज्ञान मेहता, रामेश्वरी खागटा अंजना राणा, डीडी जस्टा, हेमंत ठाकुर, डीआर खागटा, दिनेश रांटा,अंजना राणा समेत अन्य मौजूद रहे।

## मोदी सरकार ने हिमाचल को विकास की नई रफ्तार दी, आधारभूत ढांचे में हुए ऐतिहासिक काम : जेपी नड्डा

**जल जीवन मिशन, उज्ज्वला और प्रधानमंत्री आवास योजना से हिमाचल के लाखों परिवारों के जीवन में आया सकारात्मक बदलाव**

अर्थ प्रकाश/अनिल कुमार शर्मा




**शिमला, 12 जून।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा आयोजित 12 साल विश्वास के, विकास के, जनकल्याण के अभियान के अंतर्गत शिमला में आयोजित बुद्धिजीवी सम्मेलन को संबोधित करते हुए केंद्रीय स्वास्थ्य, परिवार कल्याण, रसायन एवं उर्वरक मंत्री तथा भाजपा के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्ष भारत के इतिहास में स्वर्णिम अक्षरों में लिखे जाएंगे। उन्होंने कहा कि ये 12 वर्ष केवल एक सरकार के कार्यकाल नहीं, बल्कि विकसित भारत की मजबूत आधारशिला रखने वाले परिवर्तनकारी वर्ष हैं।

जगत प्रकाश नड्डा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लगातार 4399 दिनों तक देश के प्रधान सेवक के रूप में कार्य करते हुए एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। यह उपलब्धि केवल एक व्यक्ति की नहीं बल्कि देश की 140 करोड़ जनता के विश्वास, समर्थन और आशाओं का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि जब देश ने आजादी के 75 वर्ष पूरे किए, तब प्रधानमंत्री मोदी ने अमृतकाल का आह्वान करते हुए वर्ष 2047 तक विकसित भारत का संकल्प रखा था और पिछले 12 वर्षों में उस संकल्प की मजबूत नींव रखी जा चुकी है।

उन्होंने कहा कि वर्ष 2014 से पहले देश की राजनीति जातिवाद, परिवारवाद, तुष्टिकरण और भ्रष्टाचार के इर्द-गिर्द घूमती थी। आम नागरिक यह मान चुका था कि सरकारें बदलती हैं लेकिन व्यवस्था नहीं बदलती। जनता ने अपनी परिस्थितियों से समझौता कर लिया था। प्रधानमंत्री मोदी ने इस सोच को बदलते हुए राजनीति को सेवा, सुशासन और जवाबदेही का माध्यम बनाया। आज आम नागरिक भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज उठाने का साहस करता है क्योंकि उसे विश्वास है कि सरकार उसकी सुनेगी।

नड्डा ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने देश को सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास का मंत्र दिया। पहले सरकारें सबके वोट से बनती थीं लेकिन किसी एक परिवार, जाति या क्षेत्र तक सीमित हो जाती थीं। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी और उसके करोड़ों कार्यकर्ताओं ने जिन संकल्पों के लिए दशकों तक संघर्ष किया, प्रधानमंत्री मोदी ने उन्हें पूरा करके दिखाया। जम्मू-कश्मीर से धारा 370 हटाना, अयोध्या में भव्य श्रीराम मंदिर निर्माण, मुस्लिम महिलाओं को तीन तलाक जैसी कुप्रथा से मुक्ति दिलाना तथा नागरिकता संशोधन अधिनियम लागू करना ऐसे ऐतिहासिक निर्णय हैं जिन्हें पहले की सरकारें केवल राजनीतिक कारणों से टालती रहीं।

नड्डा ने कहा कि मोदी सरकार को लगातार तीसरी बार जनता का आशीर्वाद मिला है। वर्ष 2014 के बाद हुए तीनों लोकसभा चुनावों में भाजपा देश की सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी है। पिछले वर्षों में हुए 75 प्रमुख चुनावों में से 43 में भाजपा और एनडीए को विजय प्राप्त हुई है। आज देश के 78 प्रतिशत नागरिक भाजपा और एनडीए शासित राज्यों में रहते हैं। यह प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व और भाजपा की जनहितकारी नीतियों पर जनता के विश्वास का प्रमाण है। उन्होंने कहा कि पिछले 12 वर्षों में देश के आधारभूत ढांचे में अभूतपूर्व क्रांति आई है। रेलवे के विद्युतीकरण में 200 प्रतिशत की वृद्धि हुई है और हिमाचल प्रदेश में शत-प्रतिशत रेलवे विद्युतीकरण पूरा हो चुका है। राष्ट्रीय राजमार्गों, सुरंगों, फोरलेन परियोजनाओं और आधुनिक परिवहन नेटवर्क ने देश की तस्वीर बदल दी है। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि देशभर में 4 लाख 30 हजार किलोमीटर से अधिक ग्रामीण सड़कें बनाई गई हैं जबकि हिमाचल प्रदेश में 14,400 किलोमीटर से अधिक ग्रामीण सड़क नेटवर्क विकसित किया गया है। इससे गांवों को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने में बड़ी सफलता मिली है।

# बच्चों में मेहनत के संस्कार डालें : कल्याण

## संपर्क सड़क व रास्तों का किया उद्घाटन, तरक्की की सोच के साथ आगे बढ़ने का आह्वान

अर्थ प्रकाश/ईशा



**घरौंडा, 12 जून।** हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने कहा है कि हमारी सोच तरक्की की होनी चाहिए। प्रधानमंत्री से लेकर मुख्यमंत्री तक इसी सोच के साथ कार्य कर रहे हैं। पीएम के सशक्त नेतृत्व के कारण आज जहां दुनिया में भारत का सम्मान बढ़ा है वहीं संस्कृति भी मजबूत हुई है। पूरी दुनिया प्रधानमंत्री के नेतृत्व का लोहा मानती है।

श्री कल्याण आज गांव पिंगली और घोघड़ीपुर में रास्तों व संपर्क सड़क का उद्घाटन करने के बाद ग्रामीणों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने पिंगली में घोघड़ीपुर रोड से पवन के फार्म तक पंचायती राज विभाग की ओर से बनाए गए रास्ते का उद्घाटन किया। इस पर 14.40 लाख रुपये खर्च हुए हैं। इसी प्रकार घोघड़ीपुर में जिला परिषद की ओर से नरू खेड़ी तक 3.32 किमी लंबी सड़क के नवीनीकरण कार्य का उद्घाटन किया। इस पर 93 लाख रुपये खर्च हुए हैं। उन्होंने इसी गांव में मंडी बोर्ड की ओर से पिंगली तक 2.53 किमी लंबी संपर्क सड़क का उद्घाटन किया। इस पर 116.70 लाख की लागत आई है। दोनों गांवों में श्री कल्याण का पगड़ी पहनाकर, स्मृति चिह्न देकर व पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया गया।

गांव पिंगड़ी में जिला भाजपा महामंत्री सुभाष कश्यप, मंडल अध्यक्ष देवेंद्र शर्मा, जिला पार्षद पाला राम, ब्लाक समिति चेयरमैन सतीश, बीडीपीओ सार्थक, घोघड़ीपुर में सरपंच संगीता, अशोक, कमलेश मान आदि मौजूद रहे।



### व्यवस्था बदलाव के नतीजतन नौकरियां मेरिट पर

उन्होंने कहा कि पिछले 11 सालों में घरौंडा क्षेत्र ने काफी तरक्की की है। इस अवधि में कई नए प्रोजेक्ट आए हैं। भविष्य में भी इलाके को और आगे ले जाना है। विकास के कारण ही भावी पीढ़ी का भविष्य उज्जवल होता है। आज जरूरत है बच्चों में मेहनत के संस्कार डालने की, वे अच्छी शिक्षा ग्रहण करें। उन्होंने कहा कि इस सरकार में पारदर्शिता बढ़ी है। पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल द्वारा किए गए व्यवस्था परिवर्तन की बदौलत आज युवाओं को मेरिट पर नौकरी मिल रही है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी भी जनहित के कार्यों को गंभीरता से आगे बढ़ा रहे हैं।

### बच्चों की शिक्षा पर करें फोकस

श्री कल्याण ने कहा कि विकास के लिए गांव का माहौल अच्छा होना जरूरी है। ग्रामीण पार्टीबाजी से दूर रहें। बच्चों की पढ़ाई पर ध्यान दें। यह सुनिश्चित करें कि कोई भी पात्र व्यक्ति सरकार की योजनाओं का लाभ लेने से वंचित न रहे। पर्यावरण संतुलन के लिए अधिकाधिक पौधे लगाकर उनकी देखभाल भी करें।

### दुनिया में बढ़ी भारत की साख

बाद में पत्रकारों द्वारा पूछे गए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 12 साल के कार्यकाल संबंधी एक सवाल पर उन्होंने कहा कि अक्टूबर में श्री मोदी के जनसेवा के 25 साल पूरे होने जा रहे हैं। पहले गुजरात में मुख्यमंत्री रहते सुशासन की स्थापना की, फिर पीएम पद संभालने के बाद देश को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया। सशक्त नेतृत्व के कारण आज जहां दुनिया में भारत का सम्मान बढ़ा है वहीं संस्कृति भी मजबूत हुई है। पूरी दुनिया प्रधानमंत्री के नेतृत्व का लोहा मानती है। सभी मिलकर प्रधानमंत्री के उत्तम स्वास्थ्य की कामना करते हैं।

# डिफेंस कॉलोनी में प्रापर्टी डीलर पर जमीनी धोखाधड़ी का आरोप, विज ने दिए सख्त कार्रवाई के निर्देश

अर्थ प्रकाश/रवि पाहुजा



**अंबाला, 12 जून।** हरियाणा के ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री श्री अनिल विज ने आज अंबाला के डिफेंस कालोनी में जमीनी धोखाधड़ी व टुंडला में जमीन पर कब्जा व मारपीट मामले में कड़ा संज्ञान लेते हुए पंजोखरा थाना पुलिस को कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि गुंडागर्दी बिल्कुल बर्दाश्त नहीं की जाएगी, उन्होंने इन मामलों में कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश पुलिस को दिए। श्री विज आज अंबाला छावनी पर अपने आवास पर लोगों की समस्याओं को सुन रहे थे।

ऊर्जा मंत्री अनिल विज के समक्ष टुंडला निवासी परिवार सदस्यों ने बताया कि उन्होंने जमीन पर पेड़ काटने की शिकायत नगर परिषद से की थी। जब मौका देखने के लिए कर्मचारी मौके पर पहुंचे तो यहीं के रहने वाले व्यक्ति ने इसका विरोध जताया और कस्सी लेकर परिवार पर हमला किया। इस मामले में की शिकायत पुलिस से भी की गई थी, मगर अब तक कोई कार्रवाई नहीं। परिवार का आरोप था कि पूर्व में भी आरोपियों ने उनकी जमीन पर जबरन कब्जा किया था, जिस पर अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने मामले में पंजोखरा थाना पुलिस को कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

इसी प्रकार, डिफेंस कालोनी सेक्टर-सी में जमीनी धोखाधड़ी मामले की शिकायत पीड़ित परिवार ने ऊर्जा मंत्री अनिल विज को दी। टुंडला निवासी परिवार ने बताया कि उन्होंने डिफेंस कालोनी के प्रापर्टी डीलर के माध्यम से डिफेंस कालोनी में 209 वर्ग गज का प्लाट खरीदा था। इसके लिए उन्होंने प्रापर्टी डीलर को राशि दी व रजिस्टरी भी उनके नाम हुई। मगर तब उन्होंने तहसीलदार से निशानदेही कराई तो पता चला कि यह प्लाट कागजों में किसी और के नाम है। परिवार ने बताया कि उन्होंने प्रापर्टी डीलर से प्लाट उनके नाम करने को कहा तो न तो उन्हें प्लाट मिला न ही राशि लौटाई गई। उलटा प्रापर्टी डीलर ने फर्जी एग्रीमेंट कर उनके साथ धोखाधड़ी की। इस मामले में ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने पंजोखरा थाना पुलिस को कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए।

इसी प्रकार, ऊर्जा मंत्री अनिल विज के समक्ष अन्य शिकायतें आई जिनपर उन्होंने संबंधित अधिकारियों को कार्रवाई के दिशा-निर्देश दिए। पंजोखरा साहिब गांव से आए लोगों ने बिजली की तारों की लाइन को ठीक कराने, एकता विहार क्षेत्र निवासी लोगों ने पानी निकासी ठीक कराने, बब्याल निवासी महिला ने बिजली बिल ठीक कराने एवं अन्य शिकायतें आई जिनपर मंत्री अनिल विज ने कार्रवाई के निर्देश दिए।

## न्यूज़ ब्रीफ

### डीएवी डेंटल कॉलेज में 'समीक्षा' कार्यक्रम



**यमुनानगर (अप्रस/वीरेंद्र त्यागी)।** स्व. जगन्नाथ कपूर डीएवी डेंटल कॉलेज में इंडियन सोसाइटी ऑफ पीरियोडोनटोलॉजी एंड इंप्लांटोलॉजी द्वारा आयोजित तीन दिवसीय 'समीक्षा' कार्यक्रम में देश-विदेश से आए एमडीएस छात्रों को आधुनिक दंत चिकित्सा तकनीकों का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। कार्यक्रम का शुभारंभ पोली प्लास्टिक के एमडी कपिल गुप्ता ने किया। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. आई.के. पंडित ने बताया कि हरियाणा, पंजाब, हिमाचल प्रदेश, दिल्ली, चंडीगढ़, उत्तराखंड और नेपाल से आए छात्र इसमें भाग ले रहे हैं। कार्यक्रम में पीजीआई चंडीगढ़ की डॉ. शिप्रा गुप्ता, डॉ. आशीष जैन, डॉ. एच.एस. ग्रोवर, डॉ. मनीष खतरी, डॉ. आशीष कुमार और डॉ. अमित भारद्वाज सहित विशेषज्ञों ने छात्रों को रोबोटिक सर्जरी, ब्लडलेस सर्जरी, मसूड़ों की देखभाल, मुख कैंसर की रोकथाम और नई चिकित्सा तकनीकों की जानकारी दी। डॉ. पंडित ने बताया कि अब भारतीय मरीजों पर आधारित शोध और गाइडलाइन तैयार की जा रही हैं, जिससे उपचार अधिक प्रभावी हो सके। कार्यक्रम के समापन अवसर पर कई वरिष्ठ विशेषज्ञ भी छात्रों को संबोधित करेंगे।

### बच्ची के ऑपरेशन के लिए 2 लाख 75 हजार का दिया चेक



**यमुनानगर (अप्रस/वीरेंद्र त्यागी)।** भारत सरकार द्वारा एनएचएम संचालित आरबीएसके कार्यक्रम अपनी बेहतर जांच प्रणाली एवं त्वरित उपचार सुविधाओं के दम पर दिन-प्रतिदिन नए आयाम स्थापित करता जा रहा है। यमुनानगर के बुढ़िया क्षेत्र निवासी माफिया पत्नी मतलब अली ने 16 सितंबर 2025 को जगाधरी सरकारी अस्पताल में इनसैपहोलीकुली जैसी एक जन्मजात दुर्लभ बीमारी से ग्रस्त एक लड़की को जन्म दिया। मोबाइल हेल्थ टीम, आशा एवं अस्पताल स्टाफ के द्वारा उक्त बच्ची को गहन जांच हेतु पीजीआई चंडीगढ़ रेफर कर दिया गया। अज्ञानता वश मां-बाप पीजीआई चंडीगढ़ में नियमित जांच के लिए नहीं जा सके, जिसके कारण बच्ची को दौरे की समस्या आने लगी। जिला प्रारम्भिक हस्तक्षेप कार्यालय यमुनानगर सरकारी अस्पताल ने केस हेडक्वार्टर एमडी एनएचएम के संज्ञान में लाया, जिस पर संबंधित स्टेट प्रोग्राम ऑफिसर एवं निदेशक ने तत्काल कार्यवाही करते हुए मां-बाप की डॉक्टर द्वारा बार-बार काउंसलिंग करवाई और साथ ही आर्थिक सहायता देने के सभी कार्य पूर्ण कर दिए। शुक्रवार को जिला उपायुक्त प्रीति के द्वारा मां-बाप को बच्ची के ऑपरेशन के लिए 2 लाख 75 हजार रुपये का चेक दिया गया, जिसको पाकर मां-बाप ने सरकार का आर्थिक सहायता हेतु धन्यवाद दिया। मौके पर डॉक्टर बुलबुल, रितिका एवं मोबाइल हेल्थ टीम के डॉक्टर उपस्थित रहे।

### डाकघर नारायणगढ़ में आधार सेवाएं शुरू



**नारायणगढ़ (अप्रस/सुशील कुमार)।** डाक विभाग अपनी पारंपरिक डाक एवं वित्तीय सेवाओं के साथ-साथ आधार संबंधी सेवाएं भी प्रदान कर रहा है। इसी क्रम में डाकघर नारायणगढ़ में आधार सेवा केंद्र की सुविधा शुरू कर दी गई है, जिससे क्षेत्र के नागरिकों को आधार से जुड़ी विभिन्न सेवाओं का लाभ स्थानीय स्तर पर मिल सकेगा। इस संबंध में जानकारी देते हुए उप डाकपाल शीशपाल ने बताया कि डाकघर नारायणगढ़ में प्रत्येक कार्य दिवस पर प्रातः 9 बजे से सायं 5 बजे तक आधार सेवाएं उपलब्ध रहेंगी। नागरिक यहां नए आधार नामांकन, आधार में नाम, पता, जन्मतिथि, मोबाइल नंबर, फोटो आदि में संशोधन, बायोमेट्रिक अपडेट तथा अन्य आधार संबंधी सेवाओं का लाभ उठा सकते हैं। अंबाला मंडल के प्रवर अधीक्षक डाकघर विजय कुमार ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से बताया कि डाक विभाग द्वारा आधार सेवाओं के विस्तार के लिए विभिन्न आधार सेवा केंद्र सुचारू रूप से संचालित किए जा रहे हैं। वर्तमान में सेक्टर-4 पंचकूला, सेक्टर-8 पंचकूला, सेक्टर-15 पंचकूला, नारायणगढ़ तथा कालका में प्रशिक्षित स्टाफ द्वारा आधार संबंधी सेवाएं प्रदान की जा रही हैं। उन्होंने बताया कि नागरिकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए इन केंद्रों पर टोकन व्यवस्था, बैठने की समुचित व्यवस्था तथा स्वच्छ पेयजल की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। सभी केंद्रों पर कार्य दिवसों में सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक सेवाएं प्राप्त की जा सकती हैं।


# कुंजपुरा में जेठ ने बहू के घर में धुसकर की छेड़खानी, महिला के शौर मचाने पर सास ससुर पहुंचे कमरे में

अर्थ प्रकाश/शैलेंद्र जैन

**करनाल, 12 जून।** करनाल जिला के कुंजपुरा थाना के एक गांव में एक व्यक्ति द्वारा एक महिला के साथ देर रात घर में घुसकर छेड़खानी करने का मामला सामने आया है। घटना के समय महिला घर में अकेली थी और उसका पति बाहर गया हुआ था। महिला के शोर मचाने पर सास-ससुर मौके पर पहुंचे, तो आरोपी फरार हो गया। जाते समय आरोपी ने जान से मारने की धमकी भी दी। आरोप किसी ओर पर नहीं, बल्कि महिला ने अपने ही जेठ पर लगाए है। पीड़ित महिला ने मामले की शिकायत कुंजपुरा पुलिस को की है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। रात साढ़े 11 बजे हुई घटना शिकायतकर्ता महिला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 9 जून की रात करीब साढ़े 11 बजे वह अपने कमरे में सो रही थी। उसी दौरान उसका जेठ कमरे में घुस आया और उसकी इज्जत पर हाथ डाला। महिला ने विरोध करते हुए शोर मचाया। शोर सुनकर पहुंचे सास-ससुर महिला की चीख-पुकार सुनकर उसके सास-ससुर कमरे में पहुंचे। उन्हें आता देख आरोपी मौके से भाग गया। जाते समय उसने धमकी दी कि इस बार बच गई, आगे नहीं छोड़ेगा। घटना के बाद महिला ने अपनी इज्जत और जान को खतरा बताया। पुलिस ने दर्ज किया मामला महिला ने थाना कुंजपुरा पहुंचकर शिकायत दी। जिस पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ घर में घुसकर छेड़खानी करने और जान से मारने की धमकी देने के आरोप में मुकदमा दर्ज किया है। आरोपी की तलाश जारी मामले की जांच एल/एएसआई पूजा द्वारा की जा रही है। पुलिस का कहना है कि शिकायत और तथ्यों के आधार पर केस दर्ज कर लिया गया है। पुलिस ने मामले की तफ्तीश शुरू कर दी है और आरोपी की तलाश जारी है।

# आईजी अशोक कुमार ने की पानीपत पुलिस की अपराध समीक्षा बैठक, शिकायतों के त्वरित निस्तारण पर दिया जोर

अर्थ प्रकाश/सुभाष जैन



**पानीपत, 12 जून।** करनाल रेंज के पुलिस महानिरीक्षक (आईजी) अशोक कुमार, आईपीएस ने शुक्रवार को पानीपत पुलिस अधिकारियों के साथ अपराध समीक्षा बैठक कर कानून-व्यवस्था, अपराध नियंत्रण और लंबित मामलों की समीक्षा की। जिला सचिवालय स्थित पुलिस अधीक्षक कार्यालय में आयोजित बैठक में पुलिस अधीक्षक भूपेंद्र सिंह, आईपीएस ने जिले में अपराध नियंत्रण और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए किए गए कार्यों की जानकारी दी।

आईजी अशोक कुमार ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि थाना और चौकी स्तर पर आने वाली प्रत्येक शिकायत को गंभीरता से लेते हुए उसका समयबद्ध समाधान सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि पुलिस और जनता के बीच विश्वास बनाए रखने के लिए पीड़ितों के साथ संवेदनशील और विनम्र व्यवहार आवश्यक है। ऑनलाइन, ऑफलाइन या उच्च अधिकारियों के माध्यम से प्राप्त शिकायतों पर भी त्वरित कार्रवाई की जाए।

उन्होंने कहा कि पुलिस की जिम्मेदारी केवल कानून-व्यवस्था बनाए रखना नहीं, बल्कि समाज सेवा करना भी है। अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए नियमित गश्त, संदिग्ध व्यक्तियों की जांच और अपराधियों पर कड़ी निगरानी रखने के निर्देश दिए गए।

बैठक में लंबित मामलों के शीघ्र निपटारे, शिकायतों की नियमित मॉनिटरिंग और जांच की गुणवत्ता सुधारने पर भी जोर दिया गया। आईजी ने थाना प्रबंधकों को आमजन के साथ बेहतर संवाद स्थापित करने और प्रभावी पुलिसिंग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

उन्होंने पुलिस कर्मियों के कल्याण पर भी विशेष ध्यान देने की बात कही और कहा कि किसी भी कर्मचारी को वेलफेयर संबंधी समस्या होने पर वह सीधे कार्यालय में अपनी बात रख सकता है।

बैठक में एएसपी हर्षित गोयल, डीएसपी सतीश वत्स, राजबीर सिंह, नरेंद्र सिंह, नवीन संधू, प्रणय कुमार, मुकेश सहित सभी थाना प्रभारी, चौकी इंचार्ज और विभिन्न शाखाओं के अधिकारी मौजूद रहे।

## गांव भारांपुर में कानूनी जागरूकमा शिविर का आयोजन

**शहजादपुर (अप्रस)।** गांव भारांपुर में कानूनी जागरूकमा शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें लीगल ऐड पेनल अधिवक्ता संजीव कुमार जौली ने ग्रामवासियों को विभिन्न कानूनों के बारे में जागरूक किया। इस अवसर पर पी.एल.वी. मंजीत कुमारी भी मौजूद रही। शिविर में मानसिक बीमारी और बौद्धिक दिव्यांगता वाले व्यक्तियों को मुफ्त कानूनी सहायता और सुरक्षा प्रदान कैसे प्राप्त होती है और वीर परिवार सहायता योजना 2025 जिसका उद्देश्य सैनिकों, पुलिसकर्मियों और अर्धसैनिक बलों के परिवारों को कानूनी सहायता और सहायता प्रदान करना है। यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण अधिनियम, पोक्सो अधिनियम और कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न की रोकथाम अधिनियम और बच्चों के लिए बाल-अनुकूल कानूनी सेवाएं के बारे मे विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई।

# जनसमस्याओं का समाधान सरकार की प्राथमिकता : बराला

## राज्यसभा सांसद ने आवास पर सुनीं जनशिकायतें, अधिकारियों को दिए आवश्यक निर्देश

अर्थ प्रकाश/संजीव सिंगला



**टोहाना, 12 जून।** राज्यसभा सांसद सुभाष बराला ने शुक्रवार को अपने निवास स्थान पर क्षेत्र के नागरिकों, सामाजिक प्रतिनिधियों एवं पार्टी कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर उनकी समस्याओं को सुना और उनके समाधान के लिए संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान विभिन्न गांवों और शहरी क्षेत्रों से आए लोगों ने पेयजल, बिजली, सड़क, सामाजिक सुरक्षा पेंशन तथा राजस्व विभाग से संबंधित समस्याएं सांसद के समक्ष रखीं। सुभाष बराला ने शिकायतों को गंभीरता से सुनते हुए मौके पर ही संबंधित अधिकारियों से बातचीत की और मामलों का पारदर्शी एवं समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

सांसद सुभाष बराला ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार आमजन की समस्याओं के त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में सरकार का उद्देश्य समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक विकास और जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि सुशासन की वास्तविक पहचान नागरिकों को समय पर सुविधाएं उपलब्ध कराने और उनकी समस्याओं का संवेदनशीलता के साथ समाधान करने में है। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधियों और प्रशासन की साझा जिम्मेदारी है कि किसी भी व्यक्ति को अपने वैध कार्यों के लिए अनावश्यक प्रतीक्षा न करनी पड़े तथा प्रत्येक शिकायत का निस्तारण निर्धारित समय-सीमा में किया जाए।

सांसद ने केंद्र सरकार के 12 वर्षों के कार्यकाल की उपलब्धियों पर भी विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि पिछले 12 वर्षों में देश ने आधारभूत ढांचे, डिजिटल सेवाओं, सामाजिक सुरक्षा, गरीब कल्याण, महिला सशक्तिकरण और आर्थिक विकास के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति की है।

# हल्की बारिश में दुकानों और घरों में घुसा नाले का गंदा पानी, वार्ड-11 के लोगों में भारी रोष

अर्थ प्रकाश/मनदीप कुमार

**समालखा, 12 जून।** नगर परिषद अधिकारियों और ठेकेदार की कथित लापरवाही का खामियाजा वार्ड नंबर-11 के दुकानदारों और स्थानीय निवासियों को भुगतना पड़ रहा है। शुक्रवार रात हुई हल्की बारिश के बाद क्षेत्र में जलभराव की गंभीर स्थिति उत्पन्न हो गई। नाले का गंदा पानी दुकानों और घरों में घुस गया, जिससे दुकानदारों का हजारों रुपये का सामान खराब हो गया। वहीं क्षेत्र में बदबू और गंदगी के कारण लोगों का जीना दूभर हो गया है तथा बीमारियों के फैलने की आशंका भी बढ़ गई है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि सीवर निर्माण कार्य अधूरा छोड़े जाने तथा नाला टूटे होने के कारण बारिश का पानी निकासी नहीं पा सका। परिणामस्वरूप गंदा पानी सड़कों, दुकानों और घरों में भर गया। दुकानदारों ने बताया कि थड़े टूटे होने के कारण आवाजाही और सामान लाने-ले जाने में भी भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

### सीवर निर्माण को लेकर पहले भी उठ चुके हैं सवाल

गौरतलब है कि वार्ड-11 में चल रहे सीवर निर्माण कार्य को लेकर पहले भी विवाद सामने आया था। स्थानीय निवासियों और दुकानदारों ने आरोप लगाया था कि बिना मानकों का पालन किए दलदल में सीवर पाइपलाइन दबाई जा रही थी। विरोध के बाद निर्माण कार्य को रुकवाया गया था। क्षेत्रवासियों ने यह भी आरोप लगाए थे कि ठेकेदार द्वारा रात के अंधेरे में निर्माण कार्य कराया जा रहा था, जिससे कार्य की गुणवत्ता और पारदर्शिता पर सवाल खड़े हुए थे। लोगों का कहना था कि यदि निर्माण कार्य पूरी गुणवत्ता और नियमों के अनुसार हो रहा था तो रात में चोरी-छिपे काम कराने की आवश्यकता क्यों पड़ी।

### सरकारी धन की बर्बादी का लगाया था आरोप

वार्डवासियों ने पहले ही संबंधित अधिकारियों और ठेकेदार की भूमिका की उच्च स्तरीय जांच की मांग करते हुए सरकारी धन की बर्बादी का आरोप लगाया था। लोगों ने चेतावनी दी थी कि यदि दोषियों पर कार्रवाई नहीं की गई तो बड़ा जनआंदोलन किया जाएगा। विरोध के चलते ठेकेदार का काम भी बंद कराया गया था। अब निर्माण कार्य अधूरा रहने और नाले की समस्या के कारण पूरे क्षेत्र में जलभराव की स्थिति बनी हुई है। सड़क पर भरे गंदे पानी से होकर राहगीरों को गुजरना पड़ रहा है, जिससे लोगों में भारी नाराजगी है।


# टोहाना क्षेत्र में तूफानी हवाओं व भारी बारिश से हुआ भारी नुकसान

अर्थ प्रकाश/संजीव सिंगला

**टोहाना, 12 जून।** वीरवार शाम को आए टोहाना क्षेत्र में आए तूफानी हवाओं व भारी बारिश ने टोहाना के आसपास जितनी भी इंडस्ट्री हैं उन पर कहर बरपाने का काम किया अभी दो दिन पहले ही आए चक्रवर्ती तूफान को लोग भूले ही नहीं थे कि इस तूफान वह बारिश ने तो क्षेत्र के जमालपुर, अमानी, रता थे, चंदड अक्कावाली व टोहाना के राइस मिलों का करोड़ रूपों का नुकसान करने का काम किया तूफानी हवाओं से सैकड़ो पेड़ व बिजली के काफी संख्या में खंबे तक उखड़ कर गिर गए जिससे सारी रात शहर व ग्रामीण क्षेत्र में बिजली पूर्ति भी बंद रही और कई स्थानों पर घर के बाहर खड़े वाहन भी क्षतिग्रस्त होने की सूचना मिली है तेज हवाओं से घरों व फैक्ट्री की छतों पर लगे सोलर पैनल भी टूट कर दूर-दूर तक जा गिरे टोहाना शहर के काफी मशहूर शगुन रिसोर्ट को भी इस तूफान में बारिश में काफी नुकसान का सामना करना पड़ा शगुन रिसॉर्ट के मालिक का कहना है कि मैं जिंदगी में इतनी तेज गति से आया तूफान व बारिश नहीं देखी जिससे कि शगुन मैरिज प्लेस का लाखों रुपए का इंटीरियर खराब हो गया। आज फिर मौसम विभाग ने तेज हवाएं व बारिश होने की सूचना जारी की हुई है पूरी तरह तो 15 जून को ही मौसम साफ होने की बात कही गई है चंडीगढ़ रोड पर मेहता कोल्ड स्टोर में लगा डेढ़ सौ किलो वाट का सोलर प्लांट भी तेज हवाओं की चपेट में आने से तहस नहस हो गया सोलर प्लेट दूर-दूर तक नीचे गिर गई इसके नुकसान का आकलन लगभग 30 लख रुपए बताया गया है ग्रामीण क्षेत्र की बात करें तो गांव जमालपुर शेखा के किसान बलविंदर सिंह सैनी की कार्तिक डेयरी को भी काफी नुकसान पहुंचा है।

# भाजपा नेता ने बीबीपुर कलां में लाखों रुपये के विकास कार्यों का शुभारंभ

अर्थ प्रकाश/मोहित पौलस्त्य



**पिहोवा, 12 जून।** पिहोवा हलके के गांव बीबीपुर कलां में विकास कार्यों को नई गति देते हुए वरिष्ठ भाजपा नेता एवं हलका प्रभारी डीडी शर्मा ने लाखों रुपये की लागत से होने वाले विभिन्न विकास कार्यों का शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंने वाल्मीकि चौपाल के विकास कार्य तथा चरण राणा के घर तक जाने वाली गली के निर्माण कार्य का विधिवत उद्घाटन किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे और उन्होंने विकास कार्यों के लिए डीडी शर्मा का स्वागत एवं अभिनंदन किया।

उद्घाटन समारोह के दौरान ग्रामीणों को संबोधित करते हुए डीडी शर्मा ने कहा कि हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ग्रामीण विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रहे हैं। सरकार का उद्देश्य गांवों को विकास की मुख्यधारा से जोड़ते हुए उन्हें आत्मनिर्भर और आधुनिक सुविधाओं से युक्त बनाना है। इसी सोच को आगे बढ़ाते हुए पिहोवा हलके के प्रत्येक गांव में बिना किसी भेदभाव के विकास कार्य करवाए जा रहे हैं तथा आवश्यकतानुसार धनराशि उपलब्ध करवाई जा रही है।

उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार की मंशा है कि गांवों में सड़क, गली, पेयजल, चौपाल, सामुदायिक भवन और अन्य मूलभूत सुविधाओं को मजबूत किया जाए ताकि ग्रामीणों को बेहतर जीवन स्तर मिल सके। सरकार की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना ही वर्तमान प्रशासन का मुख्य उद्देश्य है।

डीडी शर्मा ने कहा कि विकास कार्यों पर खर्च होने वाले प्रत्येक रुपये का पूरा लेखा-जोखा रखा जा रहा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि जनता के टैक्स से प्राप्त धन का उपयोग केवल जनता के हित में होना चाहिए। किसी भी अधिकारी, कर्मचारी अथवा जनप्रतिनिधि द्वारा विकास कार्यों के लिए आने वाली राशि का दुरुपयोग न हो, इसके लिए सरकार पूरी तरह सतर्क है। उन्होंने कहा कि पारदर्शिता और जवाबदेही के आधार पर विकास कार्यों को अमलीजामा पहनाया जा रहा है।

उन्होंने ग्रामीणों से भी विकास कार्यों की निगरानी में सहयोग करने का आह्वान किया और कहा कि यदि कहीं किसी प्रकार की अनियमितता दिखाई दे तो उसकी जानकारी तुरंत संबंधित अधिकारियों या जनप्रतिनिधियों को दें, ताकि समय रहते उचित कार्रवाई की जा सके।

इस अवसर पर सरपंच प्रतिनिधि रामकुमार ने डीडी शर्मा का स्वागत करते हुए कहा कि उनके प्रयासों से पिहोवा क्षेत्र के गांवों में विकास की नई तस्वीर दिखाई दे रही है। उन्होंने कहा कि लंबे समय से लंबित कई कार्य अब तेजी से पूरे हो रहे हैं, जिससे ग्रामीणों को सीधा लाभ मिल रहा है। नेत्रपाल राणा, चरण राणा, मदन राणा, किरण राणा, कुलदीप सिंह, रैयत राम वाल्मीकि, बचना राम वाल्मीकि तथा राजकुमार वाल्मीकि ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि गांव में चौपाल और गलियों जैसे बुनियादी ढांचे के विकास से लोगों को सुविधाएं मिलेंगी और सामाजिक गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में हो रहे विकास कार्यों से लोगों का सरकार और जनप्रतिनिधियों के प्रति विश्वास मजबूत हुआ है।

# कसार देवी मंदिर: मानसिक शांति और रहस्यमयी चुंबकीय ऊर्जा का अनोखा संगम

देवभूमि के नाम से फेमस उत्तराखंड अपनी सांस्कृतिक, सुंदरता और अनोखी परंपराओं के लिए जाना जाता है। यहां कई ऐसे मंदिर हैं, जहां पर देश-विदेश से भक्त दर्शन के लिए आते हैं। लेकिन आज हम आपको उत्तराखंड में मौजूद एक ऐसे मंदिर के रहस्य के बारे में बताने जा रहे हैं, जहां लोग दूर-दूर से दर्शन के लिए आते हैं। अल्मोड़ा का कसार देवी मंदिर अपनी अनोखी चुंबकीय शक्ति के लिए काफी ज्यादा लोकप्रिय है।

इस मंदिर में भक्तों के अलावा वैज्ञानिकों भी आते हैं और इसके पीछे का रहस्य जानने के लिए के लिए। लेकिन माना जाता है कि आज तक कोई भी इस मंदिर से जुड़े चमत्कार के पीछे का असल कारण कोई पता नहीं लगा पाया।



उत्तराखंड के अल्मोड़ा में स्थित कसार देवी मंदिर में स्वामी विवेकानंद ध्यान-योग के लिए आए थे। तब से यह मंदिर भक्तों के बीच काफी फेमस है। स्वामी विवेकानमद को यह जगह इतनी पसंद आई थी कि उन्होंने अपने लेखन में भी इस मंदिर का जिक्र किया था। इस मंदिर की महिमा इतनी विशाल है कि यहां पर जॉर्ज हैरिसन, बॉब डायलन, एलन गिन्सबर्ग, कैट स्वीवंस और टिमोथी जैसी शख्सियत आ चुकी हैं। साल 1970 में यह जगह हिप्पी हिल बन गई थी।

इस मंदिर के बारे में कहा जाता है कि यहां पर देवी मां साक्षात अवतार में आई थीं। माना जाता है कि यह भारत की एकमात्र ऐसी जगह है, जहां चुंबकीय पिंड है। वैज्ञानिकों की मानें, तो कसार देवी मंदिर के आसपास का एरिया वैन एलेन बेल्ट है। जहां धरती के भीतर भू-चुंबकीय पिंड है।

कसार देवी मंदिर से कई शक्तियां जुड़ी हैं। जिसके बारे में पता लगाने नासा के वैज्ञानिक भी आए थे। लेकिन उनको इसके पीछे का रहस्य नहीं पता चला और वैज्ञानिकों को खाली हाथ लौटना पड़ा। इस क्षेत्र के आसपास के लोगों को यहां पर मानसिक शांति मिलती है।

**ऐतिहासिक महत्व:** यहां के स्थानीय लोगों के बीच कसार देवी मंदिर का बड़ा ऐतिहासिक महत्व है। यह मंदिर पवित्र तीर्थ स्थलों में शामिल है। हर साल कार्तिक माह की पूर्णिमा के मौके पर कसार देवी मंदिर में मेला लगता है। जिसमें हजारों की संख्या में लोग शामिल होते हैं। माना जाता है कि इस मेले का महत्व सिर्फ देश ही नहीं बल्कि विदेश से आए श्रद्धालुओं के बीच भी है।

कसार देवी मंदिर में भक्त अक्सर मानसिक शांति और गहन साधना के लिए यहां आते हैं। यहां के नजारे और हरियाली आपको मानसिक शांति और अंदर से तरोताजा कर देंगी। कसार देवी मंदिर बिनसर वाइल्ड लाइफ सेंचुरी के काफी ज्यादा करीब है। यहां पर हर प्रजाति के पक्षी देख सकते हैं। गहन ध्यान और साधना वाले लोगों की यह जगह आज भी पहली पसंद बनी है।

## अवैध कॉलोनी पर एसएमडीए का बुलडोजर, निर्माणाधीन कार्यालय व चारदीवारी ध्वस्त

अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी



**सोनीपत।** जिले में अवैध निर्माणों और अनधिकृत कॉलोनियों के खिलाफ प्रशासन का अभियान लगातार जारी है। इसी कड़ी में शुक्रवार को सोनीपत महानगर विकास प्राधिकरण (एसएमडीए) की टीम ने गन्नौर क्षेत्र के गांव टेहा और बड़ी की राजस्व संपदा में विकसित की जा रही अवैध कॉलोनी पर कार्रवाई करते हुए कई निर्माणों को ध्वस्त कर दिया।जिला नगर योजनाकार (डीटीपी) नीलम शर्मा ने बताया कि उपायुक्त नेहा सिंह के निर्देशानुसार जिले में अवैध निर्माणों को प्रारंभिक चरण में ही रोकने और ध्वस्त करने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी अभियान के तहत एसएमडीए की प्रवर्तन टीम ने गांव टेहा और बड़ी में विकसित की जा रही अवैध कॉलोनी में पहुंचकर निर्माणाधीन प्रॉपर्टी डीलर कार्यालय, चारदीवारी तथा बनाए गए कच्चे रास्तों को जेसीबी मशीनों की सहायता से ध्वस्त किया।डीटीपी नीलम शर्मा ने आमजन से अपील करते हुए कहा कि किसी भी अवैध कॉलोनी में प्लॉट खरीदने से बचें। ऐसी कॉलोनियों में सरकार की ओर से सड़क, पेयजल, सीवरेज और बिजली जैसी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध नहीं कराई जाती हैं, जिससे लोगों की मेहनत की कमाई जोखिम में पड़ सकती है। उन्होंने कहा कि किसी भी प्लॉट या संपत्ति की खरीद से पहले संबंधित कॉलोनी की वैधता और स्वीकृति की जांच अवश्य कर लें।

उन्होंने बताया कि नियंत्रित क्षेत्र में किसी भी प्रकार का निर्माण कार्य शुरू करने से पहले एसएमडीए के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) से अनुमति लेना अनिवार्य है। बिना अनुमति किए गए निर्माण अथवा अवैध कॉलोनियों के खिलाफ नियंत्रित क्षेत्र अधिनियम के प्रावधानों के तहत किसी भी समय कार्रवाई की जा सकती है।डीटीपी ने बताया कि अवैध कॉलोनियों या निर्माण संबंधी जानकारी प्राप्त करने के लिए नागरिक सोनीपत महानगर विकास प्राधिकरण कार्यालय, चौथा तल, कराधान विभाग भवन, सेक्टर-12, सोनीपत में संपर्क कर सकते हैं। कार्रवाई के दौरान ड्यूटी मजिस्ट्रेट के रूप में एचएसआईआईडीसी बड़ी के वरिष्ठ प्रबंधक जसबीर सिंह, एसएमडीए की प्रवर्तन शाखा तथा पुलिस बल मौजूद रहा।

## नशीला पदार्थ रखने का आरोपी गिरफ्तार

कुरुक्षेत्र (अप्रस)। कुरुक्षेत्र पुलिस ने नशीला पदार्थ रखने के एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक श्री चन्द्र मोहन के कुशल मार्गदर्शन में एंटी नारकोटिक्स सैल की टीम ने नशीला पदार्थ रखने के आरोपी संजय कुमार वासी दीदार नगर थानेसर कुरुक्षेत्र को गिरफ्तार करके कब्जा से 6 ग्राम हैरोइन/चिट्टा बरामद करने में सफलता हासिल की है। जानकारी देते हुए पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि 10 जून 26 को एंटी नारकोटिक सैल प्रभारी उप निरीक्षक सतविन्द्र सिंह के मार्ग निर्देश में सहायक उप निरीक्षक रणधीर सिंह, संजीव कुमार, मुख्य सिपाही मंदीप सिंह, सिपाही सचिन कुमार व गाड़ी चालक मुख्य सिपाही विक्रम सिंह की टीम ढांड रोड पर गांव कमोदा बस अड्डा के पास मौजूद थी।

## मोदी के नेतृत्व में भारत ने विकास और सांस्कृतिक गौरव के नए आयाम स्थापित किए: कृष्ण लाल पंवार



अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी

**सोनीपत।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय, खानपुर कलां में शुक्रवार को मीडिया संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में हरियाणा के विकास एवं पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने सरकार की उपलब्धियों को रेखांकित करते हुए कहा कि पिछले 12 वर्षों में भारत ने आर्थिक विकास, राष्ट्रीय सुरक्षा, आत्मनिर्भरता और सांस्कृतिक पुनर्जागरण के क्षेत्र में ऐतिहासिक उपलब्धियां हासिल की हैं।

उन्होंने कहा कि वर्ष 2014 में भारत विश्व की 11वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था था, जबकि आज देश चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है और जल्द ही तीसरे स्थान पर पहुंचने की दिशा में अग्रसर है। उन्होंने अयोध्या में भगवान श्रीराम के भव्य मंदिर निर्माण को देश की सांस्कृतिक चेतना और करोड़ों लोगों की आस्था से जुड़ा ऐतिहासिक कार्य बताया। पंवार ने कहा कि जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाकर राष्ट्रीय एकीकरण को मजबूती प्रदान की गई है। वहीं, मेक इन इंडिया और आत्मनिर्भर भारत अभियान के माध्यम से देश रक्षा उत्पादन के क्षेत्र में तेजी से आत्मनिर्भर बन रहा है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना, आयुष्मान भारत, उज्ज्वला योजना, किसान सम्मान निधि, जल जीवन मिशन और डिजिटल इंडिया जैसी योजनाओं से करोड़ों लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव आया है। इस अवसर पर खरखौदा विधायक पवन खरखौदा, भाजपा नेता प्रदीप सांगवान, जिलाध्यक्ष बिजेंद्र मलिक, सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## सदैव ऐसे प्रयास किए जाए जो धरती के लिए वरदान सिद्ध हों

कहते हैं कि सारे संसार के लोग बंटे हुए हैं। तेरे-मेरे में पड़ हुए हैं। यह बंटना या बांटना इन्सान को शोभा नहीं देता। क्योंकि यह पूरी सृष्टि प्रभु की बनाई हुई है। इसमें कहीं कोई फर्क नहीं है। ऐसा नहीं है कि हिन्दुस्तान और इसके साथ लगे हुए दूसरे मुल्कों के बीच कोई दो फूट का अन्तर है या हिन्दुस्तान में ही जितन प्रान्त हैं, कोई इतने अलग-अलग टुकड़े हैं धरती के। यह सारी धरती एक कन्टीन्यूटी में है, यह पूरी जुड़ी हुई है। दरारें तो इन्सान के मनों में हैं। इनके कारण ही वह बहुत कुछ ऐसा बना लेता है जिससे दूसरों का नुकसान होता है। आज विज्ञान ने बहुत तरक्कियां की है। बड़े-बड़े न्यूक्लिअर वैपन बनाए गए हैं। ओर भी अनेक घातक हथियार बनाए गए हैं। इन्सान चांद पर पहुंच गया है और भी बहुत से ग्रहों के इर्द-गीर्द घूमें जा रहा है। इतनी तरक्की हो गई है कि अगर आकाश से जमीन पर हमला करना पड़े तो वह भी कर सकता है। कहने का भाव, सभी ओर विनाश के लिए ही सोचा जा रहा है। वास्तव में तरक्कियां तो वे ही मुबारिक होती हैं, जो कल्याण के लिए हों, जो इन्सान को सुख देने के लिए हों। इन्सानों को नुकसान पहुंचाने के लिए जो तरक्कियां की जाती है, वह पिछड़ापन कहलाता है। अगर गहराई से देखा जाए तो हथियार भी अपने आप में खतरनाक नहीं होते, खतरनाक होती है इन्सान के मन की भावना, खुदगर्जी और लालसा। क्योंकि मन में जब ऐसी भावना उत्पन्न होगी, तभी वह इन हथियारों का इस्तेमाल करेगा। इन हथियारों पर भी कोई कम पैसा खर्च नहीं हा रहा है। अरबों-खरबों डॉलर इन पर खर्च हो रहा है। हालांकि कुछ समय पहले इसमें (परमाणु हथियारों में) कुछ कमी भी की गई लेकिन अभी भी इन पर बहुत धन खर्चा हो रहा है। सन्त-महापुरुष तो यही यत्न कर रहे हैं कि हथियार बनाने पर कम पैसा खर्च हो ओर अधिक धन ऐसे साधनों पर लगाया जाए जिससे जो पिछड़े मुल्क हैं, पिछड़े हुए लोग हैं, उनका भला हो सके। दातार कृपा करे कि ऐसी भावना अन्य लोगों तक भी पहुंच सके ताकि मानव जाति को समाप्त करने के बारे में न सोचा जाये। इन्सानों का दमन करने के बारे में न सोचा जाये बल्कि मिलजुल कर चलने की भावना से इस धरती को सँवारा और सजाया जाये। सदैव ऐसे प्रयास किए जाये जो धरती के लिए वरदान सिद्ध हों। ऐसा विवेक जिसे भी प्राप्त होता है, वह धरती के लिए कल्याणकारी हो जाता है। ज्ञान की रोशनी को महफूज करने वाला हो जाता है। आप सन्तजन इस रोशनी को महफूज रख रहे हैं। क्योंकि आपके मन में कभी वैर-भावना नहीं आती बल्कि आप सदेव प्यार का सन्देश देते हैं, प्यार की महक बांटते हैं तथा निरन्तर भाईरे की भावना फैलाने में अपना योगदान देते हैं और ऐसे ही आपने यत्न भी किए हैं। दातार कृपा करें कि ये यत्न निष्फल न हों और यह रोशनी हर किसी के घट में जलती जाये।



सद्‌गुरू माता सुदीक्षा जी महाराज

आज मानवता अन्धकार में कष्ट सह रही है, हाहाकार कर रही है। इस हाहाकार के लिए भी कुछ हद तक मानव स्वयं ही जिम्मेदार है। जैसे कोई स्वयं पने पाँव पर कुल्हाड़ी मार ले और चीखना-चिल्लाना शुरु कर दे तो उसका चीखना-चिल्लाना किसी और के प्रहार द्वारा नहीं बल्कि अपने हाथों द्वारा किया गया प्रहार है।

## पंचांग

शनिवार, 13 जून, 2026, सूर्योदयः 05:19 ए एम, सूर्यास्तः 07:27 पी एम, चन्द्रोदयः 04:04 ए एम, जून 14, चन्द्रास्तः 05:38 पी एम, शक सम्वतः 1948 पराभव, विक्रम सम्वतः 2083 सिद्धार्थी, गुजराती सम्वतः 2082 पिङ्गल, अमान्त महीनाः ज्येष्ठ (अधिक), पूर्णिमान्त महीनाः ज्येष्ठ (अधिक), वारः शनिवार, पक्षः कृष्ण पक्ष, तिथिः त्रयोदशी - 04:07 पी एम तक, नक्षत्रः कृत्तिका - 01:16 ए एम, जून 14 तक, योगः सुकर्मा - 05:28 पी एम तक, करणः गर - 05:55 ए एम तक, द्वितीय करणः वणिज - 04:07 पी एम तक, क्षय करणः विष्टि - 02:15 ए एम, जून 14 तक, सूर्य राशिः वृषभ, चन्द्र राशिः मेष - 09:25 ए एम तक, राहुकालः 08:51 ए एम से 10:37 ए एम, गुलिक कालः 05:19 ए एम से 07:05 ए एम, यमगण्डः 02:09 पी एम से 03:55 पी एम, अभिजित मुहूर्तः 11:55 ए एम से 12:51 पी एम, दुर्मुहूर्तः 05:19 ए एम से 06:16 ए एम, दुर्मुहूर्तः 06:16 ए एम से 07:12 ए एम, अमृत कालः 11:09 पी एम से 12:34 ए एम, जून 14, वर्ज्यः 02:41 पी एम से 04:05 पी एम।

## भविष्य फल




**मेषः** ऑफिस में काम आसानी से पूरे हो सकते हैं। आपका स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। बड़े बुजुर्ग को कुछ गिफ्ट दे सकते हैं, उन्हें अच्छा लगेगा।

**वृषः** लम्बे अरसे को मद्देनजर रखते हुए निवेश करें। अपना नजरिया दोस्तों और रिश्तेदारों पर थोपने की कोशिश न करें।

**मिथुनः** मिथुन राशि के लिए आज का दिन ज्यादा मेहनत भरा दिन रहने वाला होगा। आज आपको सावधानी से काम करने की जरुरत है।

**कर्कः** ऑफिस में सहयोगियों के साथ किसी प्रोजेक्ट को लेकर विवाद हो सकता है। किसी सामाजिक आयोजन में आपकी भागीदारी हो सकती है।

**सिंहः** कुछ तनाव और मतभेद आपको चिड़चिड़ा और बेचैन बना सकते हैं। हंसी-मजाक में कही गयी बातों को लेकर किसी पर शक करने से बचें।

**कन्याः** आज किसी भी तरह का निवेश कर सकते हैं फायदा जरूर होगा। अगर आप किसी चीज को हासिल करने के लिए प्रयास करते हैं तो आप उसको हासिल कर पाएंगे।

**तुलाः** किसी नए काम की शुरुआत से पहले घर के बड़ों की सलाह जरूर लें, अच्छा रहेगा। स्वास्थ्य में उतार-चढ़ाव बना रहेगा।

**वृश्चिकः** रोजमर्रा की गतिविधियों में गर्भवती महिलाओं को सावधानी बरतने की आवश्यकता है। आपका यह छोटा-सा काम उनके उत्साह को बढ़ाएगा।

**धनुः** कुछ खास मामलों में आपसे गलतियां भी हो सकती है। बिजनेस और नौकरी से जुड़ा हुआ रुका पैसा आपको मिल सकता है।

**मकरः** आज घरेलू मामलों में उलझनें बढ़ सकती हैं। दोस्तों के साथ हँसी-मजाक में समय बीतेगा।

**कुंभः** प्राप्त हुआ धन आपकी उम्मीद के मुताबिक नहीं होगा। हो सकता है कि आप अपने परिवार के लोगों की सभी बातों से सहमत न हों, लेकिन आपको उनके तजुर्बे से सीखने की कोशिश करनी चाहिए।

**मीनः** आज आपके जीवन में आने वाली सभी प्रकार की बुरी शक्तियों का नाश होगा।

## 1.70 लाख से अधिक पशुओं का हुआ टीकाकरण

अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी



सोनीपत। पशुपालन एवं डेयरी विभाग द्वारा जिले में पशुओं को मूंहखुर और गलघोटू जैसी संक्रामक बीमारियों से बचाने के लिए विशेष टीकाकरण अभियान चलाया जा रहा है। यह अभियान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित जनजागरूकता कार्यक्रम का हिस्सा है। उपमंडल अधिकारी डॉ. बलजीत दलाल ने बताया कि जिले में 57 टीमें गठित की गई हैं, जो गांव-गांव जाकर गाय और भैंसों का निशुल्क टीकाकरण कर रही हैं। अभियान के तहत अब तक 1 लाख 70 हजार 518 पशुओं को टीके लगाए जा चुके हैं। उन्होंने बताया कि इन बीमारियों से पशुओं के स्वास्थ्य और दुग्ध उत्पादन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है, जिससे पशुपालकों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ सकता है। इसलिए समय पर टीकाकरण आवश्यक है। उन्होंने पशुपालकों से विभागीय टीमों का सहयोग करने और सभी पशुओं का टीकाकरण करवाने की अपील की। 18 जून तक चलने वाले इस अभियान में 2.57 लाख पशुओं के टीकाकरण का लक्ष्य रखा गया है।

## मुलाना पुलिस का सघन चेकिंग अभियान, संदिग्धों के घरों में की तलाशी

अर्थ प्रकाश/सचिन मलिक



**मुलाना।** आईजी अंबाला एवं एसपी अंबाला के निर्देशानुसार मुलाना पुलिस ने ऑपरेशन आक्रमण 2.0 के तहत क्षेत्र में विशेष चेकिंग अभियान चलाया। अभियान का नेतृत्व थाना प्रभारी प्रमोद सिंह ने किया। इस दौरान पुलिस टीम ने क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर सघन जांच की तथा संदिग्ध व्यक्तियों के घरों पर दबिश देकर तलाशी अभियान चलाया। पुलिस की कार्रवाई का मुख्य फोकस नशा तस्करी और अवैध गतिविधियों में संलिप्त लोगों पर रहा। टीम ने संदिग्धों के घरों की गहन जांच की और उनसे संबंधित आवश्यक जानकारी एकत्रित की। थाना प्रभारी प्रमोद सिंह ने बताया कि क्षेत्र में कानून व्यवस्था बनाए रखने तथा नशे के कारोबार पर अंकुश लगाने के लिए ऐसे अभियान लगातार जारी रहेंगे। पुलिस ने आमजन से भी किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को देने की अपील की।

ऋषि कॉलोनी में विधायक निखिल मदान का दौरा

## सीवरेज व पेयजल समस्या के समाधान के दिए निर्देश

अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी



सोनीपत। शुक्रवार को निखिल मदान ने नगर निगम वार्ड नंबर 5 की ऋषि कॉलोनी का दौरा किया। उनके साथ वार्ड पार्षद प्रतिनिधि मुकेश सैनी भी मौजूद रहे। दौरे के दौरान स्थानीय निवासियों ने गली नंबर 10 में सीवरेज, पेयजल आपूर्ति और कच्ची सड़क की समस्या रखी। स्थानीय निवासी राकेश मास्टर ने बताया कि क्षेत्र में सीवरेज लाइन न होने से दूषित जलभराव की गंभीर समस्या बनी हुई है। साथ ही पेयजल पाइपलाइन का अभाव है और सड़क कच्ची होने से आवागमन में परेशानी होती है। विधायक निखिल मदान ने मौके पर ही संबंधित नगर निगम अधिकारियों को निर्देश दिए कि गली नंबर 10 में सीवरेज लाइन, पेयजल पाइपलाइन बिछाने तथा सड़क को पक्का करने की प्रक्रिया शीघ्र शुरू की जाए। उन्होंने कहा कि जनसमस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा।कई स्थानीय नागरिकों ने मौके पर अपनी समस्याएं रखीं और जल्द राहत की मांग की।विधायक ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि कार्य में किसी प्रकार की देरी न हो और नियमित निगरानी रखी जाए ताकि स्थानीय लोगों को जल्द राहत मिल सके

## महिला पुलिस टीम ने लाडवा के शैक्षणिक स्थानो में छात्राओं को किया जागरूक

अर्थ प्रकाश संवाददाता

कुरुक्षेत्र। कुरुक्षेत्र पुलिस की सेफ सिटी टीम द्वारा शैक्षणिक स्थानो में महिला विरुद्ध होने वाले अपराधो की जानकारी दी जा रही है। पुलिस अधीक्षक चन्द्र मोहन के मार्ग-निर्देश में जिला पुलिस की सेफ सिटी टीम ने शुक्रवार को महिला सुरक्षा को लेकर लाडवा के कई शैक्षणिक स्थानो में छात्राओं को जागरूकता का पाठ पढाया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि 12 जून 26 को जिला पुलिस की सेफ सिटी टीम ने लाडवा के विभिन्न शैक्षणिक स्थानो में छात्राओं को महिला विरुद्ध होने अपराधों के बारे में जानकरी दी। पुलिस टीम ने लड़कियों को सैल्फ डिफेन्स का प्रशिक्षण भी दिया। सेफ सिटी टीम प्रभारी ने छात्राओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि पुलिस हमेशा आप के साथ है। उन्होंने कहा कि महिलाओं की सुरक्षा के लिए पुलिस विभाग द्वारा दुर्गा-शक्ति एप्प लांच की गई है।

उन्होंने कहा कि दुर्गा शक्ति एप्प का लाल बटन दबाने से आपको पुलिस मदद मिलेगी इसलिए आप खुद को दुर्गा शक्ति एप्प पर रजिस्टर कर लें। महिला विरुद्ध होने वाले अपराधो की सूचना किसी भी थाना के महिला हेल्प डेस्क, महिला थाना, महिला हैल्पलाईन नम्बर 1091 या डायल 112 पर दी जा सकती है। सूचना पर पुलिस तुरन्त कारवाई करेगी।

## सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट की मोटरें जाम, लाइनपार क्षेत्र में जलभराव

अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी



सोनीपत। ककरोई रोड स्थित सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट के एमपीएस (मेन पंपिंग स्टेशन) की पाइपलाइन में गाद भरने से तीनों मोटरें जाम हो गईं।

इसके चलते शहर के लाइनपार क्षेत्र में सीवरेज के पानी की निकासी प्रभावित हो गई और कई स्थानों पर जलभराव की स्थिति बन गई।मोटरों के बंद होने से रवि धर्म कांटे वाली गली, सरदारों वाली गली, इंडियन कॉलोनी, मयूर विहार तथा सेक्टर-23 की मुख्य सड़क पर सीवरेज का पानी जमा हो गया। इससे लोगों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ा। बाद में मोटरों की मरम्मत होने पर पानी की निकासी शुरू हुई और जलभराव धीरे-धीरे कम होने लगा समस्या की जानकारी मिलते ही नगर निगम मेयर राजीव जैन ने एमपीएस का निरीक्षण किया। उन्होंने निगम आयुक्त और संबंधित अधिकारियों को तत्काल समाधान के निर्देश दिए।

ठेकेदार की मदद से पाइपलाइन की सफाई करवाई गई, जिसके बाद दो मोटरें चालू हो गई और निकासी व्यवस्था बहाल हुई।मेयर ने तीसरी मोटर भी जल्द शुरू कराने तथा गोहाना रोड और महलाना रोड की मुख्य सीवर लाइन की डबल प्रेशर मशीन से सफाई कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शहर का सीवरेज सिस्टम पुराना है, जिसे चरणबद्ध तरीके से दुरुस्त किया जा रहा है।

## सीएम विंडो शिकायतों में लापरवाही पर होगी कार्रवाई: नेहा सिंह

अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी



सोनीपत। सीएम विंडो पर प्राप्त होने वाली शिकायतों का समयबद्ध और प्रभावी समाधान सुनिश्चित किया जाए। किसी भी प्रकार की लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

यह निर्देश उपायुक्त नेहा सिंह ने अधिकारियों की बैठक में दिए।दरअसल, शहरी स्थानीय निकाय, खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग के आयुक्त एवं सचिव अशोक कुमार मीणा ने वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से सभी उपायुक्तों के साथ सीएम विंडो शिकायतों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि सीएम विंडो नागरिकों और सरकार के बीच विश्वास का महत्वपूर्ण माध्यम है तथा शिकायतों का त्वरित निस्तारण सरकार की प्राथमिकता है।वीसी के बाद उपायुक्त नेहा सिंह ने जिले के विभिन्न विभागों की लंबित शिकायतों की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि शिकायतों पर की गई कार्रवाई की एटीआर अनिवार्य रूप से पोर्टल पर अपलोड करें। अधूरी एटीआर भेजने वाले अधिकारियों के खिलाफ भी कार्रवाई की चेतावनी दी गई।

उपायुक्त ने पुरानी लंबित शिकायतों पर नाराजगी जताते हुए उन्हें एक सप्ताह के भीतर निपटाने के निर्देश दिए। बैठक में नगर निगम आयुक्त हर्षित कुमार सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।




# उद्योगों की तरक्की में नहीं आने दी जाएगी कोई बाधा, समस्याओं के समाधान को सरकार प्रतिबद्ध : शिक्षा मंत्री

अर्थ प्रकाश/सुभाष जैन



**पानीपत, 12 जून।** हरियाणा के शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा ने शुक्रवार को पानीपत के सेक्टर 25 व 29 स्थित औद्योगिक क्षेत्र में उद्योगपतियों के साथ संवाद कार्यक्रम में भाग लिया। शिक्षा मंत्री महीपाल ढाँडा सैंकड़ो उद्योगपतियों से रूबरू हुए। इस दौरान उन्होंने उद्योगपतियों से सीधे बातचीत कर उनकी समस्याओं, सुझावों और आवश्यकताओं को गंभीरता से सुना तथा सरकार की ओर से हरसंभव सहयोग का भरोसा दिलाया।

बैठक में उद्योगपतियों ने लेबर की कमी, बिजली आपूर्ति, सड़क एवं सफाई व्यवस्था, औद्योगिक क्षेत्र में आधारभूत सुविधाओं के विकास, तकनीकी प्रशिक्षण, कर संबंधी मुद्दों, पेयजल व्यवस्था तथा औद्योगिक विस्तार से जुड़े विभिन्न विषयों को प्रमुखता से उठाया।

उद्योगपतियों ने कहा कि वर्तमान समय में कुशल श्रमिकों की उपलब्धता सबसे बड़ी चुनौती बनती जा रही है। कई इकाइयों में पर्याप्त वेतन देने के बावजूद श्रमिक नहीं मिल पा रहे हैं। इसके अलावा तकनीकी रूप से प्रशिक्षित युवाओं की कमी के कारण उद्योगों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने विद्यालय स्तर से ही तकनीकी एवं व्यावसायिक शिक्षा को बढ़ावा देने का सुझाव भी दिया।

बैठक में सेक्टर-29 के विभिन्न भागों में सड़क, स्ट्रीट लाइट, सफाई, कूड़ा निस्तारण, बाउंड्री वॉल, पेयजल और बिजली व्यवस्था को और बेहतर बनाने की मांग रखी गई। उद्योगपतियों ने बताया कि नए बिजली कनेक्शन लेने तथा अन्य विभागीय औपचारिकताओं में समय लगने से उद्योगों की कार्यप्रणाली प्रभावित होती है।

उद्योग प्रतिनिधियों ने यह भी सुझाव दिया कि औद्योगिक क्षेत्रों में टेक्सटाइल एवं अन्य उद्योगों की आवश्यकताओं के अनुरूप प्रशिक्षण संस्थान स्थापित किए जाएं ताकि स्थानीय युवाओं को रोजगार के अवसर मिल सकें और उद्योगों को प्रशिक्षित मानव संसाधन उपलब्ध हो सके। इसके अलावा औद्योगिक क्षेत्र में स्कूल, कौशल विकास केंद्र तथा उद्योग-अकादमिक समन्वय को बढ़ावा देने की आवश्यकता पर भी बल दिया गया।

इस अवसर पर शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा ने उद्योगपतियों को आश्वस्त करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार उद्योगों को प्रोत्साहित करने तथा निवेश के लिए अनुकूल वातावरण तैयार करने के लिए लगातार कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि उद्योग राज्य की अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं और उद्योगपतियों की समस्याओं का समाधान सरकार की प्राथमिकता है।

मंत्री महिपाल ढांडा ने कहा कि, ÷पानीपत देश और प्रदेश का प्रमुख औद्योगिक केंद्र है। यहां के उद्योगों के विकास से लाखों लोगों को रोजगार मिलता है। उद्योगपतियों द्वारा उठाए गए प्रत्येक मुद्दे को संबंधित विभागों के समक्ष रखा जाएगा और प्राथमिकता के आधार पर समाधान सुनिश्चित किया जाएगा। सरकार उद्योगों के विकास, रोजगार सृजन और बेहतर आधारभूत सुविधाओं के विस्तार के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।÷

उन्होंने कहा कि ÷कौशल विकास और तकनीकी शिक्षा को बढ़ावा देना समय की मांग है। सरकार युवाओं को उद्योगों की जरूरतों के अनुरूप प्रशिक्षित करने की दिशा में भी निरंतर कार्य कर रही है, ताकि उद्योगों को कुशल मानव संसाधन उपलब्ध हो सके और प्रदेश का औद्योगिक विकास नई ऊंचाइयों तक पहुंचे। बैठक के दौरान उद्योगपतियों ने शिक्षा मंत्री का आभार व्यक्त करते हुए उम्मीद जताई कि उनकी समस्याओं के समाधान के लिए शीघ्र प्रभावी कदम उठाए जाएंगे। मंत्री ने अधिकारियों को भी उद्योगों से जुड़े मामलों पर संवेदनशीलता के साथ कार्य करने तथा आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

# सिख गुरुओं के इतिहास को पाठ्यक्रम में शामिल करने का निर्णय ऐतिहासिक कदम : अरोड़ा

अर्थ प्रकाश/शैलेंद्र जैन

**करनाल, 12 जून।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा प्रदेश के स्कूलों में आठवीं कक्षा के पाठ्यक्रम में सिख गुरुओं के इतिहास को शामिल करने की घोषणा का सिख समाज ने हर्ष और उत्साह के साथ स्वागत किया है। हरियाणा गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के पूर्व अध्यक्ष अमरेंद्र सिंह अरोड़ा ने इस निर्णय को ऐतिहासिक बताते हुए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, शिक्षा विभाग तथा प्रदेश सरकार का समस्त सिख समाज की ओर से आभार व्यक्त किया है।अमरेंद्र सिंह अरोड़ा ने कहा कि सिख गुरुओं का इतिहास केवल किसी धर्म विशेष का इतिहास नहीं है, बल्कि यह मानवता, सेवा, त्याग, साहस, समानता और राष्ट्रभक्ति का जीवंत संदेश है। उन्होंने कहा कि आज के समय में जब नई पीढ़ी को अपने गौरवशाली इतिहास और नैतिक मूल्यों से जोडने् की आवश्यकता है, तब मुख्यमंत्री द्वारा लिया गया यह निर्णय अत्यंत दूरदर्शी और स्वागत योग्य है।उन्होंने कहा कि सिख गुरुओं ने मानवता की रक्षा, धार्मिक स्वतंत्रता और सामाजिक समानता के लिए जो बलिदान दिए हैं, वे विश्व इतिहास में अद्वितीय हैं। यदि हमारे बच्चे विद्यालय स्तर पर ही इन महान विभूतियों के जीवन और शिक्षाओं से परिचित होंगे तो उनमें नैतिकता, अनुशासन, सेवा और देशभक्ति की भावना स्वत÷ विकसित होगी। अमरेंद्र सिंह अरोड़ा ने कहा कि प्रथम गुरु श्री गुरु नानक देव जी ने पूरी दुनिया को 'सरबत दा भला' का संदेश दिया। वहीं नौवें गुरु श्री गुरु तेग बहादुर जी ने धर्म और मानव अधिकारों की रक्षा के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान दिया। दशम गुरु श्री गुरु गोबिंद सिंह जी ने खालसा पंथ की स्थापना कर अन्याय और अत्याचार के विरुद्ध संघर्ष का मार्ग दिखाया। चार साहिबजादों का अद्वितीय बलिदान आज भी पूरी मानवता को प्रेरणा देता है।उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार ने पिछले वर्षो में भी सिख धर्म और सिख इतिहास के सम्मान में अनेक महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। सरकार द्वारा गुरु पर्वो, प्रकाश उत्सवों और ऐतिहासिक स्मृति समारोहों को प्रोत्साहन दिया गया है। इसके अतिरिक्त सिख इतिहास से जुड़े धार्मिक स्थलों के विकास तथा श्रद्धालुओं की सुविधाओं के विस्तार के लिए भी सकारात्मक प्रयास किए गए हैं।अमरेंद्र सिंह अरोड़ा ने कहा कि हरियाणा की धरती का सिख इतिहास के साथ गहरा और गौरवपूर्ण संबंध रहा है। प्रदेश के अनेक ऐतिहासिक गुरुद्वारे सिख गुरुओं की पावन स्मृतियों से जुड़े हुए हैं। कुरुक्षेत्र, कैथल, अंबाला, तरावड़ी,करनाल, पानीपत और यमुनानगर सहित अनेक क्षेत्रों में सिख इतिहास की अमूल्य धरोहरें मौजूद हैं। ऐसे में विद्यार्थियों को अपने ही प्रदेश से जुड़े इस गौरवशाली इतिहास की जानकारी मिलना अत्यंत आवश्यक है।उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार ने सभी वर्गो और समुदायों की भावनाओं का सम्मान करते हुए समावेशी विकास की नीति अपनाई है। सिख गुरुओं के इतिहास को पाठ्यक्रम में शामिल करने का निर्णय भी इसी सोच का परिणाम है।

# एनआईआईएलएम विश्वविद्यालय में 15 दिवसीय स्किल स्पिरिट यूनिवर्सिटी वर्कशॉप शुरू

अर्थ प्रकाश/ओम प्रकाश



**कैथल, 12 जून।** एनआईआईएलएम विश्वविद्यालय कैथल ने अपने बहुप्रतीक्षित स्किल स्पिरिट यूनिवर्सिटी वर्कशॉप का उद्घाटन किया। इस 15 दिवसीय स्किल स्पिरिट यूनिवर्सिटी वर्कशॉप में विद्यार्थियों का पंजीकरण पूर्णत÷ नि÷शुल्क रखा गया है, ताकि अधिक से अधिक छात्र-छात्राएं कौशल आधारित शिक्षा का लाभ उठा सकें। साथ ही छात्राओं की सुविधा और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए उनके लिए निशुल्क बस सेवा की व्यवस्था भी की गई है। वर्कशॉप उद्घाटन समारोह का शुभारंभ ज्ञान, विकास और नई शुरुआत का प्रतीक पारंपरिक दीपदान समारोह से हुआ। समारोह में डॉ. एकता चहल, शालिनी अरोरा एचओडी ब्यूटी एंड वेलनेस विभाग, डॉ. राहुल सिंह फैशन विभाग, शेफ रिंकू प्रजापति और शिवम और डॉ. कोमल नृत्य एवं संगीत विभाग सहित कई प्रतिष्ठित संकाय सदस्य उपस्थित थे। अपने संबोधन में डॉ. एकता चहल ने विद्यार्थियों के लिए इस तरह की कार्यशालाओं के महत्व और लाभों पर प्रकाश डाला। उन्होंने प्रतिभागियों को कौशल-आधारित शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढने् के लिए प्रोत्साहित किया और उन्हें विश्वविद्यालय के उन अवसरों से जुडने् के लिए प्रेरित किया जो उनके भविष्य के विकास और करियर में महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं। सभी विभागीय विशेषज्ञों ने अपना परिचय दिया और अपने-अपने कार्यशालाओं के बारे में बहुमूल्य जानकारी साझा की। उद्घाटन के बाद सौंदर्य एवं स्वास्थ्य विभाग के अंतर्गत साड़ी सूत्र का प्रथम सत्र सेमिनार हॉल में आयोजित किया गया। ये कार्यशालाएं 25 जून 2026 तक निर्धारित हैं और विश्वविद्यालय को आने वाले दिनों में और अधिक छात्रों की भागीदारी की उम्मीद है ताकि वे इन अनूठे शिक्षण अवसरों का लाभ उठा सकें।

12वीं की परीक्षा में 85 प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाली मेधावी छात्राओं के लिए नीलम यूनिवर्सिटी, कैथल ने अपनी हर छात्रवृत्ति योजना के लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि को 10 जून से बढ़ाकर अब 15 जून कर दिया है। इस योजना के तहत मुख्य रूप से बेटियों को सशक्त बनाने पर जोर दिया जा रहा है। यूनिवर्सिटी की एडमिशन हैड डॉक्टर सुमन ने इस बारे में जानकारी दी कि कैथल और आसपास के क्षेत्रों की 100 मेधावी छात्राओं को 100 प्रतिशत स्कॉलरशिप प्रदान की जा रही है जिससे वे बिना किसी आर्थिक बाधा के अपनी उच्च शिक्षा पूरी कर सकेंगी। यह स्कॉलरशिप योजना न केवल आर्थिक रूप से कमजोर वर्गो के लिए मददगार है, बल्कि यह क्षेत्र की प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने का एक मंच भी है। डॉ सुमन ने सभी योग्य छात्राओं से आग्रह किया है कि वे इस सीमित अवसर का लाभ उठाएं और 15 जून तक अपना आवेदन अवश्य सुनिश्चित करें।




# पश्चिमी यमुना नहर से व्यक्ति का शव मिलने से इलाके में सनसनी

अर्थ प्रकाश/शैलेंद्र जैन

**करनाल, 12 जून।** करनाल जिले में पश्चिमी यमुना नहर से एक व्यक्ति का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। शव गली-सड़ी हालत में मिला, जिससे यह कई दिन पुराना बताया जा रहा है। नहर में बहते शव को स्थानीय लोगों ने देखा और पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने गोताखोर की मदद से शव को बाहर निकलवाया और पोस्टमार्टम के लिए मोर्युरी हाउस भिजवा दिया। पुलिस अब पूरे मामले की जांच में जुटी है। कैथल पुल के पास मिला शव शुक्रवार को कैथल पुल के पास नहर में बहते शव को देखकर लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। रामनगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और गोताखोर प्रगट सिंह को बुलाया गया। प्रगट सिंह ने रस्सों के सहारे शव को किनारे तक लाकर बाहर निकाला। शव की हालत काफी खराब थी, जिससे उसकी पहचान करना मुश्किल हो रहा है। तलाशी में नहीं मिला कोई सुराग पुलिस ने मौके पर ही शव के कपड़ों की तलाशी ली, लेकिन कोई पहचान पत्र या दस्तावेज नहीं मिला। इसके चलते मृतक की पहचान नहीं हो पाई है। पुलिस ने अब शव की तस्वीर अलग-अलग थानों में भेजकर पहचान कराने की प्रक्रिया शुरू कर दी है।नहर से शव मिलने की सूचना के बाद कुरूक्षेत्र का एक परिवार मौके पर पहुंचा। परिवार ने दावा किया कि शव उनके रिश्तेदार 45 वर्षीय लक्ष्मण का है।










अर्थ प्रकाश न्यूज पेपर्स के लिए मालिक, मुद्रक एवं प्रकाशक महावीर जैन द्वारा 'अर्थ प्रकाश प्रेस' से मुद्रित एवं प्रकाशित **1244, Sector 7, Karnal, Haryana-132001** से जारी। प्रधान संपादक : **महावीर जैन,** प्रबंध संपादकः **अक्षित जैन**
आर.एन.आई. पंजीक्रम : **HRHIN/25/A2947** फोनः 9501992227, 9815033624 E-mail : arthparkash@gmail.com, arthparkashnews@gmail.com मुख्य सलाहकारः हरीश चंद्र जैन, एचसीएस (सेवानिवृत्त)